www.navpradesh.com

//-- सुविचार --//
यदि आपका लक्ष्य सही है, तो असफलतायें आपको रोकने की बजाये आपको आगे बढ़ने का साहस देंगी।

सूर्योदय-सूर्यास्त
उदय : 06:07 प्रात:
अस्त : 05:53 संध्या

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	34.0	19.0
जमशेदपुर	37.0	18.0
हजारीबाग	35.0	19.0
डालटनगंज	37.0	18.0

दैनिक
नवप्रदेश
आदिवासियों के सम्मान, राष्ट्र का गौरव
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖
3 | राजधानी
5 | झारखंड
6 | अभिव्यक्ति
7 | झारखंड

रांची, सोमवार, 06 मार्च 2023, फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी/पूर्णिमा, विक्रम संवत-2079 वर्ष-08 अंक-316 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये
रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित

गंभीर चिंता. पहली बार फरवरी के अंतिम सप्ताह में ही सूख गया दशम फॉल

झारखंड में जल संकट चरम पर पहुंचने का संकेत मिलने लगा है। राजधानी रांची से करीब 35 किमी दूर बुंडू प्रखंड में स्थित राज्य का प्रमुख झरना दशम फॉल सूख गया। जी हां! इस वर्ष फरवरी के आखिरी सप्ताह में ही दशम फॉल सूख गया है। 144 फीट की ऊंचाई से गिरने वाले झरने में अब बूंद-बूंद पानी टपक रहा है। यह पहली बार हुआ है कि फरवरी में ही यह फॉल सूख गया है। ग्रामीणों में इसे लेकर गंभीर चिंता है। ग्रामीण क्षेत्र में बसंत ऋतु के गर्म होने तथा उसके बाद इस तरह के जल संकट से गंभीर स्थिति उत्पन्न होने के संकेत हैं। ग्रामीणों ने कहा-यह प्रकृति की चेतावनी है।



संक्षिप्त

बारूदी सुरंग फटने से जवान घायल

पुंछ। पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास स्थित मनकोट सेक्टर में रविवार को बारूदी सुरंग फटने से सेना का एक जवान घायल हो गया। जवान की पहचान नायक राजीव कुमार के रूप में की गई है। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि आज दोपहर मनकोट सेक्टर में सेना के जवान गश्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गश्त के दौरान नायक राजीव कुमार का पैर बारूदी सुरंग पर पडा, जिससे बारूदी सुरंग में विस्फोट हुआ और जवान घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि घायल जवान को तुरंत चिकित्सा सहायता दी गई और बाद में विशेष उपचार के लिए जम्मू के एक सैन्य अस्पताल में ले जाया गया। जहां पर जवान का उपचार जारी है।

उत्तरकाशी में आधी रात भूकंप के झटके

उत्तरकाशी। शनिवार आधी रात उत्तरकाशी नगर लगातार एक के बाद एक भूकंप के चार झटकों से लोगों में दहशत फैल गई। हालांकि किसी प्रकार की जानमाल की कोई खबर नहीं है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने भूकंप के झटकों की पुष्टि की है। उन्होंने भारतीय मौसम विभाग (नई दिल्ली) के हवाले से बताया है कि भूकंप की तीव्रता 2.5 रही, जिसका केंद्र जिले के भटवाड़ी तहसील में सिरोर गांव का जंगल था। रविवार रात करीब 12 बजकर 40 मिनट पर भूकंप का पहला झटका महसूस हुआ। इसके बाद 5 से 10 मिनट के अंतराल में लगातार भूकंप के चार झटके महसूस किए गए।

आईएमएफ ने पाक को दी सलाह

इस्लामाबाद। आर्थिक बदहाली से जूझ रहे पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने चेतावनी के तौर पर हालात में सुधार करने के लिए कुछ उपाय सुझाए हैं। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने हाल ही में कहा था कि पाकिस्तान को आईएमएफ द्वारा एक देश के रूप में कार्य करने में सक्षम होने के लिए कदम उठाने के लिए कहा गया था। जॉर्जीवा ने कहा, हम चाहते हैं कि पाकिस्तान के गरीब लोग भी सुरक्षित रहें। रिपोर्ट में आईएमएफ प्रमुख ने कहा कि हम दो चीजों पर जोर दे रहे हैं, पहला यह कि कर राजस्व बढ़ाना, क्योंकि जो लोग सार्वजनिक या निजी क्षेत्रों में अच्छा पैसा कमा रहे हैं, उन्हें अर्थव्यवस्था में योगदान करने की जरूरत है।

नेपाल में भूकंप से हिली धरती

काठमांडू। नेपाल में आज (रविवार) सुबह दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। काठमांडू घाटी से सटे काभ्रे जिले और पश्चिमी नेपाल के अछाम में सुबह भूकंप आया। नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप मापन और अनुसंधान केंद्र के अनुसार, काभ्रे में रिक्टर पैमाने पर 4.3 और अछाम में 4.4 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए।

चुनाव आयुक्त और मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर बोले पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत

संविधान की मंशा पूरी हो रही

नई दिल्ली : निर्वाचन आयोग के कामकाज में पारदर्शिता को लेकर उठते रहे सवालों के बीच सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने फैसला सुनाया है कि प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और भारत के प्रधान न्यायाधीश की एक समिति की सलाह पर राष्ट्रपति की ओर से मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की जाएगी। इस मामले में भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत ने एक बातचीत में कहा कि संविधान में अनुच्छेद 324 (दो) के तहत पहले से ही व्यवस्था है कि संसद जब तक इस बारे में कानून नहीं बनाती, तब तक मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति करेंगे। अब चूंकि सात दशकों में कानून नहीं बना तो सुप्रीम कोर्ट ने यह रास्ता निकाला है कि संसद अगर इस संबंध में कानून नहीं बनाती है तो कम से कम उन पर एक दबाव कायम रहेगा। इससे अंतर इतना होगा कि सरकार को अब सोचना पड़ेगा कि उसके लिए कौन सा विकल्प अच्छा है- कानून बना लेना अच्छा है या शीर्ष अदालत ने जो समिति बनायी है, उसी के अनुसार नियुक्ति करनी है। इसके लिए सरकार को समय भी पर्याप्त मिल रहा है, क्योंकि पहली नियुक्ति फरवरी 2024 में करनी है। इस प्रकार फैसले में ऐतिहासिक तो कुछ नहीं है, लेकिन इतना जरूर है कि इससे संविधान की मंशा है पूरी होती दिख रही है।

संविधान में शक्तियों का बंटवारा

रावत ने कहा कि हमारे संविधान में प्रजातंत्र के सुचारू संचालन के लिए न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका के बीच शक्तियों का बंटवारा स्पष्ट तौर पर किया गया है। तीनों की अलग-अलग शक्तियां हैं, फिर भी सब कुछ सुचारू रूप से चलता रहे, यह संभव नहीं होता है। किताबी ज्ञान अलग होता है और प्रायोगिक ज्ञान अलग। जब चीजें प्रायोगिक रूप में होती हैं, तो उसमें एक-दूसरे के क्षेत्राधिकार में अतिक्रमण की उत्कंठा होती है। ऐसी स्थिति हर तरफ बनती है। यह कोई बुराई नहीं है। इसे मैं जीवंत लोकतंत्र का एक बहुत ही अच्छा संकेत मानता हूं। न्यायपालिका और कार्यपालिका जानकार और सशक्त हैं। विधायिका भी न तो अतिक्रमण होने दे रही है और न ही वह किसी को दबा रही है। ऐसी परिस्थिति दिखाती है कि हमारा लोकतंत्र बहुत परिपक्व व सुदृढ़ होता जा रहा है। टकराव नहीं होगा, तो पता कैसे चलेगा कि लोकतंत्र सुदृढ़ है।

चुनाव सुधार सतत प्रक्रिया

रावत ने कहा कि चुनाव सुधार किसी भी लोकतंत्र के लिए एक सतत प्रक्रिया होनी चाहिए, क्योंकि हर चुनाव में राजनीतिक दल, उम्मीदवार और दूसरे हितधारक नयी-नयी चुनौतियां पेश करते रहते हैं। आयोग इन चुनौतियों का सामना करते हुए निष्पक्ष चुनाव कराता है। रही बात चुनावी बॉण्ड की, तो इस पर निर्वाचन आयोग ने शुरुआत में ही विरोध दर्ज कराया था। वर्ष 2017 में ही कहा गया था कि इस योजना से चुनाव अभियान के वित्तपोषण में पारदर्शिता का अभाव हो जाएगा। फर्जी कंपनियां भी इसमें दान कर सकती हैं और विदेशी धन भी आ सकता है। कानून के विपरीत होने के बावजूद आयोग इसका कोई इलाज नहीं कर सकेगा। कुछ चीजें ऐसी होती हैं, चाहे वह खेलकूद हो या चुनाव, जब तक आप पूरी तरह आश्वस्त न हो जाएं कि इसमें गड़बड़ी हो रही है और इसे रोका जाना जरूरी है, तब तक उसे ट्रायल के रूप में देखते जाना चाहिए। चुनावी बॉण्ड को पांच साल हो रहे हैं और इस अवधि में किसी भी राजनीतिक दल से इस प्रकार की कोई शिकायत नहीं प्राप्त हुई है, जिससे चिंता हो। पारदर्शिता का अभाव तो बना हुआ है, लेकिन चिंता की बात दिखी नहीं है। चुनाव अभियान में पारदर्शिता जरूरी है। यह मामला फिलहाल उच्चतम न्यायालय में लंबित है। यह तो सर्वोच्च न्यायालय ही तय करेगा कि इस मुद्दे पर किस तरीके से आगे बढ़ना है।

भारत का लोकतंत्र सशक्त

उन्होंने कहा कि इस तरीके की चीजें चुनाव पर कोई असर नहीं डालती हैं। निर्वाचन आयुक्त कहीं बाहर से नहीं आते हैं। वही लोग होते हैं, जो पहले सरकार के अधीन उसकी नीतियों का क्रियान्वयन करते हैं एवं उनका अनुपालन करवाते हैं। वही लोग जब निर्वाचन आयोग में आ जाते हैं तो सरकार से नियमों का पालन करवाते हैं। इसे आपको इस संदर्भ में देखना होगा कि हमारे साथ आजाद हुए बहुत से देश हैं व आज कहां है और हम कहां हैं। पाकिस्तान कहां है? म्यांमा कहां है? श्रीलंका कहां है? सबकी हालत खराब है। हमारे यहां लोकतंत्र जीवंत एवं सशक्त है। सरकार भी आसानी से बदल जाती है। कोई इसमें गृहयुद्ध या क्रांति जैसी नौबत नहीं आती। चुनाव संपन्न होते ही सारी चीजें शिरोधार्य हो जाती हैं। हमारा लोकतंत्र और चुनावी व्यवस्था दुनिया भर में एक नजीर है। इसलिए सवाल हमेशा उठते रहने चाहिएं। यह स्वस्थ लोकतंत्र का संकेत है। प्रश्न उठने से यह अनुमान नहीं लगाया जाना चाहिए कि निर्वाचन आयोग काम नहीं कर रहा है।

इमरान को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस, नहीं मिले

लाहौर। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। इस्लामाबाद पुलिस आज (रविवार) पंजाब प्रांत की स्थानीय पुलिस के साथ जमां पार्क स्थित उनके आवास पहुंचीं। मगर वो पुलिस के हाथ नहीं लगे। कहा जा रहा है कि पुलिस के आने की भनक मिलते ही इमरान भूमिगत हो गए। 70 वर्षीय इमरान खान को गिरफ्तार करने पहुंची इस्लामाबाद पुलिस का कहना है कि वो तोशाखाना मामले की अदालत में हो रही सुनवाई में लगातार शामिल नहीं हो रहे हैं। पुलिस ने कहा कि 28 फरवरी को इस्लामाबाद सेशन कोर्ट ने इमरान को सरकारी खजाने (तोशखाना) के करोड़ों रुपये के गिफ्ट बेहद सस्ते दामों में बेचने का गुनहगार माना था। इसके बाद उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। मुल्क के प्रमुख अखबार डॉन के मुताबिक इस्लामाबाद पुलिस की टीम इमरान के आवास पर मौजूद है। तोशखाना केस में पाकिस्तान चुनाव आयोग भी इमरान खान को अयोग्य घोषित कर चुका है। पीटीआई नेता फवाद चौधरी, यास्मीन राशिद, असद उमर, मुराद सईद, शाह महमूद कुरैशी के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक इमरान खान के घर के बाहर मौजूद हैं। ये लोग इमरान खान को गिरफ्तार करने पहुंचीं पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। इस्लामाबाद पुलिस ने अपने ट्वीट में कहा कि वह अदालत के आदेश पर इमरान को गिरफ्तार करने आई है। पूरी सुरक्षा के साथ इमरान खान को इस्लामाबाद लाया जाएगा। कोर्ट के आदेश के पालन में बाधा डालने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस्लामाबाद पुलिस ने यह भी कहा कि इमरान खान गिरफ्तारी से बच रहे हैं।

राजीव अरुण एक्का का तबादला

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रधान सचिव के पद पर कार्यरत राजीव अरुण एक्का पर लगे कथित आरोप के बाद उनका तबादला कर दिया गया है। उन्हें पंचायती राज विभाग में प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है। इस संबंध में रविवार रात झारखंड सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। उल्लेखनीय है कि पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रविवार को एक वीडियो क्लिप जारी किया था। इसमें आरोप लगाते हुए उन्होंने दावा किया था कि ये वीडियो क्लिप विशाल चौधरी के रांची के अरगोड़ा चौक के निकट स्थित कार्यालय का है। विशाल चौधरी का नाम उस वक्त सुर्खियों में आया था, जब ईडी की टीम ने उसके ठिकाने पर छापेमारी की थी। इस वीडियो में विशाल चौधरी के दफ्तर में बैठ कर राजीव अरुण एक्का सरकारी फाइलें निपटा रहे हैं। बाबूलाल मरांडी ने वीडियो जारी करते हुए राजीव अरुण एक्का को पद से हटाने की मांग की थी।

हाइकोर्ट में आज व कल भी अवकाश

रांची। झारखंड हाईकोर्ट में होली के अवकाश में बदलाव किया गया है। अब छह और सात मार्च को भी होली का अवकाश रहेगा। पहले आठ से दस मार्च तक अवकाश निर्धारित था। अब छह और सात मार्च को भी अवकाश रहेगा। छह और सात मार्च के अतिरिक्त अवकाश का समायोजन शनिवार को अदालत की कार्यवाही कर पूरी की जाएगी। छह और सात मार्च के अवकाश के बदले 19 अगस्त और 16 सितंबर को अदालत की कार्यवाही होगी। दोनों शनिवार का दिन है और क्रमशः उक्त महीने का तीसरा शनिवार है। इस संबंध में रजिस्ट्रार जनरल ने आदेश जारी किया है।

नक्सलियों ने किया 6 ग्रामीणों को अगवा

कोंडागांव। छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिलान्तर्गत ग्राम पुंगारपाल से नक्सलियों ने छह ग्रामीणों का अपहरण कर लिया। इनमें से एक की हत्या कर दी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने रविवार सुबह शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शनिवार को ग्राम तुमड़ीवाल के एक मोहल्ले में ग्रामीण किसी कार्य के लिए जुटे हुए थे। उसी दौरान शाम लगभग 5:00 से 6:00 बजे के दरम्यान कुछ अज्ञात व्यक्ति पहुंचे और छह ग्रामीणों को अगवा कर ले गये।

एक गांव ऐसा भी. ... बोकारो जिले का एक गांव, जहां लोगों को सताता है होली से अनहोनी का डर

दुर्गापुर गांव में नहीं खेली जाती है होली

नवप्रदेश संवाददाता

बोकारो : झारखंड के बोकारो जिले के कसमार प्रखंड में एक गांव बसा है दुर्गापुर। जब पूरा देश रंगों के त्योहार होली पर रंगों से सराबोर रहता है तो इस गांव के लोग रंगों से दूर रहते हैं। यानि होली नहीं मनाते हैं। परम्परा के नाम पर अंधविश्वास ने इन ग्रामीणों को इस तरह जकड़ रखा है कि होली खेलने पर एक अज्ञात डर इनको सताता रहता है। वही वजह है कि इस गांव के लोग 150 वर्षों से भी अधिक समय से होली नहीं मनाते हैं। दुर्गापुर गांव में करीब 7 हजार की आबादी है। यह गांव दुर्गापुर पहाड़ी के चारों ओर बसा है। यहां के बुजुर्ग बताते हैं कि एकबार रामगढ़ की रानी के लिए उनके सैनिक पश्चिम बंगाल के झालदा से साड़ी लेकर जा रहे थे। तभी इन सैनिकों पर दुर्गापुर के राजा दुर्गा प्रसाद की नजर पड़ी तो उन्होंने सैनिकों से साड़ी ली और देखने लगे। इसी दौरान साड़ी की तह खुल गई। फिर तह समेटी नहीं जा सकी। रामगढ़ के सैनिकों ने अपने राजा को यह बात बतायी तो उन्होंने आक्रोशित होकर दुर्गापुर पर चढ़ाई कर दी। इस युद्ध में दुर्गापुर के राजा मारे गये। उस दिन होली थी। इसी के बाद से इस गांव के लोग होली को शोक दिवस के रूप में मनाने लगे। दुर्गापुर के राजा की बाबा बड़गांव के नाम से पूजा अर्चना करने लगे। गांव के लोगों की मान्यता है कि आज भी राजा बाबा बड़गांव के रूप में दुर्गापुर पहाड़ी पर मौजूद हैं, जो उनकी रक्षा करते हैं।

होली मनायी तो टूटा गांव पर कहर : ग्रामीण

बुजुर्ग ग्रामीण परमेश्वर ने बताया कि वर्षों पहले इस गांव के लोगों ने पुरानी परम्परा को तोड़कर होली मनाई थी तो उस साल बाबा का प्रकोप गांव पर कहर बनकर टूटा। गांव के जानवर अचानक मरने लगे। लोग बीमार होने लगे। तब से लेकर आजतक फिर गांव में किसी ने भी होली नहीं मनाई। जबकि इस गांव के आसपास के गांवों में होली धूमधाम से मनाई जाती है। लेकिन आसपास के गांव वाले भी दुर्गापुर के ग्रामीणों पर रंग नहीं डालते हैं। दुर्गापुर के ग्रामीणों को देखते ही इनकी पिचकारियां थम जाती हैं।

प्रवासी मजदूरों पर हमले को लेकर फर्जी खबरें फैलाने का आरोप

भाजपा नेता समेत चार नामदर्ज

चेन्नई : तमिलनाडु में बिहार के प्रवासी मजदूरों पर हमले के संबंध में भ्रामक और झूठी खबरें फैलाने के आरोप में पुलिस ने भाजपा नेता समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जिन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है उनमें एक भाजपा प्रवक्ता, एक बड़े अखबार के संपादक, सोशल मीडिया पत्रकार और एक अन्य व्यक्ति शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया पर काट-छांट कर बनाए गए वीडियो पोस्ट किए गए थे, जिससे तमिलनाडु में रहने वाले प्रवासी मजदूरों में भय का माहौल पैदा हुआ। बता दें कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी गुरुवार को तमिलनाडु में प्रवासी मजदूरों पर हो रहे कथित हमलों को लेकर चिंता जाहिर की थी और राज्य के डीजीपी और मुख्य सचिव को तमिलनाडु सरकार के अधिकारियों से बात करने के निर्देश दिए थे ताकि राज्य में प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। वहीं तमिलनाडु में प्रवासी मजदूरों पर हमले की खबरों से राज्य में रहने वाले प्रवासी मजदूर डर गए हैं कि बड़ी संख्या में लोग काम पर नहीं जा रहे हैं, जिससे उद्योग भी प्रभावित हुए हैं। तमिलनाडु के डीजीपी शिलेंद्र बाबू ने एक बयान जारी कर कहा है कि सोशल मीडिया पर चल रहीं वीडियो भ्रामक हैं। बिहार में किसी व्यक्ति ने दो वीडियो पोस्ट किए थे, दोनों गलत हैं क्योंकि जिस घटना के ये वीडियो हैं, वो कुछ समय पहले त्रिपुर और कोयंबटूर में घटी थीं। एक मामले में प्रवासी मजदूरों की दो पक्षों में झगड़ा हुआ था और दूसरे मामले में दो स्थानीय गुटों में झगड़ा हुआ था। डीजीपी ने कहा कि दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा। अब पुलिस ने भाजपा नेता समेत चार लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 153(ए), 505(आई)(बी) के तहत मामला दर्ज किया है। तमिलनाडु पुलिस की टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दिल्ली और बिहार के लिए निकल चुकी है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ मामला दर्ज

अब खबर आ रही है कि पुलिस ने तमिलनाडु में भाजपा के अध्यक्ष अन्नामलाई के खिलाफ भी केस दर्ज किया है। अन्नामलाई के खिलाफ दो पक्षों में दुश्मनी कराने के मामले में केस दर्ज किया है। तमिलनाडु के राज्यपाल ने उत्तर भारतीय मजदूरों से अपील की है कि वह राज्य में असुरक्षित महसूस ना करें क्योंकि तमिलनाडु के लोग बहुत अच्छे और मिलनसार हैं।

तमिलनाडु से लौट रहे झारखंड के मजदूर

रांची। तमिलनाडु में बिहार-झारखंड के मजदूरों के साथ हो रही मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद बिहार के साथ-साथ झारखंड के भी मजदूर लगातार अपने राज्य वापस लौट रहे हैं। रविवार की सुबह भी कई मजदूर रांची स्टेशन आए। झारखंड आए मजदूरों ने कहा कि जिस तरह से वीडियो में दिखाया गया है कि हिंदी भाषी मजदूरों के साथ मारपीट की जा रही है। इससे सभी मजदूर डरे हुए हैं और वह अपने घर और राज्य वापस आने को निकल रहे हैं।

हालांकि मजदूरों की सुरक्षा को लेकर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार अपने मजदूरों की सुरक्षा को लेकर गंभीर है। जैसे ही मजदूरों को तंग करने का वीडियो सरकार के सामने आया सरकार ने तुरंत संज्ञान लेते हुए डीआईजी के नेतृत्व में एक टीम तमिलनाडु भेजी है, जो भी मजदूर और झारखंडवासी राज्य के बाहर रहकर जीवन यापन कर रहे हैं, सरकार उनके साथ है।

वापस आए मजदूरों ने कहा कि जिस तरह से वीडियो वायरल हुआ है, ऐसे में मजदूरों का डरना लाजमी है लेकिन तमिलनाडु की सरकार सभी मजदूरों को आश्वस्त कर रही है कि डरने की जरूरत नहीं है। रविवार की सुबह ट्रेन से उतरे मजदूरों ने कहा कि जब तक झारखंड और बिहार की सरकार अपने स्तर से प्रयास नहीं करेगी तब तक मजदूरों का डरना लाजमी है।

मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि कोरोना काल में जिस तरह से राज्य सरकार ने झारखंड के बाहर काम करने वाले मजदूरों को सबसे पहले विमान और बस भेज कर अपने राज्य वापस लाने का काम किया था, उसी प्रकार तमिलनाडु में भी यदि मजदूरों के साथ दुर्व्यवहार हो रहे हैं, उनकी सुरक्षा के लिए हमारी टीम पूरी तरह से तैयार है। अपने मजदूरों की सुरक्षा के लिए सरकार तमिलनाडु सरकार से भी बात करेगी। हालांकि तमिलनाडु की सरकार की तरफ से टोल फ्री नंबर भी जारी किए गए हैं और हिंदी भाषी लोगों से अपील की जा रही है कि किन्ही को डरने की जरूरत नहीं है। यदि किसी भी हिंदी भाषी लोगों को कोई असामाजिक तत्व डराता है तो तुरंत जारी किये गए टॉल फ्री नंबर पर संपर्क करें।

सीआरपीएफ महानिदेशक ने की नक्सल विरोधी अभियानों की समीक्षा

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक सुजॉय लाल थाउसेन ने रविवार को ने सीटीसी और आईटी परिसर का निरीक्षण किया। साथ ही पश्चिमी सिंहभूम के कोल्हान जंगल में अंजेडबेरा एफओबी का दौरा किया।

डीजी ने वहां जवानों का मनोबल बढ़ाया और सीआरपीएफ, झारखंड पुलिस एवं झारखंड जगुआर के अधिकारियों तथा जवानों के सफल संचालन और मुख्य क्षेत्रों में नए एफओबीएस की स्थापना के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने उनसे नक्सल विरोधी अभियानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं को जारी रखने और अभियानों के दौरान अतिरिक्त सतर्क और सावधान रहने का आग्रह किया।

डीजी ने अंजेदबेरा गांव में एक नागरिक कार्रवाई कार्यक्रम में बच्चों और ग्रामीणों को मिठाई और अन्य आवश्यक वस्तुएं भी वितरित कीं। दौरे के दौरान उन्होंने सीआरपीएफ और राज्य पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चाईबासा में डीआईजी कार्यालय में आईईडी के खतरे के खिलाफ एसएफ कर्मियों और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बल की परिचालन तैयारियों और एसएफएस की ओर से उठाए गए उपायों की समीक्षा की। उन्होंने कोल्हान के जंगल में मौजूदा सुरक्षा स्थिति और आगे की रणनीति पर चर्चा की। साथ ही संबंधित अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए। मौके पर सीआरपीएफ के एडीजी मध्य क्षेत्र वितुल कुमार, आईजी ऑपरेशन राजीव सिंह, झारखंड सेक्टर के आईजी अमित कुमार, झारखंड पुलिस के आईजी एवी होमकर, मोहम्मद हसनैन सहित सीआरपीएफ और राज्य पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

धनबाद में स्क्रैप गोडाउन में लगी आग

रांची। गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बोरियो मोड़ स्थित एक स्क्रैप गोडाउन में रविवार को आग लग गई। कुछ ही में आग ने भयावह रूप ले लिया। सूचना मिलते ही गोविंदपुर थाना की पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम दमकल वाहन को लेकर मौके पर पहुंची, जिसके बाद घंटों कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया जा सका। स्थानीय लोगों ने बताया कि आसपास के झाड़ियों में आग लगी थी, जिसे अनदेखा कर दिया गया और यही आग कचरा गोदाम तक पहुंच गई। गोदाम में ऑक्सीजन और एलपीजी सिलेंडर भी रखे हुए थे, जिसके ब्लास्ट होने से आग और भड़क गई। आसमान में धुएं के गुबार भर गए। गोडाउन राजू नाम के व्यक्ति की बताई जा रही है। आग के कारण हुए नुकसान का अबतक आकलन नहीं हो सका है। हालांकि, आग से लाखों के नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

चतरा में जंगली फल खाने से 24 बच्चे बीमार, हालत स्थिर

रांची। सूबे के चतरा जिले में स्थित नक्सल प्रभावित जमरी पंचायत में आने वाले पकरी गांव में जंगली फल खाने से 24 बच्चे बीमार हो गए। सभी बीमार बच्चों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। खबर मिलते ही बच्चों का हालचाल जानने सांसद सुनील कुमार सिंह रविवार को अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने बीमार बच्चों का हालचाल जाना। साथ ही उनके परिजनों से मुलाकात की। इसके साथ ही सिंह ने सिविल सर्जन से बीमार बच्चों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने का निर्देश दिया। मिली जानकारी के अनुसार बीते शनिवार को राजपुर थाना क्षेत्र के स्कूल के निकट बच्चों ने जंगल से बगरेड़ी यानी जेड्रोफा तोड़कर खाए थे, जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी थी।इसकी सूचना मिलते ही कान्हाचट्टी बीडीओ ने ग्रामीणों के सहयोग से सभी बच्चों को इलाज के लिए स्वास्थ्य उपकेंद्र कान्हाचट्टी में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सभी बच्चों को बेहतर इलाज के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया था।

प्रधान सचिव अरुण एक्का को पदमुक्त करें मुख्यमंत्री : मरांडी

भाजपा का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मुलाकात कर सौंपेगा ज्ञापन, सीबीआई जांच की मांग

रांची। भाजपा विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज हेमंत सरकार पर बड़ा हमला बोला। विडियो क्लिप जारी करते हुए मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण एक्का को कटघरे में खड़ा किया। बाबूलाल रविवार को प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

मरांडी ने कहा कि ये झारखंड के मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव जो गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के भी प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का के काले कारनामों एवं महालूट का एक छोटा सा वीडियो क्लिप हमारे संज्ञान में लाया गया है। यह वीडियो देखकर आसानी से समझा जा सकता है कि झारखंड में सरकार कैसे चल रही है और कौन लोग चला रहे हैं?

उन्होंने कहा कि ये पिछले दिनों ईडी के छापे के बाद चर्चा में आये सत्ता के एक मशहूर दलाल विशाल चौधरी के अरगोड़ा चौक के निकट के कार्यालय का वीडियो है। एक्का साहब वहां सरकारी फाइलें जिस तरह निपटा रहे हैं, इसे देखकर किसी भी आदमी को लज्जा आएगी। उन्होंने कहा कि जो महिला बगल में खड़े होकर ये फाइलें साइन करा रही हैं वो झारखंड सरकार की कर्मचारी नहीं, बल्कि दलाल विशाल चौधरी की प्राइवेट कर्मचारी है। बगल में जिसकी आवाज आ रही है वो विशाल चौधरी की आवाज बतायी जा रही है। विशाल किसी को फोन लगाकर पैसे के बारे में पूछ रहा है। उन्होंने कहा कि एक्का और विशाल अकेले नहीं है। ऐसे कई और दलाल, अफसर एवं सत्ताधारी लोग हैं जो मिल बैठकर टेंडर, ट्रांसफर आदि की फाइल पैसे लेकर अपने घरों से निपटा रहे हैं। इसकी विस्तृत जांच होगी तो इस सरकार और उसके अधिकारियों की हैरान करने वाली जानकारियां सामने आएंगी।

मरांडी ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री से मांग करता हूं कि इस गंभीर अपराध के लिए राजीव अरुण एक्का पर तुरंत एफआईआर दर्ज करा कर उन्हें जेल भिजवायें। उन्हें पद से हटायें, भ्रष्टाचार विरोधी कानून में इनपर कार्रवाई करें। एक्का गृह विभाग जैसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील विभाग के भी प्रधान सचिव हैं। इसलिए राज्य की पुलिस इसकी जांच और कार्रवाई कैसे कर सकती है? इसलिए मुख्यमंत्री इस मामले की जांच सीबीआई से कराने का आदेश जारी करें।

मरांडी ने कहा कि भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल इस वीडियो की सीडी के साथ राज्यपाल से मिलकर अनुरोध पत्र सौंप कर मांग करेगा कि इस बेहद महत्वपूर्ण मामले में विस्तृत एवं निष्पक्ष जांच के लिये सीबीआई को सौंपने के लिए राज्य सरकार को भेजें। मामले में पार्टी का प्रतिनिधिमंडल प्रवर्तन विभाग से भी मिलकर वीडियो की कॉपी के साथ ज्ञापन सौंपेगा और इस मामले में वसूली से हुए मनी लॉड्रिंग की भी विस्तृत जांच की मांग करने जा रहा है।

एक नजर

इस बार होली नहीं मनायेंगे : नायक

रांची : खतियान आधारित स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार द्वारा लागू नहीं किए जाने के विरोध में तमाम झारखंडी सूचना अधिकार मंच के तमाम पदाधिकारी एवं सदस्य इस बार होली नहीं मनाएंगे। उपरोक्त बातें झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सह हटिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने मुख्यमंत्री द्वारा खतियान आधारित स्थानीय नीति और नियोजन नीति नहीं लागू करने पर आज अपनी प्रतिक्रिया में कहीं। इन्होंने कहा कि झारखंड के लोगों का खतियान आधारित नियोजन नीति स्थानीय नीति सिर्फ एक मुद्दा ही नहीं जीवन मरण का प्रश्न है और उनकी पहचान का सवाल भी है, क्योंकि झारखंड बना ही था झारखंडी समाज के लिए। नायक ने आगे कहा कि एकीकृत बिहार में स्थानीय व्यक्ति कौन होंगें इसको भी परिभाषित किया गया था, जिसमें यह कहा गया था कि स्थानीय व्यक्ति वही होंगे जिनके पूर्वजों का नाम अंतिम सर्वे या राष्ट्रीय अभिलेखागार में दर्ज होगा उसी को स्थानीय व्यक्ति माना जाएगा उसी फामूर्ला और उसे अधिसूचना को झारखंड की हेमंत सरकार अक्षरसः बिहार शब्द को विलोपित करते हुए झारखंड शब्द को अंगीकृत करते हुए उस अधिसूचना को लागू झारखंड में करे।

डीएसपी पीके मिश्रा से ईडी 6 को करेगी पूछताछ

रांची। ईडी राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम और पंकज मिश्रा को क्लीन चिट देने के मामले में डीएसपी पीके मिश्रा से सोमवार को पूछताछ करेगी। ईडी ने पीके मिश्रा को बीते 28 फरवरी को समन भेजकर छह मार्च को ईडी के रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा था। ईडी के द्वारा समन जारी किए जाने के खिलाफ झारखंड हाई कोर्ट में डीएसपी पीके मिश्रा और आईओ सरफुद्दीन खान की याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने दोनों ही अधिकारियों को ईडी के समक्ष हाजिर होकर अपना बयान दर्ज कराने का निर्देश दिया। साथ ही अदालत ने ईडी को भी नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। इससे पहले ईडी ने डीएसपी को छह दिसंबर, 2022 को पहला समन भेजकर 12 दिसंबर, 2022 को रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने का आदेश दिया था लेकिन डीएसपी ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। इसके बाद ईडी ने दूसरा समन 13 दिसंबर, 2022 को भेजकर डीएसपी पीके मिश्रा को 15 दिसंबर, 2022 को ईडी ऑफिस में पेश होने को कहा था।

गोला में ऑटो पलटने से भाई-बहन की मौत

रांची। गोला- मुरी मार्ग के हारुबेड़ा के समीप रविवार को ट्रक ने एक ऑटो को धक्का मार दिया, जिससे ऑटो पलट कर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। घटना में भाई-बहन की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। जबकि ऑटो में सवार आधा दर्जन से अधिक मजदूर घायल हो गये। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में प्राथमिक इलाज करने के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, रामगढ़ रेफर कर दिया गया। मृतकों की पहचान सीमना लोहार (17) एवं इसकी बहन चांद लोहार (पांच) दोनों के पिता अमृत लोहार के रूप में हुई। जबकि घायलों में देवाशीष लोहार, कालीचरण कर्मकार, एकादशी देवी, दिलीप लोहार, बहादूर कर्मकार, अमृत लोहार, सूरज लोहार, समीर लोहार सहित अन्य शामिल है। सभी नावाडीह सुईसा पश्चिम बंगाल निवासी बताये जाते हैं। घटना की सूचना मिलते ही इनके परिजन गोला स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां दोनों भाई-बहन की मौत होने से परिजनों बुरा हाल था. मृतक के परिजनों ने बताया कि सभी बोरोबिंग स्थित एक व्यक्ति के यहां ईंट बनाने का काम करते थे। सभी मजदूर होली की छुट्टी में घर जा रहे थे। इस बीच एक ट्रक ने ऑटो को धक्का मार दिया, जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पलटने से यह हादसा हुआ।

जमशेदपुर से बिहार जाने वाली कई ट्रेनें फुल

रांची। दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से होली को देखते हुए कुछ ट्रेनों में अतिरिक्त बोगी लगाने और कुछ ट्रेनों के शुरू करने के बावजूद बिहार की ओर जा रही ट्रेनों में भीड़ है। टाटा से पटना, थावे और दानापुर एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें पूरी तरह फुल है. 11 मार्च, तक के लिए ट्रेनें फुल है। वहीं, वेटिंग लिस्ट 150 से 200 तक के पार चली गयी है। हालात यह है कि दक्षिण बिहार एक्सप्रेस में सात मार्च से लेकर 10 मार्च तक 150 वेटिंग है, जबकि टाटा-दानापुर में 175 वेटिंग चल रहा है। टाटा थावे और टाटा कटिहार में 200 वेटिंग तक है। अब तो जनरल टिकट लेकर लोग किसी तरह ट्रेनों पर सवार हो रहे हैं। वैसे दक्षिण पूर्व रेलवे ने अधिकारिक तौर पर जानकारी दी है कि अभी तीन होली स्पेशल ट्रेनें शुरू की गयी है। इसमें से अधिकांश टाटानगर से होकर ही जायेगी। इसके अलावा अतिरिक्त बोगियों को भी लगाया गया है।

सरकार ने दी सुखाड़ प्रभावित किसानों को राहत के लिए 268.14 करोड़ जेसीएफ से लेने की मंजूरी

रांची। राज्य सरकार ने वर्ष 2022 में सुखाड़ प्रभावित 22 जिलों के 226 प्रखंडों में घोषित सुखाड़ को लेकर प्रत्येक परिवार को राहत राशि उपलब्ध कराने के लिए 268.14 करोड़ रुपये झारखंड आकस्मिकता फंड (जेसीएफ) से लेने की मंजूरी दी है। कृषि विभाग के अनुरोध पर गृह,कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। आदेश के अनुसार प्रत्येक परिवार को 3500 रुपये राहत के रूप में राशि मुहैया करायी जायेगी। राज्य के 22 जिलों से 21,17,555 आवेदन मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना से प्राप्त हुए हैं। इसके लिए करीब 280 करोड़ रुपये की राशि की जरूरत है,जिसमें 268 करोड़ की राशि जेसीएफ से लेने की स्वीकृति दी गयी है। वहीं, जिन जिलों में 33 प्रतिशत से अधिक फसल नष्ट हुई है वहां अलग से कृषि इनपुट अनुदान की राशि की मांग की जायेगी। आपदा विभाग ने राज्य आपदा मोचन निधि से यह फंड उपलब्ध करायेगा।

बीएयू : बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के नये डीएसडब्लू डॉ बीके अग्रवाल से खास बातचीत, कहा

30 छात्रावासों के रख-दखाव व छात्र कल्याण कार्यक्रमों में सुधार की जरूरत

नवप्रदेश संवाददाता

रांची : राज्य में उच्च कृषि तकनीकी शिक्षा से जुड़ी एकमात्र संस्थान बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण कार्यक्रमों को मजबूती देने के लिए बीएयू कुलपति ने डॉ बीके अग्रवाल को नया डीएसडब्लू बनाया है. पेश है बीएयू के नये डीएसडब्लू डॉ बीके अग्रवाल से बातचीत के प्रमुख अंश.

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में विगत वर्षो में विद्यार्थियों के मामले में क्या बदलाव आया है?

राजधानी रांची से सटे कांके में वर्ष 1981 में तीन महाविद्यालयों से स्थापित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के अधीन वर्त्तमान में कुल ग्यारह महाविद्यालय कार्यरत है. विगत वर्षो में सात नये महाविद्यालयों के खुलने और पूर्व के तीन महाविद्यालयों में सीटों की संख्या बढ़ने से विद्यार्थियों की संख्या में 5 गुणी से अधिक बढ़ोतरी हुई है. विश्वविद्यालय स्थापना के समय मात्र दस छात्रावास कार्यरत थे. जबकि वर्त्तमान में विवि परिसर में कुल 18 तथा बाहर के 6 महाविद्यालयों में कुल 12 छात्रावास है. आवासीय शिक्षा प्रणाली लागु होने के कारण विवि के सभी 30 छात्रावासों का रख-रखाव एवं छात्र कल्याण के कार्यक्रमों पर नये सिरे से सुधार की जरुरत है.

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण निदेशालय की क्या भूमिका है?

विवि छात्रों के लिए स्टडी टूर, स्पोर्ट्स मीट, यूथ फेस्टिवल, फेलोशिप, छात्रवृत्ति, इंटर्नशिप, थीसिस ग्रांट, प्लेसमेंट एवं वाद झ विवाद, एलोकुशन, खेल-कूद, सांस्कृतिक व मनोरंजक गतिविधियों तथा छात्रों के छात्रावास से सबंधित सभी योजनाओं का समन्वय जैसी गतिविधियों का आयोजन करना है. साथ ही छात्रों के बीच अनुशासन बनाये रखने के अलावा एनसीसी एवं एनएसएस के लिए सुविधाएँ, खेल एवं साक्षरता गतिविधियों का प्रबब्धन करना है.

बीएयू के डीएसडब्लू के रूप में आपकी पहली प्राथमिकता क्या होगी?

माननीय कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय के आईसीएआर रैंकिंग में सुधार के दिशा में अनेको पहल की जा रही हैं. आईसीएआर रैंकिंग मानक में उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन पर काफी अंक है. विवि में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए अकादमिक कैलेंडर के समान विवि स्तर पर स्पोर्ट्स इवेंट्स कैलेंडर बनाया जायेगा. इसमें सभी 11 महाविद्यालयों के छात्रों को पुरे वर्षभर महाविद्यालय, अंतर महाविद्यालय एवं अंतर विश्वविद्यालय खेलकूद गतिविधियाँ शामिल होगी.

हाल में आयोजित एग्रीयूनीस्पोर्ट्स-2023 में 20 सदस्यीय छात्र दल के साथ बतौर टीम प्रबंधक आप शामिल थे, बीएयू में खेलकूद के विकास हेतु आपने क्या जरुरत महसूस की ?

निधि की कमी की वजह से मात्र 20 सदस्यीय छात्र दल ने आईसीएआर के सौजन्य से हिसार में आयोजित एग्रीयूनीस्पोर्ट्स-2023 प्रतियोगिता में भाग लिया. अल्प समय में छात्रों का चयन, अभ्यास एवं खेलकूद की गतिविधियों में कमी के बावजूद छात्रों का प्रदर्शन संतोषजनक रहा. वर्षो बाद इस प्रतियोगिता के लॉन्ग जम्प स्पर्धा में सिल्वर मैडल मिला. 4 ७100 मी. रिले रेस में टीम सेमी फाइनल तक गयी. चोट की वजह से टीम खिताबी दौर से बाहर हो गयी. बास्केट बॉल की टीम क्वार्टर फाइनल में पहुँची. छात्रों में एथेलेटिक्स और बास्केट बॉल में काफी प्रतिभा है. विवि स्तर पर विशेष कोच को रखकर एथेलेटिक्स और बास्केट बॉल खेल को बढ़ावा देने का प्रयास होगा.

कृषि विश्वविद्यालयों में सांस्कृतिक गतिविधियों का विशेष महत्त्व है. इस दिशा में आपका क्या प्रयास होगा?

सभी 11 महाविद्यालयों में अलग-अलग सांस्कृतिक गतिविधियों को आयोजित करने का प्रयास होगा, ताकि छात्रों की कला प्रतिभा निखर कर सामने आये. स्थानीय लोक गीत एवं लोक नृत्य पर विशेष प्राथमिकता होगी. एग्रीफेस्ट, वेटफेस्ट, इंजीनियरिंगफेस्ट, हॉर्टिफेस्ट, डेयरीफेस्ट, फिशफेस्ट आदि का आयोजन करने की कोशिश होगी.

इससे छात्रों को अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन को बल मिलेगा. विवि को पहचान के साथ आईसीएआर रैंकिंग सुधार में मदद मिलेगी.

छात्रों को समय पर फेलोशिप का भुगतान के दिशा में आपका क्या प्रयास होगा?

विभिन्न महाविद्यालयों का रिजल्ट मिलने में देरी से छात्रों को फेलोशिप का भुगतान समय पर नहीं हो पा रहा है. विवि के सभी महाविद्यालयों के छात्रों का रिजल्ट आईसीएआर अकादमिक मैनेजमेंट प्रणाली के तहत अपलोड कर ऑनलाइन कार्य प्रगति पर है. इससे छात्रों का रिजल्ट उचित समय पर ऑनलाइन उपलब्ध होने लगेगी और छात्रों को समय पर फेलोशिप का भुगतान किया जा सकेगा. इससे आईसीएआर कोटा में नामांकित छात्रों को भी सुविधा होगी.

सभी संकायों एवं महाविद्यालयों से समन्वय की दिशा में आपका क्या प्रयास होगा?

सभी संकायों के डीन एवं वार्डन तथा सभी महाविद्यालयों के एसोसिएट डीन एवं वार्डन के सहयोग एवं समन्वय से जरूरतों और समस्या का आकलन किया जायेगा. जिसे निदेशालय स्तर से संकलित कर जरूरतों और समस्या समाधान की दिशा में आगे की दिशा में सकारात्मक प्रयास करने की कोशिश होगी.

रांची में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद अलर्ट रैपिड रिस्पांस टीम एक्शन में, जांच शुरू

नवप्रदेश संवाददाता

रांची : झारखंड की राजधानी रांची में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद प्रशासन सतर्क हो गया है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के निर्मल महतो चौक स्थित सरकारी आवास की मुर्गियों में बर्ड फ्लू पाए जाने की पुष्टि हुई। इसके बाद जिला प्रशासन की ओर से एक्शन प्लान के तहत रैपिड रिस्पांस टीमें गठित की गई है। जेल मोड़ चौक से कचहरी के नजदीक बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद प्रभावित क्षेत्र के 1 किलोमीटर दायरे में अभियान चलाया जा रहा है। ताकि शहर को संक्रमण के खतरे से बचाया सके। इसके अलावा 10 किलोमीटर के दायरे में विशेष नजर रखी जाएगी।

रैपिड रिस्पांस टीम की ओर से सर्वेक्षण

रैपिड रिस्पांस टीम की ओर से प्रभावित क्षेत्र के 1 किलोमीटर के दायरे में सर्वेक्षण किया जा रहा है। इस दौरान लोगों को बर्ड फ्लू के संबंध में माइकिंग के माध्यम से जागरूक भी किया जा रहा है।

7 रैपिड रिस्पांस टीम गा गठन

रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की ओर से 7 रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया है। जो संबंधित क्षेत्र में डिसइन्फेक्शन का भी कार्य कर रही है।

21 दिनों बाद स्थिति सामान्य होने पर चिकन-अंडा की बिक्री

बर्ड फ्लू की घटना से प्रभावित 1 किलोमीटर के दायरे में स्थिति सामान्य होने पर ही चिकन-अंडा की खरीद-बिक्री की अनुमति दी जाएगी। 21 दिनों के बाद स्थिति सामान्य होने पर इसकी अनुमति दी जाएगी। जबकि इस प्रभावित इलाके से बाहर 10 किलोमीटर के क्षेत्र में निगरानी रखते हुए चिकन-अंडा की खरीद बिक्री हो सकेगी।

आदेश का उल्लंघन करने पर कार्रवाई

रांची के एसएसपी की ओर से निर्देश दिया गया है कि प्रतिबंधित क्षेत्र में चिकन-अंडा की खरीद-बिक्री पर रोक के लिए आवश्क कदम उठाए। प्रतिबंधित क्षेत्र में आदेश का उल्लंघन करते पाये जाने पर आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 और सुसंगत कानूनों के अन्तर्गत कार्रवाई की जायेगी।

एक नजर

बिहार भेजे जा रहे 240 बोतल केन बीयर जब्त

रांची। चतरा एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक सह प्रभारी थाना प्रभारी लव कुमार के नेतृत्व में गठित प्रतापपुर थाना पुलिस की स्पेशल टीम ने ड्राई स्टेट बिहार में होली के दौरान आपूर्ति के लिए भेजे जा रहे अवैध विदेशी केन बीयर का बड़ा खेप पकड़ा है। छापेमारी दल ने गॉड फादर कंपनी के 240 केन बीयर जब्त किये हैं। यह अवैध अंग्रेजी शराब का खेप थाना क्षेत्र के चंद्री गोविंदपुर पंचायत के धर्मपुर गांव निवासी विजय साव के घर से बरामद किया गया। पुलिस निरीक्षक सह प्रभारी थाना प्रभारी लव कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि झारखंड-बिहार बार्डर पर स्थित लखन साव के घर में होली को रंगीन बनाने के लिए तथा बिहार में खपा कर मोटी रखम कमाने के उद्देश्य से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब स्टॉक किया गया है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी दल का गठन कर लखन साव के घर में छापेमारी कर प्लास्टिक के तीन बोरो में छुपा कर रखें गए कुल 240 बोतल गॉड फादर कंपनी का अंग्रेजी बीयर का केन बरामद किया गया। हालांकि इस दौरान घर के सभी सदस्य घर से फरार हो गए, जिसके बाद शराब के खेप को जप्त कर पुलिस थाना ले आई। मामले में शराब तस्कर व माफियाओं के विरुद्ध प्रतापपुर थाने में उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी ने माफियाओं को शराब की तस्करी छोड़ कर आजीविका की दूसरी साधन अपनाने की अपील की। उन्होंने अवैध रूप से संचालित देशी शराब भट्ठियों के साथ-साथ अंग्रेजी शराब तस्करों के विरुद्ध लगातार कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

झारखंड को मिले 10 नए आईपीएस अधिकारी

रांची। राज्य को दस नये भारतीय पुलिस अधिकारी सेवा के अधिकारी मिले हैं। इन दस आईपीएस में तीन को होम कैडर मिला है। इनमें नाजिश उमर अंसारी, अमित आनंद और वेदांत शेखर का नाम शामिल है। 2021 में हुई यूपीएससी परीक्षा पास कर बने 200 आईपीएस अफसरों में से दस को झारखंड कैडर अलॉट किया गया है। यूपीएससी में 153 से लेकर 646 रैंक तक लाने वाले अफसरों को झारखंड कैडर मिला है। झारखंड को मिले सभी दस नये आईपीएस अधिकारी वर्ष 2021 बैच के हैं। इनमें बिहार के दिव्यांशु शुक्ला और शिवम प्रकाश, तेलंगाना के सैय्यद मुस्तफा हाशमी, उत्तर प्रदेश के ऋषभ त्रिवेदी और विपिन दुबे, दिल्ली के राघवेंद्र शर्मा और झारखंड के नाजिश उमर अंसारी, अमित आनंद और वेदांत शेखर शामिल हैं।

हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस का समय बदला

रांची। दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल पर विकास कार्यों के लिए ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इसके मद्देनजर रांची रेल मंडल से चलने वाली ट्रेन संख्या 18036 हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस के प्रस्थान समय में बदलाव किया गया है। यात्रा प्रारंभ 11 मार्च एवं यात्रा प्रारंभ एक अप्रैल को अपने निर्धारित समय 9.20 बजे के स्थान पर 2 घंटे 15 मिनट विलंब से अर्थात 11.35 बजे हटिया से खुलेगी। यात्रा प्रारंभ 14 मार्च, यात्रा प्रारंभ 17 मार्च, यात्रा प्रारंभ 20 मार्च, यात्रा प्रारंभ 23 मार्च, यात्रा प्रारंभ 26 मार्च, यात्रा प्रारंभ 29 मार्च और यात्रा प्रारंभ सात अप्रैल, 2023 को अपने निर्धारित समय 9.20 बजे के स्थान पर 2 घंटे 40 मिनट विलंब से अर्थात 12 बजे हटिया से खुलेगी।

तीन राज्यों में चुनाव कराने गए जवानों को मिलेगी पांच दिनों की छुट्टी

रांची। त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड चुनाव ड्यूटी में गये जैप, आईआरबी और एसआईआरबी के जवानों को पांच दिनों की छुट्टी मिलेगी। जैप एडीजी ने इसको लेकर आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि झारखंड पुलिस मेन्स एसोसिएशन के अनुरोध पर त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय विधानसभा चुनाव-2023 में ड्यूटी करने गये जैप, आईआरबी और एसआईआरबी के पुलिस कर्मियों को पांच दिनों का अनुमति अवकाश स्वीकृत किया जाता है। संबंधित समादेष्टा इन पुलिसकर्मियों को रोस्टर के अनुसार बारी-बारी से अवकाश में प्रस्थान कराना सुनिश्चित करेंगे। उल्लेखनीय है कि इन तीनों राज्यों में चुनाव कराने के लिए जैप, आईआरबी और एसआईआरबी की दस बटालियन गयी थी।

होली के रंग में रंगने लगा बाजार, सजने लगी दुकानें

रांची। राजधानी रांची के बाजार होली के रंगों में रंगने लगे हैं। लोगों ने होली की तैयारियां शुरू कर दी है। दुकानें सज-धज कर तैयार है, जहां अनेकों तरह के मुखोटा और तरह-तरह के गुलाल दिख रहे हैं। बच्चों को लुभाने के लिए होली के बाजारों में स्पाइडर मैन करेक्टर वाले गन, मोनो फिश वाटर टैंक, पब्जी गन, कैप्टेन अमेरिका और मेजिकल गन दिख रहे हैं। इसके अलावे छोटे और बड़े पिचकारी भी बाजार में उपलब्ध हैं। बाजार में मौजूद इन पिचकारी की कीमत 40 से 1600 रुपयों के बीच है। बाजार में थंडर मटका गुलाल भी मौजूद है, जिसकी कीमत 1300 रूपए से शुरू होता है। इस मटके को दबाने पर कलरफूल गुलाल निकलते हैं। मेजिक गन गुलाल की कीमत 300 रूपए है। इसके साथ ही कलर स्मोक हैंड पायरो गन की कीमत 1100 रूपए से शुरू है। लोगों की डिमांड पर डरवाने मास्क और मलिंगा बाल भी बाजार में उतारे गए हैं। जबकि होली है और बुरा ना मानो होली है लिखे हुए टी-शर्ट 100 रुपये में मिल रहे हैं।

बाजार में इस साल नेचुरल और हर्बल गुलाल का क्रेज भी काफी ज्यादा है। होली के आते ही लोग अपने स्किन को लेकर काफी सतर्क हो जाते है। इस वजह से भी हर्बल गुलाल की डिमांड काफी बढ़ी है। रंग-बिरंगे गुलाल की बात करें तो ये सिंगल पैकेट के साथ-साथ पांच पिस के सेट में बिक रहे हैं। मार्केट में हरा, गुलाबी-पीला, लाल, नीला, पर्पल जैसे अनेकों रंग मिल रहे हैं और इनकी कीमत 100 से 500 के बीच है।

रांची में होली के सभी सामान दिल्ली, मुंबई और कोलकाता से मंगाए जा रहे हैं। पिछले वर्ष की तुलना में से इस वर्ष होली की वैराइटीज की कीमत में तकरीबन 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रांची के अपर बाजार के दुकानदारों का कहना कोरोना के बाद इस बार लोग बिना डरे काफी उत्साह-उमंग के साथ होली का त्योहार ।

सेरसा रेलवे ने बीएयू को हराया

रांची : रांची जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में उषा मार्टिन मैदान में चल रही गौरव सिंह मेमोरियल सुपर डिविजन क्रिकेट लीग के तहत आज सेरसा रेलवे ने बीएयू को 134 रनों से हराया रेलवे की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में आठ विकेट पर 255 रनों का स्कोर खड़ा किया जिसमें हिमांशु कुमार ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 113 रनों की पारी खेली विशाल कुमार ने 43 और राजा ने 35 रनों का योगदान किया ऋतिक को 41 रन के एवज में 5 विकेट प्राप्त हुए जवाब में बीएयू की टीम ने 26.2 ओवर में 21 रन बनाकर आउट हो गए जिसमें अंकित ने 43 जोगेश ने 22 और रितिक ने 25 रनों का योगदान किया शुभम दुबे, हर्ष और आकाशदीप को दो-दो विकेट मिले जबकि ऋषभ को 3 विकेट प्राप्त हुए।

सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी ना करें शेयर, रांची पुलिस ने जारी किया वाट्सएप नंबर

रांची। होली और शब ए बारात को लेकर रांची पुलिस अलर्ट पर है। आने वाली तारीखों में शब ए बारात और होली दोनों के ही लगभग साथ साथ पड़ने से हिंदू और मुस्लिम समाज के लोगों से रांची पुलिस ने आपसी भाईचारा के साथ मनाने की अपील की है। ऐसे में पुलिस ने आम लोगों से होली और शब-ए-बारात को आपसी भाईचारा के साथ मनाने की अपील की है। पुलिस ने सामाजिक और सांप्रदायिक सौहार्द के साथ शांति व्यवस्था बनाये रखने को कहा है। किसी भी समाज को ठेस पहुंचाने और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले गाने ना बजाये जायें। साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के भ्रामक सूचना, फोटो, वीडियो और धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी शेयर करने से बचें ।

ऐसे में पुलिस ने कहा कि आम लोगों से होली और शब-ए-बारात को आपसी भाईचारा के साथ मनाने की अपेक्षा है। साथ ही रांची पुलिस ने सामाजिक और सांप्रदायिक सौहार्द के साथ शांति व्यवस्था बनाये रखने को कहा है। किसी भी समाज को ठेस पहुंचाने और सामाजिक सौहार्द बिगड़ाने वाले गाने ना बजाये जायें।

साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के भ्रामक सूचना, फोटो, वीडियो और धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी शेयर करने से बचें। अपने जारी किए गए निर्देश में रांची पुलिस ने कहा है कि इस होली और शब ए बारात त्योहार को आपसी भाईचारी के साथ मनाएं। सामाजिक एवं साम्प्रदायिक सौहाद्र के साथ शांति व्यवस्था बनाएं रखें। असमाजिक रूप से किसी भी प्रकार से किसी समुदाय को ठेस पहुंचाने वाले गाने का प्रयोग न करे जिससे सौहाद्र बिगड़े। किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना फोटो विडीयो या धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी से प्रदेशवासी परहेज करें। साथ ही संदेश दिया कि किसी भी अप्रिय घटना की सूचना कंट्रोल रूम के व्हाट्सएप नंबर 6299423768 पर दें। रांची पुलिस ने होली और शब ए बारात को लेकर व्हाट्सएप नंबर जारी किया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अप्रिय घटना या सामाजिक गतिविधि से संबंधित सूचना कंट्रोल रूम के व्हाट्सएप नंबर 6299423768 पर दें। इसके अलावा 100 डायल कर पुलिस से संपर्क करें। रांची पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए राज्य पुलिस की सहयोग करने की अपील की है।

होली और शब-ए-बारात को लेकर रांची पुलिस सतर्क, लगातार हो रही शांति समिति की बैठक

रांची। रांची पुलिस होली और शब ए बरात को लेकर अलर्ट है। होली पर्व पर रांची में शांति और विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए लगातार शांति समिति की बैठक थाने स्तर पर हो रही है। होली में नशा कर वाहन चलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। खासकर सड़कों पर हुड़दंग मचाने वालों पर विशेष नजर रखने का आदेश एसएसपी किशोर कौशल ने सभी डीएसपी और थाना प्रभारियों को दिया है। साथ ही अपने-अपने क्षेत्रों में थाना प्रभारियों को अलर्ट रहने को कहा गया है। किसी भी तरह के घटना होने पर कंट्रोल रूम और वरीय अधिकारियों को सूचना देने को कहा गया है। एसएसपी ने जहां लोगो से होली भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है। साथ ही नशा कर हुडदंग मचाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी है। होली पर्व को देखते हुये रांची में शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। शहरी और ग्रामीण सभी क्षेत्रों में शनिवार देर रात तक ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई। यह अभियान लगातार चलाया जाएगा और शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालक के खिलाफ न्यायालय में संशोधित मोटर यान अधिनियम 2019 की धारा 185 के तहत अभियोजन की कारवाई की जायेगी।

मौसम पूर्वानुमान. झारखंड में होली का रंग फीका कर सकती है बारिश

रांची। होली के रंग में इस बार बारिश खलल डाल सकती है। झारखंड में आठ मार्च को होली का त्योहार मनाया जायेगा। इसके पहले राज्य के एक दर्जन जिलों में बारिश होने का अनुमान है। रांची मौसम विभाग ने आठ-नौ मार्च को बारिश होने की संभावना जतायी है।

सात और आठ मार्च को रांची, पलामू, गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा और गुमला सहित 12 जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है। साथ ही राजधानी रांची में सहित झारखंड के दक्षिणी, पश्चिमी और उससे सटे मध्य भागों में छह, सात और आठ मार्च को आसमान में आंशिक बादल छाये रहेंगे। रांची के न्यूनतम तापमान में बदलाव हो सकता है। रांची का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सलियस है। आने वाले दिनों में तापमान बढ़कर 34 डिग्री सेल्सियस तक जाने की संभावना है

रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के पास स्थित मौसम केंद्र ने मौसम का जो पूवार्नुमान जारी किया है, उसमें बताया है कि आठ मार्च को झारखंड के पूर्वी, दक्षिण-पश्चिमी तथा उससे सटे मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के दर्जे की वर्षा हो सकती है। इससे पहले छह मार्च को झारखंड के दक्षिणी, पश्चिमी और उससे सटे मध्य भागों में कहीं-कहीं आंशिक बादल छाये रहेंगे।

उत्तरी-पूर्वी भागों में आसमान साफ रहेगा। साथ ही इस हिस्से में यानी देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज जिले में छह मार्च तक मौसम शुष्क रहेगा। राजधानी रांची के अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा लेकिन न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि हो सकती है। रांची का अधिकतम तापमान छह मार्च को 32 डिग्री सेंटीग्रेड, सात मार्च को 30 डिग्री और आठ मार्च को 31 डिग्री सेंटीग्रेड रहने का अनुमान है। पिछले 24 घंटे में राज्य का अधिकतम तापमान 36 डिग्री के पार पहुंच गया है। जमशेदपुर का पारा 36.6 और डालटेनगंज का 36.4 डिग्री तक पहुंच गया जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान सिमडेगा का रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 12.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रांची, जमशेदपुर, डालटेनगंज, बोकारो और चाईबासा का अधिकतम और न्यूनतम तापमान दोनों सामान्य से अधिक हो गया है।

होली में रांची स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने के लिए मारामारी

रांची। होली में दूसरे राज्यों से आने-जाने वाले लोगों की परेशानी बढ़ गयी है। होली आठ मार्च को लोगों को ट्रेनों में कंफर्म टिकट नहीं मिल रही है। होली से पूर्व कई ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट हो गयी है। ऐसे में यात्री अन्य विकल्प की भी तलाश कर रहे हैं। ट्रेनों में अभी से भारी भीड़ उमड़ने लगी है। मारामारी जैसी नौबत आ गयी है। जिन ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट है, उसमें ट्रेन संख्या 15027 (हटिया-गोरखपुर मौर्या एक्सप्रेस) ट्रेन में छह मार्च को स्लीपर में वेटिंग 170, थर्ड एसी में 32 वेटिंग और सेकेंड एसी में वेटिंग 28 है। ट्रेन संख्या 18624 (हटिया-इस्लामपुर) में छह मार्च को स्लीपर में वेटिंग 151, थर्ड एसी में वेटिंग 40, सेकेंड एसी में वेटिंग 30 है। सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस ट्रेन में छह मार्च को स्लीपर में 250 वेटिंग, थर्ड एसी में 150 वेटिंग। एल्लेपी-धनबाद एक्सप्रेस में छह मार्च का टिकट नहीं मिल रहा है। छह मार्च को 150 वेटिंग है। पुणे-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन में पांच मार्च को 200 वेटिंग है।

जालसाजों का कारनामा. नगर निगम से बनवा लिया फर्जी सर्टिफिकेट

मरने के 50 साल बाद बना ट्रेड लाइसेंस!

रांची। अपर बाजार निवासी व्यवसायी हरिबक्स पोद्दार का निधन 10 मई, 1973 को हुआ था। उनकी मृत्यु के 50 साल बाद जालसाजों ने उनके नाम से फर्जी स्टाम्प पेपर निकाल लिया। मृतक के नकली हस्ताक्षर करके फर्जी एग्रीमेंट बनाया गया। इसके आधार पर रांची नगर निगम से फर्जी ट्रेड लाइसेंस बनाया गया है। इसकी जानकारी मिलने पर हरिबक्स पोद्दार के कानूनी उत्तराधिकारी राजेश कसेरा ने रांची नगर निगम और पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

कसेरा रांची प्रेस क्लब में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में रांची नगर निगम के आयुक्त को शिकायत भेजी गई है। इसके अनुसार हरिबक्स पोद्दार के निधन के 50 साल बाद 09 जनवरी, 2023 को उनके नाम से फर्जी स्टांप पेपर निकाला गया। झारखंड सरकार के वेबसाइट से भी इसकी पुष्टि हो चुकी है। ऐसे फर्जी दस्तावेज के आधार पर रांची नगर निगम को गुमराह करके होजियरी कलेक्शन के नाम से फर्जी ट्रेड लाइसेंस लेने की बात सामने आयी है। यह फर्जी लीज एग्रीमेंट अपर बाजार रोड स्थित राजेश कसेरा की पैतृक संपति होल्डिंग संख्या 779, वर्तमान वार्ड संख्या 23 पर निर्मित तीनमंजिला भवन में निर्मित लगभग 100 वर्गफीट दुकान के लिए फर्जी तौर पर बनाया गया है।

यह फर्जी एग्रीमेंट नौ जनवरी 2023 से आठ जनवरी 2025 तक दो साल की अवधि के लिए बनाया गया है। ऐसे फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जीएसटी नंबर भी लिया गया है। उन्होंने ट्रेड लाइसेंस को तत्काल निरस्त करके संबंधित जालसाजों के खिलाफ जिला प्रशासन और निगम प्रशासन से कार्रवाई का अनुरोध किया है।

प्रदेश कांग्रेस सभी प्रखंडों में देगी धरना

रांची। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पार्टी के नेता सोमवार को सभी प्रखंडों में अदाणी प्रकरण को लेकर धरना देंगे। धरना प्रखंडों में स्थित एलआईसी और एसबीआई कार्यालय के बाहर दिया जाएगा। राजेश ठाकुर रविवार को प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस की ओर से 13 मार्च को राजभवन घेराव भी किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रखंडों में धरना देकर हम पंचायत तक के लोगों को बताएंगे कि किस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अडानी ग्रुप से मित्रता एसबीआई और एलआईसी में जमा राशि को बर्बाद कर रही है। इसका खमियाजा देश की गरीब जनता भुगत रही है।

उल्लेखनीय है कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद अदाणी ग्रुप के शेयरों में गिरावट आयी। इससे एसबीआई और एलआईसी के प्रभावित होने की बात कहकर कांग्रेस ने बीते दिनों सभी जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन किया था। राजेश ठाकुर ने रामगढ़ उपचुनाव में पार्टी को मिली हार मामले में कहा कि पार्टी इसकी समीक्षा करेगी। जब उनसे पूछा गया कि उपचुनाव के नतीजे के बाद उनके इस्तीफे की मांग उठी है, तो उन्होंने कहा कि ऐसी बातों को गंभीरता से नहीं लेनी चाहिए। कैश कांड में कांग्रेस के तीन निलंबित विधायकों (डॉ इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप) के ऊपर हुए जीरो एफआईआर के हाईकोर्ट के निरस्त किए जाने के पूछे सवाल पर कहा कि तीनों विधायकों ने उन्हें फोन कर जानकारी दी है। तीनों को दोबारा पार्टी में शामिल किए जाने के मुद्दे पर कहा कि इसपर शीर्ष नेतृत्व विचार करेगा। इस दौरान प्रदेश महासचिव विनय सिन्हा दीपू, अमुल्य नीरज खलखो, प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, डॉ. एम. तौसीफ, रांची महानगर अध्यक्ष डॉ. कुमार राजा उपस्थित थे।

खेलों से चरित्र निर्माण में भी मदद मिलती है- मनोज गुरुमुखी
खेल एकाग्रता, अनुशासन एव समयबद्धता का दर्पण- सुशील नामदेव

के बिरेंद्र नवप्रदेश/ हैदराबाद, विशेष संवाददाता,नव प्रदेश। खेल का जीवन में बड़ा महत्व है। खेलों से जहां व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक विकास होता है,वहीं खेल में कई ऐसे महत्वपूर्ण पारस्परिक मूल्य और विशेषताएं है जो आपके जीवन और सेवाकाल में अनुशासन तथा चरित्र निर्माण में सहायक सिद्ध होगी।इसलिए हार-जीत की चिंता किए बगैर इरिसेट के सभी छात्रों को विभिन्न खेलों में हिस्सा लेनी चाहिए। उक्त बातें भारतीय रेल सिगनल इंजीनियरी और दूरसंचार संस्थान के स्पोर्ट्स ग्राउंड पर विभिन्न खेलों में अव्वल छात्रों को पुरस्कार देते वक्त इरिसेट के डीन मनोज गुरुमुखी ने कही। वहीं इरिसेट के वरिष्ठ आचार्य दूरसंचार सुशील नामदेव ने कहा कि खेल हमारे जीवन के लिए बहुत ही लाभदायक है। खेल हमें स म य ब द्ध ता, एकाग्रता,अनुशासन, धैर्य, लगन एव? समूह में कार्य करने तथा समर्पण की भावना को जागृत करती है। साथ ही

अपनी गलतियों में सुधार लाने की प्रवृति को भी बल मिलती है। जिससे आत्मविश्वास का स्तर और ऊंचा हो जाता है। खेलों के नियमित अभ्यास से जहां हमें शैक्षणिक पाठ्यक्रम में दिलचस्पी बढ़ती है,वहीं जीवन में सक्रिय और स्वस्थ रहकर भारतीय रेल में अपनी सर्वश्रेष्ठ सेवाएं दे सकते है। जिससे मन व तन दोनों प्रफुल्लित होंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्य संकेत रमेश बाबू, प्रोफेसर टेलिकॉम फनी शेखर,विवेक चक्रवर्ती, सहायक प्रोफेसर संकेत के उमर महेश्वर राव, सहायक प्रोफेसर दूरसंचार जनार्दन रेड्डी, आईटीपीई बैच परफेक्ट मनोज कुमार प्रभात, वीरेंद्र प्रसाद, तेजस्वी इनकोलू, शीवा कुमार एम, हैदर खान, अशोक कुमार,पप्पू कुमार, कुमार रंजन, शैलेन्द्र कुमार सागर, आलोक कुमार करकटे,अमन कुमार, प्रबोध श्रीवास्तव, राम अचल, राजीव रंजन कुमार, संदीप राय, धर्मेंद्र कुमार, विजय कुमार, गौतम कुमार, सुबोध कुमार, सुशांत राऊत सहित बड़ी संख्या में इरिसेट के छात्र उपस्थित थे।

आदर्श फाउंडेशन द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित



नवप्रदेश, डोमचांच। आदर्श फाउंडेशन द्वारा प्रखंड के ढाब पंचायत स्थित बिरहोर कालोनी, नावाडीह में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, होली मिलन समारोह में आदिम जनजाति बिरहोर परिवार के दर्जनों सदस्य उपस्थित हुए, अबीर एवं गुलाल लगाते हुए होली के पर्व का एक दूसरे को शुभकामना भी दिया। ढाब पंचायत के मुखिया बैजू तुरी ने कहा की समय के साथ आप लोगों को चलने की जरूरत है। आदिम जनजाति बिरहोर के कल्याण हेतु आदर्श फाउंडेशन बेहतर कार्य कर रही है। समारोह में मुख्य रुप से प्रकाश बिरहोर,सुखाड़ी बिरहोर, मंगल बिरहोर, खागो बिरहोर, फुलिया बिरहोरनी, मंजू बिरहोरनी, गीता बिरहोरनी, ढाब पंचायत के मुखिया बैजू तुरी, सुनील यादव, उमाशंकर कुमार, राहुल कुमार, आदर्श फाउंडेशन के सचिव सुरेंद्र कुमार त्रिपाठी सहित दर्जनों मातृशक्तियां मौजूद थी।

मंत्री ने लोगो की समस्या का ऑन द स्पॉट कीया निपटारा

नवप्रदेश प्रतिनिधि/राजस्व एव भूमि सुधार मंत्री आलोक कुमार मेहता ने गत शनिवार की देर शाम एनएच 28 ढेपुरा स्थित गंडक प्रोजेक्ट के रेस्ट हाउस में क्षेत्र के जनता की समस्याओं का ऑन द स्पॉट निपटारा किया। मंत्री ने इस दौरान जमीन सम्बन्धी विवाद के साथ दलसिंहसराय थाना से जुड़े मामले से मिले आवेदन को देखते हुए उपस्थित अंचलाधिकारी राजीव कुमार और थानाध्यक्ष सुनील कुमार के समाने मामले का निपटा किया। इस दौरान उन्होंने दोनो पक्षों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए । वही रविवार को मंत्री श्री मेहता ने बिहार राज्य शैक्षणिक आधार भूत संरचना विकास निगम लिमिटेड के तहत प्रखंड के डीह बसढ़िया में जी प्लस टू योजना अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षा से समाज को आर्थिक, मानसिक और राजनीतिक तौर पर विकसित कर सकते है। वही राजद मीडिया प्रभारी राज दीपक ने बताया कि 2 करोड़ अस्सी हजार छह सौ सताइस रुपये की लागत से उक्त विद्यालय के भवन का निर्माण कराया जाएगा। जिसकी कार्यावधि 15 महीने की होगी। मौके पर मुखिया हेमंत सहनी, प्रखंड अध्यक्ष मो० जाबिर हुसैन, मीडिया प्रभारी राज दीपक, शम्भुनाथ राय, प्रमोद राय, रमेश सिंह,बिहारी राय, कपिल देव राय, बैजु राम शिव नारयान सिंह, रामविनोद पासवान, पंकज कुमार, मुकेश कुमार, गुड्डु कुमार, राध रवि रंजन कुमार, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय डीह बसदिया के प्रधानाध्यापक नवीन चन्द्र सहित अन्य सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

होली व शब-ए-बारात में गड़बड़ी फैलाने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी-थानाध्यक्ष

नवप्रदेश प्रतिनिधि/ नासरीगंज (रोहतास): स्थानीय थाना परिसर में होली व शब-ए-बरात को ले शांति समिति की बैठक पुलिस इंस्पेक्टर सुबोध कुमार की अध्यक्षता व थानाध्यक्ष सुभाष कुमार और सीओ अमित कुमार की उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस अवसर पर इंस्पेक्टर ने कहा कि सभी लोग शांतिपूर्ण रूप से होली और शब-ए-बरात का पर्व मनाएं। सीओ ने कहा कि होली हमें भाईचारगी एवं एकता का संदेश देता है। सभी लोग मिलजुलकर होली और शब-ए-बरात का आयोजन करें। थानाध्यक्ष ने कहा कि होली व शब-ए-बरात को ले सभी मुख्य स्थानों पर पुलिस की चौकसी रहेगी। गड़बड़ी फैलाने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख योगेश कुमार, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि श्यामुल हक, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि लुकेश्वर कुमार, जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष डॉ०अमरेंद्र कुमार, भाजपा नगर अध्यक्ष लाल बाबू साह, भाजपा नेता चंद्रकांत कुमार मुन्ना, मदन केसरी, वार्ड पार्षद सन्तोष कुमार, शमशाद अहमद परसवी, मुखिया कृष्ण कुमार, जदयू नेता रिजवान फिरदौस, पूर्व नगर उप मुख्य पार्षद सेराजुल हक, मुखिया प्रतिनिधि शाहिद हुसैन, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष जौहर अली बख्शी, रवि कुमार गांधी, अजय चौधरी, रामजी चौधरी, प्रियंकर उपाध्याय, पिंटू सिंह समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

टीम डेहरीयंश के द्वारा डेहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन पर धरना प्रदर्शन



नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी/ टीम डेहरीयंस के द्वारा रविवार को एक विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन डेहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन पर किया गया' धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि डेहरी- बंजारी रेल लाइन का निर्माण जल्द से जल्द हों ,डालमियानगर में कपलिंग प्लांट और एक्सेल वैगन मररमत का कारखाना खुलवाना और डेहरी ऑन सोन स्टेशन पर आरा-राँची एक्सप्रेस, पुणे-जसीडीह एक्सप्रेस, हावड़ा- गांधीधाम एक्सप्रेस, हावड़ा-बाड़मेर एक्सप्रेस, हावड़ा-गाजीपुर एक्सप्रेस, दुर्गिआना एक्सप्रेस, शालीमार गोरखपुर, आगरा कोलकाता एक्सप्रेस, कोलकाता बीकानेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस का ठहराव नितांत आवश्यक है, गया-डीडीयू के बीच सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला स्टेशन डेहरी ऑन सोन की उपेक्षा कबतक होती रहेगी' जिससे केंद्र सरकार को कम से कम 10 करोड़ का राजस्व प्राप्त होगा तथा यात्रियों को सुविधाएं भी मिलेगी' केंद्र सरकार संज्ञान मे लेकर लेकर हमारी मांगे पूरी करें नहीं तो आंदोलन विशाल रूप लेगा 'टीम के द्वारा अपनी मांगों का ज्ञापन स्टेशन प्रबंधक को दिया गया। जिसमे टीम डेहरीयंस के संस्थापक सह अध्यक्ष चन्दन कुमार , आर के सिंह, अमित कुमार, संतोष सिंह,गौतम कुमार कुंडू, विनय कुमार सोनी, सुमित कुमार,ओम प्रकाश यादव, लाल बहादुर सिंह, अनीश कुमार, संजय यादव, कमलेश पासवान, प्रवीण कुमार शर्मा, विनय कुमार गुप्ता, जीतेन्द्र विश्वकर्मा,हरीनाथ तिवारी, विकास कुमार, सोनू कुमार, रंजीत कुमार, सुनील कुमार, अलोक सिंह, ब्रजेश तिवारी, मुरलीधर सिंह, प्रमोद सिंह, रंजीत कुमार पाण्डेय, प्रकाश यादव एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

डालमियानगर कारखाना जल्द खोले: चन्दंन कुमार



नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी/टीम डेहरीयंस के संस्थापक सह अध्यक्ष चन्दंन कुमार ने बताया कि डालमियानगर कारखाना का प्रोजेक्ट 304 करोड़ का था और 2022 मे खुल जाना था लेकिन अभी तक एक इट भी नहीं लगा' मोदी सरकार संज्ञान मे लेकर डालमियानगर कारखाना जल्द से जल्द खोले' 1अप्रैल 2022-31 दिसम्बर 2022 तक डेहरी ऑन सोन का राजस्व 332094660 और सासाराम का 274182611 जबकि सासाराम को 7 ट्रेनो का ठहराव ज्यादा हैं' कब तक डेहरी ऑन सोन से अन्याय होगा' ट्रेनो का ठहराव डेहरी ऑन सोन मे होने से राजस्व की प्राप्ति होंगी और जनमानस को सुविधाएं भी मिलेगी' डेहरी ऑन सोन - बंजारी रेल लाइन का अभी तक नहीं बनना भी केंद्र सरकार की नकरात्मक सोच को दशार्ता है' प्रोजेक्ट 110 करोड़ का था अभी तक कुछ पटल पर नहीं है'

कांग्रेस कार्यालय में कार्यकताओं ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया

दैनिक नव प्रदेश/नवप्रदेश, चंदवारा। चंदवारा प्रखण्ड कार्यकताओं ने कांग्रेस कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद कुमार बरनवाल बीस सूत्री अध्यक्ष अज्जू सिंह मौजूद थे। मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष प्रमोद कुमार बरनवाल ने कहा की बुराइयों के अंत के प्रतीक के रूप में सनातन धमार्लंबी होलिका दहन करने के बाद होली का त्योहार मनाते है। यह त्योहार रंगो का त्योहार है। जो जीवन को खुशियों से रंगीन बनाने का संदेश देती है। जहां विभिन्न रंग समाज के विभिन्न लोगो को एक सूत्र में आपसी सद्भावना के साथ पिरोने का संदेश देती है।

चित्रगुप्त समाज कल्याण ट्रस्ट के बैनर तले होली मिलन समारोह का आयोजन

नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी/ चित्रगुप्त समाज कल्याण ट्रस्ट डिहरी के बैनर तले होली मिलन समारोह का आयोजन. ट्रस्ट कि संरक्षक डा0 रागिनी सिन्हा के आवास पर किया गया। जिसमे के डिहरी डालमिया नगर के कायस्थ परिवार के साथ साथ शहर के गणमान्य लोग सपरिवार उपस्थित हुए। इस मौके पर ट्रस्ट कि संरक्षक डा0 रागिनी सिन्हा ने होली के मौके पर शहर वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी और कहा कि ट्रस्ट कि स्थापना ही प्रेम भाईचारा और मानव सेवा के लिए हुआ है और इसी उद्देश्य से ट्रस्ट आज समाज के हर क्षेत्र में कार्य कर रहा है। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डा0 उदय कुमार सिन्हा ने कहा कि जब से चित्रगुप्त समाज कल्याण ट्रस्ट कि स्थापना हुई है ट्रस्ट निरंतर कायस्थ समाज के साथ साथ डिहरी शहर के हर विकास कार्य मे आगे रहा है। इस मौके पर ट्रस्ट के द्वारा शहर के कलाकारों के द्वारा संस्कृति कार्यक्रम के साथ साथ प्रीति भोज का भी आयोजन किया गया। इस कार्य क्रम मे संगठन सचिव कमल सिन्हा, काली बाबू, श्रवण कुमार अटल,आलोक सिन्हा, रणधीर सिन्हा, सुमन सिन्हा, पुनित सिन्हा, सुनील सिन्हा, अनुप सिन्हा, प्रवीण सिन्हा ललित कुमार सिन्हा, अनिल कुमार सिन्हा आदि का.सहयोग सराहनिय रहा। इस मौके पर चित्रगुप्त समाज कल्याण ट्रस्ट डिहरी का भी विस्तार किया गया और ट्रस्ट के संरक्षक डा0 रागिनी सिन्हा और अध्यक्ष डा0 उदय सिन्हा ने संयुक्त रूप से शहर के मसहूर समाज सेवी मनीष कुमार सिन्हा को चित्रगुप्त समाज कल्याण ट्रस्ट का ट्रस्टी सदस्य मनोनीत किया। कार्य क्रम मे मनीष कुमार सिन्हा, शहर के मसहूर गायक राजू सिन्हा, प्रिति सिन्हा, डा0 मालिनी राय, स्वेतमा सिन्हा, अनिता सिन्हा पूनम सिन्हा आदि मौजूद थी।

जीयर स्वामी महाराज के सानिध्य में हुआ मां सरस्वती पूजन प्रसाद वितरण में भक्तों की उमड़ी भीड़

नवप्रदेश प्रतिनिधि/बिक्रमगंज। स्थानीय शहर के वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय धारूपुर में संत श्रीश्री 1008 श्री त्रिदंडी स्वामी महाराज के परम शिष्य जीयर स्वामीजी महाराज का रविवार को आगमन होते ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। जहां हजारों भक्तों ने उनका फूलों सहित श्री लक्ष्मी नारायण भगवान की जयकारा लगाते हुए स्वागत किया। जिस अवसर पर भारत के प्रसिद्ध जीयर स्वामी महाराज के सानिध्य में महाविद्यालय प्रांगण में स्थापित मां सरस्वती मंदिर में भव्य आरती का आयोजन हुआ। जिस आरती में वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर शिक्षक प्रतिनिधि सह वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय,आरा सीनेट सदस्य डॉ० मनीष रंजन सहित हजारों भक्तों ने भाग लेते हुए मां सरस्वती की वंदना करते हुए आशीर्वाद लिया। दूसरी तरफ महाविद्यालय परिसर में जीयर स्वामी ने भगवान श्री लक्ष्मी नारायण का प्रवंचन करते हुए बताया कि बीना ज्ञान के मनुष्य जीवन पशु समान होता है। ज्ञानी व्यक्ति में जात-पात धर्म का नही होता भेदभाव। साथ ही साथ जीयार महाराज ने बताया कि जिस शिक्षण संस्थान में मां सरस्वती की भव्य मंदिर स्थापित हो वहां मां सरस्वती कृपा से ज्ञान की आलौकिक वर्षा होती है। जबकि डॉ० मनीष रंजन ने इस पावन अवसर पर जीयर स्वामी से शरणागत आशीर्वाद लेते हुए बताया कि भारत के महान संत का महाविद्यालय में आगमन से शिक्षा की दीप प्रज्वलित हो गई। वही उनके आगमन होने से समस्त शहरवासियों सहित महाविद्यालय परिवार में खुशी व्यापत है। इस मौके पर प्राचार्य डॉ० सुरेंद्र कुमार सिंह, प्रो०-वीर बहादुर सिंह, बलवंत सिंह, सरोज सिंह, पूर्व नगर परिषद उप सभापति विकास उर्फ सरसठ सिंह, उमा सिंह, अनिल सिंह, अजय सिंह, दिनेश सिंह, कुमार विवेक, मुन्ना सिंह,भाजपा नेता सुनील सिंह, अजीत सिंह, रमेश सिंह, अभय सिंह, रवि प्रकाश, मनोज सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थें।

ज्योति पासवान दरोगा बन माता पिता के नाम को किया रौशन

नवप्रदेश प्रतिनिधि/सूर्यपुराः प्रखंड मुख्यालय स्थित छोटका पोखरा निवासी मदन पासवान रांची में रहकर बागवानी का कार्य करते हैं और माता गृहणी मीना देवी की पुत्री ज्योति कुमारी पासवान ने दारोगा बनकर माता-पिता के साथ ही गांव व प्रखंड का नाम रौशन किया। बिहार पुलिस अकादमी,राजगीर से दारोगा बनकर पासिंग आउट हुआ। वहीं कार्यक्रम में विभागीय बुलावा पर ज्योति के माता-पिता ने वहां पहुंच कर दारोगा बनी अपनी पुत्री को अपने हाथों से वर्दी पहना कर विभागीय बैच को कंधे पर लगाया। ज्योति के चाचा जयराम बताते हैं कि ज्योती के पिता मदन पासवान झारखण्ड की राजधानी रांची में रह कर बागवानी का कार्य कर जीविकोपार्जन कर अपने पत्नी व बच्चों का भरणपोषण करते हुये दो पुत्री व एक पुत्र यानी तीनों संतानों के उच्च शिक्षा - दीक्षा ग्रहण कराने में लगे हुए हैं। ज्योती शुरू से पढ़ने में मेधावी छात्रा थी। उसकी प्रारंभिक शिक्षा ग्रामीण परिवेश में हुई, उसके बाद मैट्रिक गर्ल्स हाई स्कूल रांची और इंटरमीडिएट एवं ग्रेजुएशन कॉमर्स विषय से मारवाड़ी कॉलेज रांची से की। वह दारोगा परीक्षा की तैयारी परिवार में रहकर करती थी। पढ़ाई के प्रति उसकी लगनशीलता सार्थक हुई। उसने परिवार सहित पूरे गांव का भी नाम रौशन की है।

मिलजुल कर त्यौहार मनाने का लिया गया निर्णय
होली, शबे बरात को लेकर चंदवारा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

नवप्रदेश, चंदवारा। थाना परिसर में होली एवं शबे बरात त्योहार को लेकर रविवार को शांति व्यवस्था को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड प्रमुख मंजू देवी, मायका अंचल इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह, अंचलाधिकारी रामरतन कुमार बरनवाल ने किया। एवं संचालन एसआई राजेंद्र राणा द्वारा किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने शांतिपूर्वक होली त्यौहार मनाने का सुझाव दिया। एवं उपस्थित लोगों ने कहा, शराब पीकर हुड़दंग न मचाए। मिलजुल कर शांति पूर्वक त्यौहार को मनाएं। होली के दिन शराब की दुकान को बंद रखने तथा अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की गई। मौके पर वक्ताओं ने कहा की रंगों का त्योहार होली भाईचारे का त्योहार है लोग शराब से दूर रहें और और आपस में मिलजुल कर त्यौहार को मनाएं, बुराई पर अच्छाई की विजय का त्यौहार है। अंचलाधिकारी रामरतन कुमार बरनवाल एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय यादव ने कहा की होली रंगों और भाईचारे का त्यौहार है। हमें मिल जुलकर शांतिपूर्वक त्यौहार मनाना है कहीं से किसी भी प्रकार का कोई शिकायत का मौका नहीं दे। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया में जो भी लोग शरारती तत्व के लोग भड़काऊ मैसेज भेजेंगे पकड़े जाने पर उन पर निश्चित तौर पर कार्रवाई होगी। उसे बख्शा नहीं जाएगा। तथा भड़काऊ डीजे नहीं बजाएं और जबरन किसी पर रंग ना डालें जिससे आपसी सौहार्द खराब ना हो। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजकुमार यादव,पूर्व विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण प्रसाद यादव, मुखिया पुष्पा देवी, असगर अंसारी, रामदेव यादव, मुखिया प्रतिनिधि संजय दास, पसंस प्रतिनिधि बालगोविंद सोनी, पूर्व मुखिया प्रभु भुइयां, पूर्व प्रमुख लीलावती देवी, पूर्व मुखिया महेंद्र यादव, समाज सेवी अनिल दास, युवा नेता कृष्णा यादव, प्रमुख प्रतिनिधि विजय मोदी, रोहित रजक, उप प्रमुख प्रतिनिधि विजय यादव, सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

डीजे बजाने पर रोकः सतगावां थाना में होली व शब-ए-बरात को ले शांति समिति की बैठक संपन्न

हुरदंग और माहौल खराब करने वाले पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर - आनंद साह

नवप्रदेश, सतगांवा थाना परिसर में रविवार को होली एवं शब-ए-बारात का पर्व शांतिपूर्ण माहौल में आपसी भाईचारगी के साथ मनाए जाने को लेकर थाना परिसर में सभी समुदाय के प्रबुद्धजनों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी बैधनाथ उरांव, थाना प्रभारी आनन्द कुमार साह, संसद प्रतिनिधी, विधायक प्रतिनिधि,उप प्रमुख एवं मुखिया प्रतिनिधि लोग मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी बैधनाथ उरांव, थाना प्रभारी आनन्द कुमार साह के संयुक्त अध्यक्षता में हुई। वहीं संचालन ए एस आई सुजीत कुमार सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी बैधनाथ उरांव ने कहा कि होली पर्व आपस में शांति और सौहार्दपूर्ण से मनाए आपस में रंजिश किसी से ना रखे पूराने बातो को भूलकर नई उमंग जोश से मनाए, एवं सभी लोग हुरदांग प्रकार के लोगों की पहचान कर उसे समाज से बाहर करने का काम करें जो आपसी भाईचारगी को बिगाड़ने का काम करता है, इस प्रकार के लोगों पर पुलिस प्रशासन की भी नजर होगी। जो भी समाज मे आपसी भाईचारगी को बिगाड़ने का प्रयास करेगा पुलिस उसके साथ कड़ाई से पेश आएगी। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी आनन्द कुमार साह ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। यह आपसी सद्भाव और भाईचारे का भी प्रतीक है। वहीं दूसरी ओर मुस्लिम भाईयों का शब-ए-बरात पर्व भी है। इसे सभी सौहार्द पूर्वक मनाएं। यह दोनों पर्व त्योहार की तैयारियों को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौकस है। बैठक में उपस्थित सदस्यों से क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने में सहयोग करें।मैके पर सांसद प्रतिनिधि विनोद कुमार यादव, विधायक प्रतिनिधि धनंजय यादव, प्रमुख प्रतिनिधि अमित आर चौधरी, उपप्रमुख मनोज कुमार निराला, प्रखंड अध्यक्ष सूत्री सदस्य ब्यूटी कुमारी, अजर रवानी ,गुलाम मियां, कई मुखिया, पूर्व मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, कई समाजसेवी, कई बुद्धिजीवी समेत कई लोग मौजूद थे।

संजीवनी अकादमी में झाङ्ग प्राङ्ग स्कूल एसोसिएशन इकाई की होली मिलन संपन्न

नवप्रदेश, चंदवारा। प्रखंड के फोरलेन नंदनगर रोड स्थित संजीवनी अकादमी में झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन कोडरमा इकाई की होली मिलन समारोह जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार और जिला सचिव संजीव कुमार के संचालन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यालय निदेशक ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हुए गले मिले। जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने कहा की झारखंड प्राइवेट

स्कूल एसोसिएशन प्रत्येक वर्ष होली मिलन समारोह का आयोजन करते आ रही है। अबीर गुलाल खेलने के बाद सभी ने एक साथ लजीज व्यंजन का लुफ्त उठाया। मौके पर जिला कोषाध्यक्ष जी एस पब्लिक स्कूल डोमचांच के निदेशक नितेश कुमार,कोडरमा प्रखंड अध्यक्ष सह नूतन चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल कोडरमा के निदेशक आनंद भारती, सिक्योर एजुकेशन एके-डमी के निदेशक सह चंदवारा प्रखंड सचिव मुकेश कुमार प्रजापति, राइजिंग पब्लिक स्कूल करौंजिया के निदेशक अर्जुन कुमार, मदर टेरेसा के निदेशक अशोक कुमार, ग्लोरियस पब्लिक स्कूल लरियाडीह, के निदेशक पंकज सिंह,सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पथलडीहा के निदेशक श्याम सुंदर यादव, मनन विद्या अकादमी के निदेशक विकास राणा, शुभ सोनिया विद्यालय के निदेशक सह जिला सह कोषाध्यक्ष अमरेश सिंह सहित मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को जी एस पब्लिक स्कूल डोमचांच के निदेशक नितेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

नये डीआईजी के रूप में जय कांत कुमार ने संभाला पदभार

नवप्रदेश प्रतिनिधि/बेतिया। चंपारण परी क्षेत्र के नए डीआईजी के रूप में जय कांत कुमार ने अपना पदभार संभाल लिया उनके पदभार संभालने से जहां आम जनता ने खुशी की लहर है वही गैर कानूनी कार्य करने वालों के भीतर भय सताने लगा है बताते चलें कि बेतिया में इससे पूर्व में जिला पुलिस कप्तान के पद पर कार्यरत रहे हैं और अपने कुशल नेतृत्व के कारण अपनी एक अलग पहचान जनता के बीच में छोड़ चुके हैं उनके पदभार संभालने से बाल्मीकि प्रेस क्लब से जुड़े पत्रकार धर्मेंद्र तिवारी निरंकार भास्कर सत्यम सिंघानिया सोनू भारद्वाज अश्वनी कुमार सिंह राणा कुमार गुप्ता अतुल कुमार जय किशोर शर्मा धर्मेंद्र सोनी सुमित कुमार आदि ने हर्ष व्यक्त किया है

एसडीओ ने उपकारा का किया औचक निरीक्षण

नवप्रदेश प्रतिनिधि/समस्तीपुर। अनुमंडल पदाधिकारी प्रियंका कुमारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिनेश कुमार पांडे के संयुक्त नेतृत्व में रविवार को अहले सुबह उपकारा दलसिंहसराय का औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर निरीक्षण के क्रम में जेल सुपरिटेंडेंट जन्मेजय शुक्ला, थानाध्यक्ष सुनील कुमार एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे। इस बाबत एसडीओ प्रियंका कुमारी ने बताया कि औचक निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक सामग्री नहीं पाया गया। साथ ही उपकारा में 128 पुरुष बंदी एवं चार महिला बंदी उपस्थित थे।

होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

नवप्रदेश प्रतिनिधि/करगहरः स्थानीय पंचायत भवन परिसर में मुखिया प्रतिनिधि लालबाबू कुमार के द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित की गई जिस होली मिलन समारोह में स्थानीय विधायक संतोष मिश्रा ने पहुंच कर विधानसभा वासियों को शुभकामनाएं दी,और समारोह में उपस्थित वार्ड सदस्यो को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। होली मिलने में उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी.इस अवसर पर विधायक संतोष मिश्र ने कहा कि होली रंगों उमंगों का त्योहार है, इसे सभी लोग सौहार्दपूर्ण माहौल में सारे गिले शिकवे भूलाकर आपसी भाईचारा के साथ मनाएं। मौके पर वार्ड सदस्य जितेन्द्र पांडेय ,अजय कुमार यादव, मनोज राम, सुभाष सिंह डीकू कुमार असगर राईन सरफुद्दीन आलम,शकील आलम, देवबंश राम सहित कई लोग मौजूद थे

नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन की बैठक संपन्न

नवप्रदेश प्रतिनिधि कोचस/ प्रखंड क्षेत्र के नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन प्रखंड कार्यालय मे रविवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह एवं संचालन पूर्व पैक्स अध्यक्ष सुरेंद्र दुबे ने किया। बैठक में दिनांक 16 मार्च को प्रधानमंत्री के समक्ष जंतर मंतर पर धरना एवं 17 मार्च को एनोनिमस के वार्षिक अधिवेशन में शामिल होने के लिए तैयारियों का समीक्षा किया गया। कोचस प्रखण्ड से सभी लोगो के द्वारा 14 मार्च को ही प्रस्थान किया जाएगा। बताते चलें कि जंतर मंतर पर धरना वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे किराया में रियायत पुनः बहाल करने वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन योजना में चार सौ रुपए से बढ़ाकर दो हजार रुपए करने व पुरानी पेंशन योजना लागू करने वे रोजगारों युवाओं को रोजगार देने किसनों के उपज का उचित मूल्य देने के लिए प्रदर्शन किया जाएगा। मौके पर पारस नाथ सहाय, राम जी सिंह, जनार्दन सिंह, इलियास अंसारी, सर्वेश्वर पाठक, सीता राम तिवारी, शिव दुलार सिंह, राधा कृष्ण तिवारी, राम व्रत भगत , विंदेश्वरी लाल, दशरथ सिंह, श्री कान्त दुबे, वाहिद खान, गौरी चौधरी, रामा शंकर पाण्डेय, सरयू तिवारी, केदारनाथ पांडेय सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

पर्व को लेकर 50 लोगो के विरुद्ध 107 की निरोधात्मक कारवाई हुई

नवप्रदेश प्रतिनिधि/सूर्यपुराः होली, शब-ए-बरात एंव रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराए जाने को लेकर पुलिस ने संदिग्ध लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध 107 की निरोधात्मक कारवाई की है। थानाध्यक्ष सुसंत कुमार ने बताया कि त्योहार को शांति पूर्ण माहौल में सम्पन्न कराए जाने को लेकर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से चिन्हित कर 50 लोगो के विरुद्ध 107 की निरोधात्मक कारवाई की गई है। जबकि और चिहिन्त लोगो पर कारवाई करने की प्रक्रिया जारी है। वही दूसरी तरफ पुलिस द्वारा की गई निरोधात्मक कार्रवाई से लोगो मे भय का माहौल है। थानाध्यक्ष ने कहा कि आपसी भाईचारे एंव रंगोत्सव को लोग उत्साह के साथ मनाएं।

वर्ग दशम के छात्र छात्राओं को दी गई विदाई
शिक्षा अनमोल रत्न है शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है - प्राचार्य जितेंद्र कुमार सिंह

नवप्रदेश, जयनगर। प्रखंड के गोहाल मेन रोड पर स्थित एसबी सक्सेस पब्लिक स्कूल मेन रोड गोहाल में विदाई समारोह आयोजन करके वर्ग दशम के छात्र छात्राओं को विदाई दी गई। बताते चलें कि विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के द्वारा वर्ग दशम के छात्र छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। एवं छात्र-छात्राओं के बीच कई शिक्षा सामग्री वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र कुमार सिंह ने सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य का कामना करते हुए कहा है कि शिक्षा अनमोल रत्न है शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे। वही कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अंग्रेजी शिक्षक राहुल कुमार दास ने किया।

ऋण प्राप्त फुटपाथी विक्रेताओं और उनके परिवारो को सरकार के 08 प्रकार के योजनाओं से जोड़ कर लाभ प्रदान करना रवि आनन्द

मेदिनीनगर पलामू/उपायुक्त पलामू की अध्यक्षता में स्वनिधि से समृद्धि योजना के तहत जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक हुई, जिसमें उपविकास आयुक्त के द्वारा योजना की पूर्ण जानकारी मुहैया कराई गई। आज के जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक में अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, नगर मिशन प्रबंधक, मेदिनीनगर नगर निगम, विश्रामपुर नगरपरिषद एवं छतरपुर नगर परिषद से नगर मिशन प्रबंधक उपस्थित हुए। स्वनिधि से समृद्धि योजना के तहत नगरनिगम क्षेत्रान्तर्गत ऋण प्राप्त फुटपाथी विक्रेताओं और उनके परिवारो को सरकार के 08 प्रकार के योजनाओं से जोड़ कर लाभ प्रदान करना मुख्य उद्देश्य है। उपायुक्त महोदय के द्वारा निर्देशित किया गया कि सरकार के जितने भी महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं, उन सभी से योग्य लाभुकों को जोड़ कर लाभ दिलवाया जाए।

सरकार की 08 योजनाएं
1.प्रधानमंत्री जनधन योजना
2.प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना
3.प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना
4.प्रधानमंत्री श्रम योगी मान धन योजना
5.BoCW अंतर्गत निबंधन
6.जननी सुरक्षा योजना
7.प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना
8.डल्ली Nation nfe Card.

उपर्युक्त सभी 8 योजनाओं से ऋण प्राप्त फुटपाथी विक्रेताओं और उनके परिवारों को योजना के अनुरूप योग्यता के अनुसार कैम्प आयोजित कर उनका आवेदन प्राप्त करना है,व लाभ दिलाना है। उपायुक्त, पलामू के द्वारा संबंधित सभी विभागीय कार्यालय के पदाधिकारियों को नगर निगम क्षेत्र में 13 मार्च 2023 से 18 मार्च 2023 तक लगने वाले कैम्प में सिटी नोडल ऑफिसर के रूप में कार्य करते हुए प्राप्त आवेदनों का ससमय निष्पादन करते हुए सफल बनाने का निर्देश दिया गया।

देवरी ओपी प्रभारी ने 200 किलो जावा महुआ किया विनिष्ट

हुसैनाबाद पलामू: अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत गुप्त सूचना पाकर देवरी ओपी प्रभारी इन्द्रेव राम ने दल बल के साथ गांव सोनपुरवा स्थित सोन नदी बीच डीला पर अवैध रूपी चल रहे महुआ शराब भट्ठी एवं 200 किलो जावा महुआ विनष्ट किया देवरी ओपी प्रभारी इन्द्रेव राम ने कहा कि हमें एक दिन पूर्व गुप्त सूचना मिली थी कुछ लोग अवैध रूपी महुआ शराब की भट्ठी करोबार चल रहे है। मैं दल बल के साथ सोन नदी के डीला पर पहुंच कर अवैध रूपी चल रहे भट्ठी को विनष्ट किया उन्होंने कहा कि इस जहरीले शराब पिने से इशान को अनेकों विमारी पैदा हो सकता है मौके पर एस आई कार्तीक उरांव सुधीर कुमार निरंजन कुमार सहित अन्य जवान मौजूद थे

ज्योति आईटीआई कॉलेज में कॉलेज के डायरेक्टर सह भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष ज्योति पांडेय की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का किया गया आयोजन किया गया

मेदिनीनगर पलामू – डालटनगंज शहर के कान्दू मुहल्ला स्थित ज्योति आईटीआई कॉलेज में कॉलेज के डायरेक्टर सह भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष ज्योति पांडेय की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का किया गया आयोजन, कार्यक्रम में शामिल सभी लोगो ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की ढेर सारी शुभकामनाएं दी, वही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी किया गया आयोजन, मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष विजयानन्द पाठक, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह समेत भारतीय जनता पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता हुए उपस्थित।

होली खेले रघुवीरा अवध में होली खेले रघुवीरा होली गीत पर झुमते नजर आए राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के सदस्य

मेदिनीनगर पलामू/होली मिलन समारोह का।शनिवार को रेड़मा स्थित राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित होली मिलन समारोह में होली गीत से माहौल होलीमय हो गया। पलामू प्रमंडल के सुप्रसिद्ध तबला वादक शिशिर शुक्ला और ब्यास शिव कुमार चौधरी की युगलबंदी में एक से एक होली गीत की प्रस्तुती की गई।वहीं पलामू की उभरती गायिका चांदनी सिंह ने पूरे माहौल में चार चाँद लगा दिया। होली मिलन समारोह में पारंपरिक होली गायन के दौरान युवा वाहिनी के सदस्य थिरकते नजर आए। होली मिलन समारोह में संतोष शुक्ला, विभाकर नारायण पांडेय, रमेश शुक्ला, अमिताभ मिश्रा, नवीन पांडेय, देवेंद्र तिवारी, रवि शर्मा, किशोर पांडेय, बिकेश शुक्ला, छोटन उपाध्याय, तुलसी शुक्ला, अखिलेश तिवारी, श्यामा कांत तिवारी,अजीत तिवारी, पप्पू पांडेय, सतीश तिवारी, उदय शुक्ला,मनोज दूबे, गोल्डी शुक्ला, विवेकानंद त्रिपाठी, धीरेन्द्र पांडेय,आशीष तिवारी, बबल पांडेय, रवि ओझा, व कई मिडियाकर्मी के साथ काफी संख्या में परशुराम वंशज मौजूद थे। वहीं राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के सभी पदाधिकारी व सदस्य समारोह को सफल बनाने को लेकर सक्रिय दिखाई दिए।

मिशन समृद्धि संस्था ने दोना पत्तल वालों के बीच भोजन वितरण किया

मेदिनीनगर पलामू/मेदिनीनगर के पांकी रोड जनकपुरी मुहल्ले से रोटी सब्जी संग्रह कर अम्बेडकर पार्क के सामने दोना पत्तल दातून बेचने वालों के बीच भोजन वितरण किया गया। रोटी सब्जी खिचड़ी के साथ-साथ चूड़ा गुड़ भी शिल्पी गोस्वामी ने सबों के बीच वितरण किया।रोटी देनेवाले परिवारों का आभार है जिनके सौजन्य से यह अभियान अच्छे से चल पाता है।इस अभियान को सुचारू रूप से चलाने वाले सहयोगियों का बहुत बड़ा योगदान है। अहिल्या गिरी बैजन्ती गुप्ता वन्दना श्रीवास्तव रंजीता कुमारी बेबी पाण्डेय वीणा गुप्ता ऋषि कुमार शैलेन्द्र कुमार का सराहनीय योगदान हमेशा रहता है।

शहरी आजिविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा निर्मित दीदी प्रोडक्ट का स्टॉल लगाया गया

मेदिनीनगर पलामू/पलामू नगर निगम मेदिनीनगर के विभिन्न चौक चौराहों छः मुहान चौक, हॉस्पिटल चौक, रेड़मा चौक, सदिक चौक, रोटरी स्कूल बेलवाटिका चौक, टेम्पू स्टैंड चैनपुर आदि स्थानों पर दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा निर्मित दीदी प्रोडक्ट का स्टॉल लगाया गया है जिसमे शुद्ध हर्बल अबीर और स्वादिष्ट खाद्य पदार्थ को काफी कम एवं किफायती दाम पर उपलब्ध कराया गया है जिससे कि निगम की सम्मानित जनता को घर मे निर्मित शुद्ध और स्वादिष्ट प्रोडक्ट मिल सके। इस अवसर पर खुद उपमहापौर ने दीदी प्रोडक्ट के कार्यों की सराहना की और लोगो से अपील की वे विभिन्न चौक चौराहों पर होली के उपलक्ष्य में लगे स्टॉल में जाकर घर मे निर्मित वस्तुओं की खरीदारी करें जिससे कि स्वयं सहायता समूह की दीदियों को आत्मबल मिल सके। साथ ही उपमहापौर ने स्वयं स्टॉल में जाकर स्वयं सहायता समूह की दीदियों की हौसलाअफजाई की।

सात एकड़ के आम बगान में लगी आग। तीन लाख का हुआ नुकसान

अनगड़ा। सिरका सलया टुंगरी के किसान रामकिशुन मुंडा के सात एकड़ के आम बगान में शनिवार की रात में असमाजिक तत्वों ने आग लगा दी। इस आमराई मे लगे 160 आम के पेड़ के अलावा, कटहल, सागवान, गमहार के पौधे भी पूरी तरह झुलस गए । पांच साल पहले रामकिशुन मुंडा ने पौधे लगाए थे। आम में मंजर भी आ चुका था। इस वर्ष बेहतर आम का उत्पादन होने की संभावना थी। रामकिशुन ने बताया कि इस आगलगी में करीब तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है। इधर सिरका मुखिया रौशनलाल मुंडा व समाजसेवी साहेबराम महतो पीड़ित किसान से मिले। सरकार से मुआवजे देने की मांग की है।

सात एकड़ के आम बगान में लगी आग। तीन लाख का हुआ नुकसान

अनगड़ा। सिरका सलया टुंगरी के किसान रामकिशुन मुंडा के सात एकड़ के आम बगान में शनिवार की रात में असमाजिक तत्वों ने आग लगा दी। इस आमराई मे लगे 160 आम के पेड़ के अलावा, कटहल, सागवान, गमहार के पौधे भी पूरी तरह झुलस गए । पांच साल पहले रामकिशुन मुंडा ने पौधे लगाए थे। आम में मंजर भी आ चुका था। इस वर्ष बेहतर आम का उत्पादन होने की संभावना थी। रामकिशुन ने बताया कि इस आगलगी में करीब तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है। इधर सिरका मुखिया रौशनलाल मुंडा व समाजसेवी साहेबराम महतो पीड़ित किसान से मिले। सरकार से मुआवजे देने की मांग की है।

जनता प्रशासन होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन, जनता प्रशासन होली मिलन समारोह में उमड़ा जनसैलाब

हरिहरगंज पलामू
हरिहरगंज मिडिल स्कूल के मैदान में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन जनता प्रशासन की ओर से आयोजित इस होली मिलन समारोह में खूब गुलाल उड़े। समारोह में राजद के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी कमलेश कुमार यादव के आने के बाद सभी अतिथियों को माला पहनाकर व पगड़ी बांधकर स्वागत किया, और एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दी। इसके पहले कार्यक्रम का शुभारंभ संयोजक युवा राजद नेता कमलेश कुमार यादव,जीप प्रतिनिधि राजेश राम,समाजसेवी अमरेश कुमार यादव उर्फ रवि, वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष भोला गुप्ता, ए एस आई संजय सिंह,अखिल नाई महासंघ के उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर,विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान,राजकुमार पासवान, मुखिया संदीप यादव, ने द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर कमलेश कुमार यादव ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम व भाईचारे का पैगाम देता है उन्होंने सभी को आपसी मतभेद भुलाकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने की अपील की। वहीं वक्ताओं ने कहा कि यह पर्व आपसी भाईचारा व प्रेम का पैगाम देता है। रंगों और गुलाल का यह त्योहार सभी के लिए नई खुशियां लाये यही कामना है। होली मिलन समारोह में व्यास रामाशंकर सिंह व शिव शंकर यादव ने होली के एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर राजद नेता शिवप्रसाद मेहता, शम्मी अहमद, इलियास हुसैन, एजाज अहमद,सनोज गुप्ता, दीपक चंद्रवंशी, सतेंद्र भुईयां, राजकुमार गौतम, अमित यादव, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, विजय पासवान, मोहन मिश्रा, कुमुद रंजन,रामप्रवेश यादव, रामवृक्ष मस्ताना, श्यामदत्ति पासवान, अनिल शौंडिक, उमेश यादव,गोपाल यादव, जदूनी यादव,मुरारी प्रसाद, बच्चन यादव,जगरनाथ ठाकुर, अर्जुन सिंह,प्रदीप चंद्रवंशी, ललन यादव, सहित सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

हुसैनाबाद के मलवरिया स्तरोन्नत उच्च विद्यालय के सेवानिवृत्त प्रभारी प्रधानाध्यापक का विदाई समारोह

शिक्षक बिगन राम ने मेहनत और लगन के दम पर ही स्कूल में चल अपनी एक अलग पहचान बनाई: मुखिया

हुसैनाबाद पलामू: हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के मलवरिया स्तरोन्नत उच्च विद्यालय के सेवानिवृत्त प्रभारी प्रधानाध्यापक बिगन राम को विदाई समारोह में किया गया सम्मानित। विदाई समारोह की अध्यक्षता उक्त विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विकास कुमार दास ने की व संचालन स्कूल की शिक्षिका अर्पणा कुमारी ने की। स्कूल के शिक्षकों ने कहा कि स्कूल में सेवा देना एक अनुशासन को दशार्ने वाला कार्य होता है। मौके पर मुखिया विनोद कुमार सिंह ने कहा कि आप हमेशा जीवन में अनुशासित ढंग से रहे और छात्रों को भी अनुशासन में रहने की सलाह देते रहे। अपने छात्रो को न सिर्फ शिक्षा का ज्ञान दिया बल्कि जीवन की समस्याओं को दूर करने वाला व्यावहारिक ज्ञान भी दिया है। कड़ी मेहनत और लगन के दम पर ही उन्होंने स्कूल में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। सामाजिक कार्यकर्ता सतीश शर्मा ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के जीवन में शिक्षक का अमूल्य योगदान होता है। बिना शिक्षक के जीवन अधूरा होता है। बिगन राम सर एक पेशेवर शिक्षक और कुशल प्रशासक के साथ-साथ इस स्कूल के सबसे जिम्मेदार व्यक्ति भी है। आपने हमेशा एक अच्छे शिक्षक होने की सभी जिम्मेदारियों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभाया है। आपके अंदर ईमानदारी, आत्मविश्वास, संयम, निष्ठा और लगनशीलता जैसे कई गुण है। मौके विद्यालय शिक्षक बिरेंद्र सिंह, राजेन्द्र कुमार, बैकुंठ शर्मा, जगदीश सिंह सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

सभी धर्मों कि त्योहार में गरीबों के संग हम उनकी जरूरत कि चिजे वितरण कर त्योहार को अनोखे अंदाज में मनाते है शौकत खान

गढवा पलामू/होली पर निःशुल्क कपड़ा बैंक गढ़वा का अनोखा ऑफर लोगों के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है वहीं गरीबों के लिए वरदान साबित हो रहा है अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान ने बताया कि सभी धर्मों कि त्योहार में गरीबों के संग हम उनकी जरूरत कि चिजे वितरण कर त्योहार को अनोखे अंदाज में मनाते है और ऐसे लोगों को ज्यादा सहयोग करते हैं जो लोग पैसे के अभाव त्योहार नहीं मना पाते हैं और अभी होली का त्योहार है जो आपसी प्रेम सद्भाव का मिसाल पेश करता है ऐसे में कोई गरीब पैसे के अभाव में त्योहार नहीं बना पाएंगे तो हम सब कि खुशियों रंग फीका हो जाएगा इसलिए हर वर्ष कि तरह हम ज्यादा से ज्यादा गरीबों तक मदद पहुंचा सके इसलिए होली का ऑफर का चला रखें है ऑफर में नये नये निःशुल्क कपड़े और राशन के साथ साथ अबीर गुलाल भी फ्री और वो भी जितना चाहे उतना ले जाएं और अपने परिवारों के संग मनाएं खुशियों भरी होली

अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के तत्वधान में पलामू शाखा के द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित की गई

मेदिनीनगर पलामू/डाल्टनगंज विधानसभा प्रत्याशी सतीश कुमार चंद्रवंशी जी , वार्ड पार्षद दिलीप कुमार दिल्लु,समाज सेवी लालटू चंद्रवंशी , अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कोमल कुमार अंकू अभय चंद्रवंशी जी उपास्थित रहे`संचालन पलामू के जिला अध्यक्ष डॉ गणेश रवि एवं महासचिव भीम राम चंद्रवंशी जी ने किया` प्रदेश कमिटी के बीरेंद्र राम चंद्रवंशी ,रामानुज चंद्रवंशी , सुधीर चंद्रवंशी, शिव कुमार चंद्रवंशी,प्रदेश मंत्री निलय चंद्रवंशी , आकाश चंद्रवंशी , कुणाल चंद्रवंशी , अश्विनी चंद्रवंशी एवम् चंद्रवंशी समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे

आज विश्रामपुर के गुरी गांव स्थित माता शबरी मंदिर में होगी प्रतिमा स्थापित, भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी होगा आयोजन

- स्थानीय विधायक सहित हजारों लोगों का लगेगा जमावड़ा

विश्रामपुर पलामू/विश्रामपुर प्रखंड के गुरी गांव स्थित आज रविवार को माता शबरी मंदिर के प्रांगण में माता शबरी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसे ले भव्य कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम को लेकर स्थानीय लोगों के द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है। इसकी जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने कहा कि आज 5 मार्च रविवार को आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सह स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, पाटन-छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज भुईया, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी सहित पार्टी के नेता कार्यकर्ता व पलामू प्रमंडल से भुईयां समाज के लोग शामिल होंगे। जिनके हाथों माता शबरी की प्रतिमा स्थापित करते हुए अनावरण होगा। बताया कि प्रतिमा स्थापित व मूर्ति पूजन कार्यक्रम के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। जहां कई कलाकार गीत संगीत प्रस्तुत कर लोगों का मनोरंजन करेंगे। वहीं वृंदावन, काशी व मथुरा से कलाकारों को आमंत्रित किया गया है जो आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन करेंगे। बताया कि कार्यक्रम में आने वाले सभी लोगों के लिए भोजन आदि की व्यवस्था भी की गई है।

होली, शबे बरात को लेकर जयनगर थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

नवप्रदेश, जयनगर। थाना परिसर में होली एवं शबे बरात त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक का अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अंजू देवी ने की। एवं संचालन स्थानीय मुखिया कौशर खान ने किया। वही अंचलाधिकारी ओम प्रकाश बडाईक ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है इसमें हुड़दंग को हटा दिया जाए तो यह त्यौहार की अपनी अलग महत्व है इसलिए हुड़दंग करने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। वहीं थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा ने दोनों समुदाय के लोगों से शांतिपूर्वक होली एवं शबे बरात मनाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि रंगों का त्यौहार होली भाईचारे का त्यौहार है लोग शराब से दूर रहें और आपस में मिलजुल कर त्यौहार को मनाएं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया में जो भी लोग शरारती तत्वों के लोग भड़काऊ मैसेज भेजेंगे पकड़े जाने पर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर पुलिस स्पेक्टर अजय सिंह अंचलाधिकारी ओम प्रकाश बडाईक प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुणा कुमारी प्रमुख अंजू देवी पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा सहित कई पुलिस के पदाधिकारी पुलिस के जवान एवं काफी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

जनाधिकार संघर्ष मोर्चा के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन

नवप्रदेश, जयनगर। प्रखंड के पिपचो चौक पर जनाधिकार संघर्ष मोर्चा के द्वारा रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उमेश कुमार यादव युवा नेता बरकट्ठा अरुण कुमार यादव राजकुमार पासवान बैजनाथ यादव मुख्य रूप से मौजूद थे। अध्यक्षता राजकुमार पासवान एवं संचालन अशोक सोनार ने किया। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली त्यौहार की बधाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा नेताओं में श्री यादव ने कहा है कि पूरे क्षेत्र में होली का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाने की अपील की तथा सभी लोगों को होली की ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। मौके पर अरुण कुमार यादव उमेश यादव राजकुमार पासवान बैजनाथ यादव अजय यादव महेंद्र दास विजय यादव राम जी यादव अशोक सोनार राहुल कुमार दास वीरेंद्र दास भागीरथ यादव शिव शंकर यादव भोला यादव प्रदीप यादव सकलदेव यादव मनोहर आलम सहित काफी संख्या में जनाधिकार संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

होली एवं शबे बरात को लेकर जयनगर में फ्लैग मार्च

नवप्रदेश, जयनगर। होली एवं शबे बरात को लेकर रविवार को पुलिस स्पेक्टर अवधेश सिंह, अजय सिंह एवं थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में जयनगर प्रखंड के विभिन्न इलाकों में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च प्रखंड के जयनगर बाघमारा कटिया परसाबाद तेतरौन मकतपुर सहित प्रखंड के विभिन्न इलाकों में निकाला गया। वही पुलिस इंस्पेक्टर अवधेश सिंह ने दोनों समुदाय के लोगों से कहा है कि आपसी भाईचारे से मिलकर त्यौहार को मनाएं। वहीं थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा ने कहा है कि शराब पीकर हुड़दंग करने वाले लोगों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी लोगों को किसी भी प्रकार का दिक्कत होता है तो तुरंत इसकी सूचना प्रशासन को दें ताकि आपका समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी लोगों के द्वारा भड़काऊ मैसेज फैलाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर स्पेक्टर अवधेश सिंह अजय सिंह थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा एसआई विनीता कुमारी एसआई दिलीप कुमार मंडल सहित काफी संख्या में पुलिस के पदाधिकारी एवं पुलिस के जवान मौजूद थे।

एकता का प्रतीक है होली- अमित

सैकड़ों कार्यकताओं के बीच विधायक ने मनाया होली मिलन समारोह

नवप्रदेश, जयनगर। पिपचो चौक के फूड प्लाजा के समीप विधायक ने कार्यकताओं के साथ होली मिलन समारोह मनाया। कार्यकताओं ने अबीर गुलाल लगाकर रंगो का त्यौहार होली का आगाज किया इस दौरान वर होली के गीतों पर जमकर थिरके । विधायक ने कहा कि होली में सिर्फ कुछ दिन बाकी हैं ऐसे में होली के अनोखे रंग देखने को मिल रहे हैं। होली के त्यौहार को हम सभी लोगों को हंसते खेलते सभी बीते हुए पलों को भुलाकर एक-दूसरे के साथ अबीर गुलाल लगाकर होली खेलना चाहिए। रंगों का त्यौहार होली की अपनी एक अलग पहचान है सभी रंग आपस में मिलकर एकता का परिचय देते हैं। मौके पर मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी, उप प्रमुख जयप्रकाश राम, 20 सूत्री अध्यक्ष इस्लाम अंसारी, उप प्रमुख राज नारायण सिंह, मुखिया रामेश्वर यादव ,रामजी यादव ,सुशील श्रीवास्तव, राधेश्याम यादव, दीपक सिंह, शशि भूषण चौधरी, बलराम यादव, यमुना यादव, सकलदेव यादव, कौशल यादव, नारायण यादव ,किशोर यादव , बिहारी यादव, सुनील यादव, नरेश राम, शिव शंकर यादव, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

होली व शब - ए बरात को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च

नवप्रदेश, डोमचांच। कोडरमा पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के आदेशानुसार नवलशाही व डोमचांच थाना के द्वारा आगामी त्योहार होली एवं शबे ए बरात को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर रविवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ़्लाइंग मार्च नवलशाही बाजार से खरखार, नवादा चौक, पुरनाडीह चौक होते हुए फुलवरिया समेत थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में निकाला गया। वहीं डोमचांच थाना क्षेत्र में भी फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान लोगो से त्यौहार को शांतिपूर्ण मनाए,सोशल मीडिया पर अफवाहों को ना फैलाये, शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गयी.मौके पर अंचलाधिकारी रामसुमन प्रसाद, इंस्पेक्टर अवधेश कुमार सिंह, इंस्पेक्टर अजय सिंह, नवलशाही थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, मरकच्चो थाना प्रभारी लव कुमार, जयनगर थाना प्रभारी ऋषिकेश सिन्हा, डोमचाँच थाना प्रभारी अब्दुल्लाह खान, एसआई अनिल टोपो, कुमार शिवम, एसआई पंचम तिग्गा, विनय कुमार, दिलशाद अली, रमेश मरांडी, सीडी सिंह, चंद्रशेखर पाठक समेत सशस्त्र पुलिस जवान के शामिल थे।

रामगढ़ उपचुनाव हार प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की लापरवाही का नतीजा - वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ रमेश उरांव

ओरमांझी। रामगढ़ उपचुनाव परिणाम को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव,रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के महासचिव रमेश उरांव, सरायकेला खरसावां से प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुखिया, पंचायत समिति सदस्य होनी सिंह मुण्डा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता फिरोज रिजवी मुन्ना ने कहा हाईकमान एक दिन भी बिना देरी किए हुए राजेश ठाकुर को अध्यक्ष पद से बर्खास्त करे क्योंकि नैतिकता तो प्रदेश अध्यक्ष में है ही नहीं। कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे ने कहा रामगढ़ का उपचुनाव संघर्ष, बलिदान, ममत्व, वेदना, भावनाओं का चुनाव था और यह चुनाव जानबूझकर, सोची समझी रणनीति के तहत हारा गया है। राजेश ठाकुर एवं उनके अपरिपक्व साथियों ने पहले दिन से ही हार स्वीकार कर ली थी।

लैंगिग हिंसा रोकने के लिए जेंडर आधारित भेदभाव का रोकथाम जरूरी - विशुपते श्री कांत यशवंत

मेदिनीनगर पलामू/महिलाएं यौन उत्पीड़न को मामूली घटना ना समझे।एल ए डी सी डिप्टी चीफ। छतरपुर, केंद्र सरकार के निर्देश पर लैंगिक हिंसा के खिलाफ महिलाओं व लड़कियों को जागरूक करने के लिए नई चेतना अभियान के तहत रविवार को छतरपुर नगर पंचायत के डाक बंगला में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।इसका उद्घाटन नगर पंचायत के अध्यक्ष मोहन जयसवाल , भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी छतरपुर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विशुपते श्री कांत यशबंत, छतरपुर के कार्यपालक दंडाधिकारी कामेश्वर बेदिया, लिगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, महिला थाना प्रभारी सोनी कुमारी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर छतरपुर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विशुपते श्रीकांत यशबंत ने कहा कि इस अभियान की शुरूआत महिलाओं को हिंसा के खिलाफ उपलब्ध कानूनी और अन्य उपायों के लिए की गई है ।उन्होंने कहा कि यह दुःखद है कि बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं अभी भी लिंग आधारित हिंसा को समान मानते हैं। इस दृष्टिकोण को बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यौन हिंसा को रोकने के लिए शिक्षा के स्तर को बढ़ावा देना होगा। साथ ही कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा, बलात्कार जबरन शादी, लैंगिग प्रताड़ना, शिक्षा से वंचित रखना, जेंडर आधारित भेदभाव को रोकथाम करना होगा । उन्होंने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध ना तो किसी प्रकार का हिंसा करनी चाहिए। और ना ही उसका समर्थन करना चाहिए ।उन्होंने कहा कि महिलाओं को कानून में इतना अधिकार है कि पुरुषों को जिंदगी खराब कर सकती है।इस मौके पर नगर पंचायत के अध्यक्ष मोहन जयसवाल ने कहा कि हिंसा रोकने में यह कार्यक्रम मिल का पत्थर साबित होगा।उन्होंने कहा कि जागरूकता से ही सशक्त समाज का निर्माण हो सकता हैं।मौके पर एल ए डी सी के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि लैंगिक हिंसा का मुख्य कारण आज तक पितृ सत्तात्मक मानसिकता का हावी होना है। उन्होंने कहा कि एक स्त्री गर्भावस्था से लेकर मृत्यु तक तमाम यातनाओ शोषण एवं हिंसा से गुजरती है ।हालांकि संविधान में महिलाओं और पुरुषों को समान अधिकार प्राप्त है। लैंगिग हिंसा के शिकार महिला या बच्ची को मुफ्त परामर्श ,चिकित्सीय सहायता , विधिक सहायता एवं पुलिस सहायता निशुल्क प्रदान की जाती है ।उन्होंने कहा कि महिला परामर्श केंद्र ,थाना में महिला सेल, महिला हेल्प डेस्क लैंगिग हिंसा को रोकथाम के लिए स्थापित किया गया है ।उन्होंने कहा कि लैंगिग हिंसा सबसे ज्यादा घरों के भीतर होती है। हिंसा करने वाला शोषक के अधिकतर महिला के रिश्तेदार, पति, दोस्त, सहकर्मी ,पड़ोसी, नौकर एवं अजनबी होते हैं ।उन्होंने कहा कि देश में 2021 में बलात्कार के 31हजार 677 मामले दर्ज किए गए। जबकि 2020 में 28हजार46 और 2019 में 32 हजार 33 था। उन्होंने कहा कि देशभर में 1251 लैंगिग संसाधन केंद्र स्थापित किए गए हैं ।जहां हिंसा का सामना करने वाली महिलाएं मदद मांग सकती है ।उन्होंने कहा कि 1997 में सुप्रीम कोर्ट ने विशाखा दिशा निर्देश जारी किया है ।2013 में केंद्र सरकार ने औपचारिक और अनौपचारिक दोनों क्षेत्रों में कामगारों की सुरक्षा के लिए कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम निषेध निवारण अधिनियम लागू किया है। उन्होंने कहा कि गरीबी और कलंक के डर से महिलाएं कभी खुलकर बोल नहीं पाती है ।जिसके चलते हिंसा का दर बढ़ता जाता है। उन्होंने कहा लैंगिग हिंसा और भेदभाव के खिलाफ एक आम समझ पैदा करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से महिलाओं को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान किया जाता है। जिसके तहत उन्हें केस लड़ने के लिए मुफ्त में वकील मुहैया कराया जाता है ।साथ ही कोर्ट फीस माफ किया जाता है ।और उन्हें अन्य सुविधाएं प्रदान की जाती है । उन्होंने कहा कि महिलाएं शोषण के विरुद्ध आवाज बुलंद करें कानून उनके साथ खड़ा है। इस मौके पर महिला थाना प्रभारी सोनी कुमारी ने कहा कि महिलाओं के प्रति लैंगिक हिंसा समाज के लिए बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके प्रति समाज के लोगों के साथ आप महिलाओं को भी जागरूक होना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आए दिन समाज में दहेज उत्पीड़न, बाल विवाह ,छेड़छाड़, यौन शोषण की घटनाएं घटित हो रही है जिसे रोका जाना अत्यंत आवश्यक है ।जब तक इसके लिए सार्थक प्रयास नहीं होगा तब तक इसे रोका नहीं जा सकता।मौके पर एल ए डी सी के असिस्टेंट उत्तम कुमार ने भी सेक्सुअल हराश्मेन्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी।वही एन आर एल एम के प्रवीण कुमार ने कहा कि हिंसा मानसिकता से होती है।हिंसा के कई प्रकार है।उन्होंने कहा कि लिंग का भेदभाव पहले घर से होता हैं। कार्यक्रम का संचालन कार्यपालक दंडाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने की।मौके पर समेत सैकड़ो महिलाएं उपस्थित थी।

संपादकीय

बेढंगा शहरीकरण

इस देश में शहरीकरण बिना योजना के हो रहा है। शहर बढ़ रहे हैं और खेत निगलते जा रहे हैं। इस क्रम में न सड़कों के आकार का पैमाना तय है, न ही जल के स्रोत का। शहरीकरण के क्रम में नदियां, तालाब आदि खत्म होते जा रहे हैं, जंगल नष्ट हो रहे हैं, साथ ही हर प्राकृतिक संसाधन नष्ट हो रहे हैं। गांव छोड़ कर शहरों में बसने वाले लोग प्राकृतिक संसाधनों का महत्व नहीं समझ रहे हैं। बेतरतीब ढंग से हो रहे शहरीकरण ने कई चुनौतियां पैदा कर दी हैं। इन्हीं चुनौतियों के कारण देश के छोटे-बड़े शहर गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। हमारे शहर कुल मिलाकर गंदगी, प्रदूषण, अतिक्रमण और अनियोजित विकास से उपजी अन्य समस्याओं से बुरी तरह जूझ रहे हैं। जो शहर जितना बड़ा है, वहां अनियोजित कालोनियों और झुग्गी बस्तियों की उतनी ही अधिक संख्या है। आम तौर पर ये कालोनियां और बस्तियां सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके बसायी गयी हैं। राज्य सरकारों और नगर निकायों में अवैध तरीके से बसायी गयीं बस्तियों को खत्म करके उन्हें नियोजित तरीके से बसाने की इच्छाशक्ति ही नहीं दिखाई देती। इसी कारण जब-तब आधे-अधूरे मन से सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई होती है। अधिकांशतः यह कार्रवाई किसी ठोस नतीजे पर पहुंचने के पहले ही खत्म हो जाती है। सभी इससे परिचित हैं कि आज के युग में शहर आर्थिक विकास के इंजन हैं, लेकिन उन्हें संवारने का काम न तो राज्य सरकारों की प्राथमिकता में दिखाई देता है और न ही उनके नगर निकायों के एजेंडे में। नये शहरों के विकास में तो तब भी बेहतर नगर नियोजन की इच्छा दिखाई देती है, लेकिन पुराने शहरों में पुरानी व्यवस्थाओं का समुचित आधुनिकीकरण किसी के एजेंडे में नजर नहीं आता। कहने को तो शहरीकरण के मामले में हर तरह की योजनाएं बनी हुई हैं, लेकिन आम तौर पर वे कागजों तक ही सीमित हैं। शहरीकरण की योजनाओं पर मुश्किल से ही अमल होता है। आम तौर पर अमल के नाम पर खानापूरी ही अधिक की जाती है। नगर निकायों की कार्यशैली को देखकर इस नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सकता कि वे शहरों को संवारने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शहर जिस तरह समस्याओं से घिरते चले जा रहे हैं, उन्हें देखते हुए यह कहना कठिन है कि वे नगरीय जीवन को सुविधासंपन्न बनाने और देश की अर्थव्यवस्था में योगदान देने के लिए तत्पर हैं। पहले से बसे शहरों की गलियां इतनी पतली हैं कि उनमें अग्निशमन गाड़ियां नहीं पहुंच सकतीं। बाजार के वक्त इन गलियों में जाम की समस्या आम है। किसी भी शहर में पर्याप्त पेयजल की जरूरतों को पूरा करने की योजना नजर नहीं आती है। देश के नगर निगम या नगर पंचायतों के पास शहरों को व्यवस्थित करने की योजना है ही नहीं। किसी शहर का कितना विस्तार होना चाहिए, इसकी भी कहीं कोई सोच नजर नहीं आता है। शहरों में उत्पन्न होने वाली समस्याओं को देखते हुए अब जरूरत है कि शहरों के संसाधनों की समीक्षा हो तथा उन्हें व्यवस्था किया जाये।

सामयिकी

प्रकृति की तरह रचते हैं विनोद

कृष्ण कल्पित

हिंदी के कवि-लेखक विनोद कुमार शुक्ल को अमेरिका का पेन/नेबाकोव अवॉर्ड मिला है, जिसे अमेरिका में साहित्य का ऑस्कर सम्मान समझा जाता है। यह गीतांजलि श्री को बुकर के बाद हिंदी को मिला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दूसरा बड़ा सम्मान है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इससे पहले अज्ञेय और निर्मल वर्मा जैसे हिंदी साहित्यकारों ने जो पहचान बनाई थी, वह अब अगले दौर में पहुंच चुकी है। विनोद कुमार शुक्ल हिंदी के महत्वपूर्ण कवि, कथाकार और उपन्यासकार हैं। उनकी कविता और उनके लेखन में भारतीय मध्य वर्ग की विडंबनाओं का सरल भाषा में वर्णन मिलता है। उनके पहले उपन्यास नौकर की कमीज ने दशकों पहले एक नए तरह के गद्य से पाठकों को परिचित कराया। नौकर की कमीज पर जाने-माने फिल्मकार मणि कौल इसी नाम से एक यादगार फिल्म भी बना चुके हैं। विनोद कुमार शुक्ल के कथा साहित्य में साधारण मनुष्य की मटमैली दिनचर्या धूप-छांव की तरह लहराती रहती है। इस महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सम्मान के लिए उनका चयन करते हुए जूरी ने लिखा, विनोद कुमार शुक्ल का गद्य और कविता एक सटीक और दुर्लभ ऑब्जर्वेशन है। उनकी कविताओं का स्वर गहरी मेधा से परिपूर्ण और स्वप्निल आश्चर्यों से भरा हुआ है। बरसों तक हिंदी में विनोद कुमार शुक्ल की उपेक्षा हुई। लेकिन इससे बेपरवाह वह धीमी गति से ही सही, अपनी राह चलते रहे और आधुनिकता को देखने का नजरिया पूरी तरह बदल दिया। उनके पहले कविता संग्रह वह आदमी नया गर्म कोट पहनकर चला गया विचार की तरह ने हिंदी कविता के पाठकों को एक नई सर्जनात्मक भाषा और रोजमर्रा के ओझल हो जाने वाले अनुभवों से रूबरू करवाया। उनकी अन्य कविता की किताबें हैं- कभी के बाद अभी, कविता से लंबी कविता, सब कुछ होना बचा रहेगा। नौकर की कमीज के अलावा उनके अन्य उपन्यास खिलेगा तो देखेंगे और महाविद्यालय हैं, जो हमें गद्य के नए आस्वाद से परिचित कराते हैं। बच्चों के लिए उनका उपन्यास हरी घास की छप्पर वाली झोपड़ी और बौना पहाड़ है, जिसका आनंद बड़े भी ले सकते हैं। पिछले दिनों रॉयल्टी विवाद से चर्चा में आए विनोद कुमार शुक्ल को क्या पता था कि कुछ दिनों बाद ही उन्हें पचास हजार डॉलर के प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा जाएगा! इसे संयोग ही समझना चाहिए कि इस पुरस्कार की घोषणा से पहले प्रकाशक ने उनकी सभी कृतियों के नए संस्करण प्रकाशित किए हैं, जो इस पुस्तक मेले में लोकार्पित किए गए हैं। इसे काव्यात्मक न्याय, मतलब पोएटिक जस्टिस कहना ही ठीक है। विनोद कुमार शुक्ल हिंदी के वरिष्ठतम लेखकों में से हैं, जो छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में रहते हैं। यह उल्लेखनीय है कि वह हिंदी साहित्य की परंपरा से जुड़ते भी हैं और एक नई राह का संधान भी करते हैं। वह बड़ी विनम्रता से अपनी एक कविता में कहते हैं, पेड़ अगर मिलने के लिए मेरे घर तक नहीं आ सकता, तो मैं मिलने पेड़ तक चला जाता हूं। और न केवल पेड़ से, वह मनुष्यों से भी उसी संवेदना के साथ मिलते हैं और कहते हैं, जो मेरे घर कभी नहीं आएंगे, मैं उनसे मिलने उनके पास चला जाऊंगा।

हर मोर्चे पर आगे बढ़ रहीं महिलाएं



श्रेयसी मिश्रा

देश की कुल आबादी में 50 प्रतिशत महिलाएं हैं, लेकिन आर्थिक क्षेत्र में उनका योगदान बहुत कम है। इस गैर बराबरी को पाटने में सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाएं उनके लिए जीवनदायी साबित हो रही हैं। इन योजनाओं से उनका आर्थिक सशक्तीकरण का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

महिलाओं के सशक्तीकरण और लैंगिक समानता को चिन्हित करता हुआ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह एक मार्च शुरू हो चुका है, जो 8 मार्च तक चलेगा। लैंगिक भेदभाव को खत्म करने के लिए महिलाओं के संघर्ष का इतिहास लंबा है। दरअसल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कामगारों के आंदोलन से निकला था, इसकी शुरुआत वर्ष 1908 में उस वक्त हुई थी, जब अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में करीब 15000 महिलाओं ने काम के घंटे कम करने और अच्छी तनख्वाह के लिए आंदोलन किया था। इतना ही नहीं उन्होंने मतदान का अधिकार भी मांगा था। इस आंदोलन के महज एक वर्ष बाद अमेरिका की सोशलिस्ट पार्टी ने पहला महिला दिवस मनाया। अन्य देशों ने भी महिलाओं के प्रति समानता, सम्मान, सुरक्षा और सशक्तुकरण जैसे मुद्दों को पहचाना और महिला दिवस को उत्सव के रूप में मनाने की शुरूआत की। इस बार संयुक्त राष्ट्र ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का थीम- डिजिटल ऑलः लैंगिक समानता के लिए आविष्कार और तकनीक रखा है। जिसका लक्ष्य महिलाओं और बालिकाओं की ओर से ऑनलाइन शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को लक्षित करना है।

हमारा जो सामाजिक ताना-बना, परिवेश और स्थितियां हैं, उनमें आधी आबादी को सामाजिक, आर्थिक और व्यावाहारिक रूप से बराबरी पर लाना सरकार ही नहीं, समाज के लिए भी एक बड़ी चुनौती है। महिलाएं और बालिकाएं शिक्षा, अवसर, रोजगार, स्वास्थ्य, लिंग जैसे तमाम पहलुहों पर गैर-बराबरी से जूझ रही हैं। लेकिन, इन सब चुनौतियों के बीच हालात बदलने की कोशिशें जारी हैं। महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तीकरण की दिशा में सरकारी योजनाएं काफी कारगर साबित हो रही हैं। इनसे न सिर्फ उनको आर्थिक, सामाजिक और भावनात्मक संबल मिला है, बल्कि उनकी सामाजिक स्थिति, सेहत और मनोबल पर भी सकरात्मक प्रभाव पड़ा है। बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ जैसी योजनाओं से जहां सामाजिक सोच बदली है और इससे बेटियों की शिक्षा और करियर का मार्ग खुला है। वहीं, सुकन्या समृद्धि योजना ने बालिकाओं के सुरक्षित भविष्य की नींव डालने का काम किया है। इन योजनाओं का प्रभाव अब गरीबी रेखा के नीचे जीवन बसर कर रहे परिवारों की बेटियों की सामाजिक स्थिति पर दिखाई पड़ने लगा है। परिवार में उनके साथ होनेवाला लैंगिक भेदभाव भी धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। यह एक अच्छी पहल है, जिसका असर आनेवाले समय में अधिक मुखर रूप से दिखेगा। बेटियों के साथ लैंगिक भेदभाव और कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार की योजना बेटी बचाओ, बेटी पढाओ (बीबीबीपी), योजना काफी सफल रही। वर्ष 2015 में, भारत सरकार ने देश में लैंगिक भेदभाव और महिला सशक्तीकरण की चुनौतियों से निपटने के लिए, इसकी शुरूआत थी। इस योजना का उद्देश्य लोगों को लैंगिक पक्षपात के खिलाफ शिक्षित करना और बालिकाओं के लिए कल्याणकारी सेवाओं की प्रभावशीलता में सुधार करना है। इसका उद्देश्य- बाल लिंगानुपात में सुधार, लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण, लिंग-पक्षपाती, लिंग-चयन की रोकथाम, बालिकाओं की सुरक्षा के साथ शिक्षा में बेटियों को प्रोत्साहित करना है।

8 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष

इसी तरह सुकन्या समृद्धि योजना की शुरूआत बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, अभियान के तहत की गई थी। इसके अंतर्गत 10 वर्ष के कम उम्र की बालिकाओं के नाम से उनके माता-पिता या कानूनी अभिभावक किसी भी अधिकृत बैंक या नजदीकी डाकघर में खाता खुलवा सकते हैं, जो न्यूनतम 250 रुपये से 1.50 लाख रुपये तक हो सकता है। योजना का उद्देश्य बालिकाओं की शिक्षा, विवाह आदि में होनेवाले खर्च के लिए बचत करना है, कुल अवधि 15 वर्ष है। योजना का लाभ दत्तक पुत्री को भी मिलेगा। वर्तमान में इस योजना में कई कर लाभ हैं और सभी लघु बचत योजनाओं में सबसे अधिक ब्याज दर, यानी 7.6 प्रतिशत है। जमा की गई मूल राशि, पूरे कार्यकाल के दौरान अर्जित ब्याज और परिपक्वता लाभ कर-मुक्त है। योजना की शुरूआत के बाद से, योजना के तहत लगभग 2.73 करोड़ खाते खोले गए हैं, जिनमें लगभग 1.19 लाख करोड़ रुपये जमा हैं। इसमें निवेश की परिपक्वता अवधि 21 वर्ष है। बालिका के 18 वर्ष होने पर शिक्षा के लिए 50 प्रतिशत राशि निकालने का विकल्प भी दिया गया है।

वहीं, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरूआत मई 2016 में, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की ओर से की गई थी। जिसका उद्देश्य ग्रामीण और वंचित परिवारों को खाना पकाने के लिए रसोई गैस उपलब्ध कराना था। अन्यथा पारंपरिक खाना पकाने के ईंधन- लकड़ी, कोयला, गोबर के उपले आदि का उपयोग करना, पड़ता था, इससे निकलनेवाले धुएं का प्रभाव उनकी सेहत पर सीधा पड़ता था। योजना के तहत मार्च 2020 तक वंचित परिवारों को 8 करोड़ एलपीजी कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य था। योजना के तहत एलपीजी कवरेज को 1 मई 2016 को 62 प्रतिशत से बढ़ाकर 1 अप्रैल 2021 को 99.8 प्रतिशत करने में मदद मिली। वित्त वर्ष 21-22 के केंद्रीय बजट के तहत, उज्ज्वला योजना के तहत अतिरिक्त एक करोड़ एलपीजी कनेक्शन जारी करने का प्रावधान है। इस चरण में प्रवासी परिवारों को विशेष सुविधा दी गई है।

सेना में महिलाओं को स्थाई कमीशन मिलना क्रांतिकारी निर्णय कहा जा सकता है। महिलाएं पूर्व में सेना और नौसेना में शॉर्ट टर्म सर्विस कमीशन के तहत काम करती थीं। फरवरी 2020 में सर्वोच्च न्यायालय ने ऐतिहासिक आदेश दिया, जिसमें सेना में महिलाओं के लिए स्थायी कमीशन लागू किया गया, जिसकी बदौलत वे सेवानिवृत्ति तक सेना में काम कर सकती हैं। जिन विभागों में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन दिया गया है, उनमें- न्यायाधीश एडवोकेट जनरल, सेना शिक्षा कोर, इंजीनियर, सिग्नल, आर्मी एविएशन, आर्मी एयर डिफेंस, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग, आर्मी सर्विस कॉर्प्स, आर्मी ऑर्डिनेंस कॉर्प्स, इंटेलिजेंस कोर, शामिल हैं। इस योजना से न सिर्फ सेना में महिलाएं सेना में अधिक मजबूत स्थिति में हैं, बल्कि लैंगिक भेदभाव के उन्मूलन में भी यह कारगर साबित हुई। महिलाओं की बचत करने की आदत भी उनकी ताकत रही है। अब तो केंद्र सरकार ने भी वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में महिलाओं को लिए नई बचत योजना का तोहफा दिया। इसका नाम महिला सम्मान बचत पत्र, है। इसके तहत महिला और युवतियों को अधिकतम 2 लाख रुपये की एकमुश्त राशि जमा कराने की सुविधा होगी, जिस पर 7.5 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलेगा। इस बचत जमा की अवधि दो वर्ष की है, जो मार्च 2025 तक रहेगी। अगर महिलाएं-महिला सम्मान बचत पत्र योजना का लाभ उठाना चाहती हैं, तो मार्च 2025 तक अधिकतम दो लाख रुपये की राशि जमा करवानी होगी।

पीएमएवाई के बजट में 66 प्रतिशत की बढ़ोतरी

वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में गरीब परिवारों के जीवन में बड़ा बदलाव लानेवाली- प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई), के बजट में भी इजाफा किया गया। इसके तहत अगले वित्त वर्ष के लिए पीएमएवाई का बजट बढ़ाकर 79,590 करोड़ रुपये कर दिया गया, जो मौजूदा वित्त वर्ष में 48 हजार करोड़ रुपये है। इस तरह पीएमएवाई में केंद्र सरकार ने 66 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। महिलाएं पक्के मकानों में ज्यादा सुरक्षित होती हैं, साथ ही उन्हें मौसम संबंधी परेशानी भी नहीं झेलनी पड़ती है। इसी तरह महिला सशक्तीकरण की अन्य योजनाएं हैं, जिनका दूरगामी असर आने वाले वर्षों में दिखेगा। इन योजनाओं में- वन स्टॉप सेंटर योजना, महिला हेल्पलाइन योजना, तस्करी की रोकथाम और बचाव, तस्करी के पीड़ितों के पुनर्वास और पुनः एकीकरण और वाणिज्यिक यौन शोषण के लिए व्यापक योजना सखी निवास, स्वाधार गृह (कठिन परिस्थितियों में महिलाओं के लिए योजना), महिला पुलिस वालंटियर्स, महिला शक्ति केंद्र (एमएसके), निर्भया जैसी योजनाएं हैं, जिन्होंने महिलाओं को मजबूती दी है।

रांची की युवा महिला उद्यमी डॉली कृष्णन कहती हैं कि इस वित्तीय वर्ष के बजट में प्रावधान किया गया है कि 81 लाख सोशल सेल्फ हेल्प ग्रुप (एसएसएचजी) बनेंगे, यह हम जैसी युवा महिला उद्यमियों को हिम्मत दे रहा है, क्योंकि उद्यम ही आनेवाले समय की आर्थिक शक्ति होगा। वह कहती हैं कि देश की कुल आबादी में 50 प्रतिशत महिलाएं हैं, लेकिन आर्थिक क्षेत्र में उनका योगदान बहुत कम है। इस गैर बराबरी को पाटने में सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाएं उनके लिए जीवनदायी साबित हो रही हैं। इन योजनाओं से उनका आर्थिक सशक्तीकरण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। वह कहती हैं कि महिलाएं स्वभाव से संकोची होती हैं, पर ऐसी योजनाएं उन्हें सबल और मुखर बनाने में काफी हद तक कारगर साबित हो रही हैं। वहीं, महिला उद्यमी अनु पोद्दार कहती हैं कि इस वित्तीय वर्ष में शुरू की गई महिला सम्मान बचत पत्र योजना ने महिलाओं में बचत करने की आदत को संबल दिया है। साथ ही, वह उज्जला योजना को महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए एक क्रांतिकारी कदम मानती हैं। उनका कहना है कि गांव में ग्रामीण महिलाओं को लकड़ी के चूल्हे पर खाना पकाना पड़ता था और उससे निकलने वाले धुएं का उनके स्वास्थ्य पर काफी असर होता था, लेकिन उज्जला योजना के रूप में उन्हें बड़ी राहत मिली। वहीं, सुकन्या समृद्धि योजना बेटी बढ़ाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने परिवार और समाज में बेटियों का दर्जा बढ़ाया इससे कन्या भ्रूण हत्या के मामलों में भी उल्लेखनीय कमी आई है।

(लेखिका झारखंड की वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

शेखावटी की होली और चंग की थाप



रमेश सर्राफ धमोरा

मण्डावा, फतेहपुर शेखावाटी, रामगढ़ शेखावाटी की ढफ मण्डलियां कोलकाता, मुम्बई, चेन्नई, बेंगलुरु, हैंदराबाद, सूरत,अहमदाबाद सहित देश, प्रदेश के विभिन्न शहरों में अपनी प्रस्तुति देने जाती रहती हैं। सरकारी स्तर पर इस लोककला को जिंदा रखे हुए कलाकारों को किसी भी प्रकार का प्रोत्साहन नहीं दिया जा रहा हैं।

वसंत पंचमी से ही राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र में होली का हल्ला शुरू हो जाता है। यहां के सभी गांवों के मोहल्लों में अपनी- अपनी चंग पार्टी होती है। चंग बजाने के साथ धमाल का सिलसिला गणगौर तक चलता है। चंग वादन की अभिव्यक्ति प्रभावशाली होती है। चंग पर थाप पड़ते ही लोग नाचने पर मजबूर हो जाते हैं। चंग के साथ गाये जाने वाले लोकगीतों को धमाल कहा जाता है। धमाल में होली से सम्बन्धित स्थानीय किस्से, कहावतें होती हैं। पुरुष चंग को अपने एक हाथ से थामकर और दूसरे हाथ से छड़ी के टुकड़े से व हाथ की थपकियों से बजाते हैं। साथ में झांझ, मंजीरे बजाते रहते हैं। एक घेरा बनाकर लोग धमाल गाते हैं। इसमें भाग लेने वाले पुरुष ही होते हैं, किंतु उनमें से कुछ पुरुष महिला वेष धारण कर नाचते हुये लोगो का मनोरंजन करते हैं। चंग वादन के बीच में गांव के पुरुषो द्वारा विभिन्न प्रकार के सांग निकाले जाते हैं। गांवो में ढफ मण्डली की कोई विशेष वेष-भूषा नहीं होती हैं। लोग प्रतिदिन पहनने वाले कपड़े पहनकर ही ढफ बजाते हैं।

ढफ वादन का आयोजन रात को होता है। ढफ वादन बहुत ही अनुशासित, व्यवस्थित तरीके से होता है। शेखावाटी इलाकों में देर रात तक ढप की थाप पर गूंजती होली की धमाल फाल्गुनी रंग को परवान चढ़ा देती है। गांवों की चौपालों पर रसिकों की टोलियां ढफ की थाप पर थिरकते हुए दिखाई देती हैं।

कलाप्रेमी होली तक चलने वाले इन आयोजनों में धमालों की टेर लगाते हैं। जो देखने-सुनने वालों को भी क्षेत्रीय संस्कृति के आनंद की अनुभूति करवाती है। पहले गांवों में होली के दिनो में औरतें घरों के बाहर चौक में इक्कठी होकर होली के गीत गाती थी जिन्हें क्षेत्र में होली के बधावा गाना कहा जाता है। हालांकि अब ये नजारे कम ही देखने को मिलते हैं। शेखावाटी में ढूंढ का चलन अभी भी व्याप्त है। परिवार में पुत्र के जन्म होने पर उसके ननिहाल पक्ष से कपड़े, मिठाई दिये जाते हैं, जिनकी पूजा कर बच्चे को कपड़े पहनाये जाते हैं व मिठाई मोहल्ले में बांटी जाती है। आजकल क्षेत्र में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अन्तर्गत बेटी जन्म को बढ़ावा देने के मकसद से गांवों में बेटी के जन्म पर भी ढूंढ पूजना प्रारम्भ हुआ है। जो कन्या भ्रूण हत्या रोकने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास साबित होगा।

चंग का निर्माण भेड़ के चमड़े को धूप में सुखा कर काठ के गोल घेरे में चढ़ाकर किया जाता है। इस पर हल्दी का लेप लगाया जाता है। इन चंगों पर विभिन्न प्रकार के चित्र बनाने के साथ ही ढफ मण्डलियों के नाम भी लिखे जाते हैं। वर्षों से ढफ बना रहे चिराना के दौलतराम सैनी ने बताया कि चिराना में बनने वाले ढफ वजन में हल्के व मजबूत होते हैं। ढफ का घेरा बनाने के लिए आम के पेड़ की लकड़ी काम में ली जाती है जो काफी हल्की और मजबूत होती हैं। ढफ अमूमन 22 से 32 इंच तक के होते हैं। चंगों पर मंढने के लिए भेड़ की खाल मंगवाई जाती है। खाल को आकड़े के दूध से साफ करके गुड़, मेथी, गोंद का घोल बनाकर उससे खाल को लकड़ी के घेरे पर चिपकाया जाता है। इसे छांव में ही सुखाया जाता है। नवलगढ़ में ढफ बनाने वाले मिंतर खटीक ने बताया कि वह अपना पुस्तैनी काम संभाल रहा है। लेकिन अब धीरे-धीरे चंग का प्रचलन कम होने लगा हैं। ढफ बनाने वालों का कहना है कि किसी जमाने में हमारे पास खरीदारों की लाइन लगती थी। अब स्थिति बिल्कुल विपरीत है। नए लोगों का रुझान दिन प्रतिदिन घटने तथा महंगाई के कारण इनकी ब्रिकी घटने लगी हैं। ढफ विक्रेताओं का कहना है कि आज के युवा को ढफ बजाना भी नहीं आता है वो सिर्फ कैसेट के माध्यम से ही धमाल सुनते हैं। इनकी जगह फिल्मी गानों ने ले ली हैं। पहले जहां वसंत पंचमी से ही ढफ की आवाज सुनने लग जाती थी वो अब होली पर भी सुनाई नहीं दे रही है। शहरों में जरूर कई संस्थान धमाल पार्टी का आयोजन करवाते हैं। क्षेत्र में मण्डावा, फतेहपुर शेखावाटी, रामगढ़ शेखावाटी की ढफ मण्डलियां कोलकाता, मुम्बई, चेन्नई, बेंगलुरु, हैंदराबाद, सूरत,अहमदाबाद सहित देश, प्रदेश के विभिन्न शहरों में अपनी प्रस्तुति देने जाती रहती हैं। सरकारी स्तर पर इस लोककला को जिंदा रखे हुए कलाकारों को किसी भी प्रकार का प्रोत्साहन नहीं दिया जा रहा हैं। हालात ऐसे ही रहे तो आने वाली पीढ़ी होली की बातें सिर्फ कहानियों में ही सुना करेगी।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

जब डमरूधारी बाबा शिव मां गौरी को रंगने से नहीं चूके



आत्माराम यादव

कई रसभरे गीत लावनियां अपने मधुर एवं मादक स्वरों से ब्रज ही नहीं, बल्कि लोक घटनाओं में समाए चरित्रों राधा-कृष्ण के मिले-जुले प्रेम-रंगों से भरे होली पर्व को इस सृष्टि पर जीवंत जीने वाले पात्रों सहित भारत देश की माटी में बिखरी भीनी फुहारों से उपजने वाली खुशबू को ढोलक, झांझ व मंजीरों की थाप से फागुन के आगमन पर याद करते हैं।

श्मशान जीवन के अंतिम पड़ाव की विश्रामस्थली है। यही वह स्थान है जहां मृत्यु के पश्चात शरीर स्थायी रूप से पंचतत्व में विलीन हो जाता है। रंगों की वीतरागता इस श्मशान भूमि पर किसी को भी आल्हादित नहीं करती।अजीब संयोग की बात है कि देह त्यागने के पश्चात अर्थी को जहां गुलाल-अबीर डालकर सजाया जाता है, वहां रंगों के आभास के साथ ही मृतक के सगे-संबंधियों को मृतक से सदा के लिए बिछोह पर अपूरणीय कष्टभाव को सहना नियति का बदरंग स्वरूप माना गया है। मृत्यु के आगमन पर देह के साथ रंगों से लगाव किसी को गले नहीं उतरेगा किंतु यह यथार्थ सत्य है कि जन्म से मृत्यु तक के सफर में सप्तरंगी रंगों की छटा बिखरी हुई है। ऐसे ही यदि महाकाल के प्रतिनिधि महादेव शिव श्मशान भूमि पर मुर्दे की भस्म लपेटे काले सर्पो की माला पहने बिच्छुओं का जनेऊ धारण कर विचित्र स्वरूप लिए भय की उत्पत्ति के साथ तांडवकर्ता शिव अपनी प्रकृति के विपरीत होली के रंगों की उमंग में जीवन के सारतत्व का संदेश दें तो यह अद्वितीय ही माना जाएगा।

बृजवासी ग्वाल बाल, प्रेम में पगे श्रीराधा-कृष्ण व गोपियों के बीच होली और रंगों से सराबोर जीवनशैली से वाकिफ लोगों को जगत-जननी मां पार्वती और मृत्यु के कारक शिवजी के जीवन में रंगों के महत्व को भी जानना चाहिए। एक ओर मानव हृदयाकाश विषैली विकारमयी बदलियों से ढंका राग-द्वेष से अपनी स्वच्छंदता की शाश्वत तस्वीर भूलकर अपने व्यक्तित्व की बहुआयामी दिशाओं में खुद को बंद कर बैठा है वहीं दूसरी ओर मन की धरती पर प्रतिशोध की नागफनियों से पट गया है इसलिए रंगों के स्वरूपों की मौलिकता उसके जीवन में स्वर्णमृग की तृष्णा बनकर रह गई है। होली शाश्वत काल से बुराइयों को दग्ध कर अच्छाइयों को ग्रहण करने का संदेश देती आ रही है जिससे कि वर्षभर एकत्र विकारों को धोया जा सके और उनका स्थान प्रेम, भाईचारा और सद्भाव की मधुरिमा ले सके। यह गमों को भुलाकर हंसी-खुशी मस्ती में खो जाने का वक्त होता है जिसकी सुगंध को साहित्यकारों-धर्मज्ञों ने पुराणों में अभिव्यक्त कर चिरस्थायी बना दिया है। रंगों की मादकता मृत्युंजय के लिए यहां धतूरे की तरंग से कई गुनी ज्यादा है। इसमें डूबे नंदीश्वर उमा की मोहिनी सूरत देखते हैं, जो उन्हें और भी मदहोश कर देती है-

'जटा पैं गंग भस्म
लागी है अंग संग
गिरिजा के रंग में
मतंग की तरंग है।'

विचित्रताओं की गढ़ बनी हिमालय भूमि भोले को देख पुलकित होती है। विभिन्न ध्वनियों में नगाड़े, ढोल व मृदंग आदि कर्णभेदी ध्वनियों के बीच नगेश्वर के गण फागुन की मस्ती में ये तक भूल जाते हैं कि

उनके तन पर वस्त्र है या नहीं-

'बाजे मृदंग चंग
ढंग सबै है उमंग
रंग ओ धड़ंग गण
बाढ़त उछंग है।'

एकबारगी हिमाचलवासी भोलेशंकर की बारात देखकर अवाक से रह उमा की किस्मत के लिए विधाता को कोसते हुए अपने-अपने घरों के दरवाजे बंद कर देते हैं। आज भोलेशंकर उस दूल्हा रूप से भी डरावने दिख रहे हैं, जो होली में झूम रहे हैं और उनके साथ उनके शरीर में लिपटते सर्प-बिच्छू फुफकारते हुए मस्त हो रहे हैं-

'बाघम्बर धारे
कारे नाग फुफकारे सारे
मुण्डमाल वारे
शंभु औघड़ हुए मतवारे हैं।'

होली के अवसर पर भला ऐसा कौन होगा, जो अपने प्रिय पर रंग डालने का मोह त्याग सके। सभी अपने-अपने हमजोली पर रंग डालने की कल्पना संजोए होली की प्रतीक्षा करते हैं। जब स्वयं जगत संहारक शिव उमा को रंगने से नहीं चूके तो साधारण मनुष्य अपनी पिपासा कैसे छोड़ सकता है-

'गिरिजा संग होरी खेलत बाघम्बरधारी
अतर गुलाल छिरकत गिरिजा पंहि
अरू भीज रही सब सारी।'

कितना सुहाना होगा वह दृश्य, जब डमरूधारी बाबा जगतजननी के पीछे दीवानों की तरह भागे थे। वे आंखें धन्य हैं जिन्होंने मोह-माया से परे इस लीला को देखा होगा, जब अपनी भिक्षा की झोली में रंग-गुलाल व रोली भरकर नाचते भोले बाबा को उमा के ऊपर छिड़कने का दृश्य अनुपम रहा होगा, जब-

'रोरी रे झोरी सो फैकत
अरू अब रख चमकत न्यारी
गिरिजा तन शिव गंग गिराई
हंसत लखत गौरा मतवारी।'

कैलाशवासी गौरा के तन को रंग दे तब क्या वे भोले बाबा को छोड़ देंगी? वे भी हाथ में पिचकारी लेकर अपनी कसर निकाले बिना नहीं रहेंगी। जिसे देख भले ही हंसी से ताली बजाती सखियां दूर बैठी लोट-पोट हो जाएं, फिर वे खुशी से गीत गा उठे तो मजा और भी बढ़ जाए-

'औघड़ बाबा को रंगे शैल-सुता री
अरू रंग लिए पिचकारी
फागुन मास बसंत सुहावन
सखियां गावत दे-दे तारी।'

उमा की पिचकारी से भोले बाबा का बाघम्बर भीग जाता है और शरीर में रंगी विभूति बहकर रंग केसर ही रह जाता है, तब रंग अपने भाग्य पर मन ही मन हर्षित हो उठता है। इस भाव दशा को कवि इस तरह व्यक्त करता है-

'उड़ी विभूति शंभू केसर
रंग मन में होत उलास
भीग गयो बाघम्बर सबरो
अब रख जहां प्रकाश।'

इसी तरह कई रसभरे गीत लावनियां अपने मधुर एवं मादक स्वरों से ब्रज ही नहीं, बल्कि लोक घटनाओं में समाए चरित्रों राधा-कृष्ण के मिले-जुले प्रेम-रंगों से भरे होली पर्व को इस सृष्टि पर जीवंत जीने वाले पात्रों सहित भारत देश की माटी में बिखरी भीनी फुहारों से उपजने वाली खुशबू को ढोलक, झांझ व मंजीरों की थाप से फागुन के आगमन पर याद करते हैं। यही क्रम जीवन को आनंदित करता हुआ सदियों तक जारी रहेगा और स्वर लहरियां देररात गए तक गांव की चौपालों में गूंजती रहेंगी।

भुइंया समाज के बच्चे-बच्चियों को बनाएंगे इंजीनियरः चंद्रवंशी

विश्रामपुर के गुरी गांव स्थित माता शबरी मंदिर में हुई माता शबरी की प्राणप्रतिष्ठा, भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी होगा आयोजन

विश्रामपुर पलामू/विश्रामपुर प्रखंड के गुरी गांव में रविवार को माता शबरी मंदिर में भगवान श्री राम लक्ष्मण व माता शबरी की प्रतिमा स्थापित की गई। इसे ले भारी संख्या में शबरी समाज के लोगों ने पूजन कार्यक्रम करते हुए एक ऐतिहासिक दिन की शुरूआत की। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता शबरी समाज के साहेब भुइयां व संचालन नावा बाजार पूर्व जिला परिषद सदस्य अनुज राम व रामराज भुइंया ने संयुक्त रूप से किया।

भगवान श्री राम, लक्ष्मण व माता शबरी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मौके पर गुरी गांव में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सह स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, पाटन-छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी सहित पार्टी, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, नगर मंडल प्रतिनिधि राजन पांडेय, तोलरा मुखिया रोहित तिवारी आदि ने संयुक्त रूप से किया।

बतौर मुख्य अतिथि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि गुरी गांव के लोगों ने शबरी मंदिर बनाने की मांग की। जिसकी दिशा में आगे बढ़कर मंदिर का निर्माण कराते हुए शबरी माता सहित भगवान राम व लक्ष्मण की प्रतिमा लगवाई गई। समाज में व्याप्त अशिक्षा को जड़ से मिटाने की संकल्प लेते हुए एक साहसिक निर्णय लेते हुए कहा कि बच्चे ईमानदारी पूर्वक पढ़ाई करें। भुइंया समाज के वैसे बच्चे जो इंजीनियर व ओवरसीयर बनना चाहते हैं। उन्हें आरसीआईटी में निशुल्क शिक्षा देते हुए उन्हें लक्ष्य तक पहुंचाया जाएगा। समाज के लोगों से कहा कि आप जहां भी चाहे शबरी मंदिर का निर्माण की दिशा में पहल करें निर्माण व मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा में बढ़चढ़ कर सहयोग किया जाएगा। पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि समाज की आराध्य देवी शबरी माता की प्रतिमा स्थापित कर स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने अनुकरणीय कार्य किया है। समाज के लोग इनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। भुइंया समाज में अशिक्षा व पिछड़ापन एक बड़ी समस्या है। इसे दूर करने की दिशा में सभी को मिलकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने बच्चों को प्रत्येक दिन स्कूल भेजें। वहां शिक्षा के साथ सरकारी योजनाओं का भी लाभ दिया जाता है, उसका लाभ उठाएं।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने कहा कि स्थानीय विधायक ने भुइंया समाज के लिए एक लकीर खिंचने का काम किया है? गांव में माता शबरी की मंदिर व प्रतिमा स्थापित की। कल तक लोग केवल वोट के लिए समाज के नेताओं का उपयोग करते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा समाज को आगे ले जाने की दिशा में पहल होगा। विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने कहा कि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने यह निर्णय लिया है कि भुइंया समाज के लोग जहां भी माता शबरी मंदिर व प्रतिमा लगाना चाहेंगे उसमें इनका बढ़चढ़ कर सहयोग करेंगे। शबरी मां की जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, सोना देवी, सजीवन भैया, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, नंद देव यादव, बबन राम, उपेंद्र तिवारी, राधा कुंवर कलावती देवी सहित लगभग 3000 से अधिक लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

लोगों की मनोरंजन के लिए काशी मथुरा वृंदावन से लाए गए थे कलाकार

विश्रामपुर प्रखंड के गुरी गांव में आयोजित माता शबरी मंदिर में भगवान श्री राम सहित लक्ष्मण व माता शबरी की प्राण प्रतिष्ठा को ले आयोजित कार्यक्रम में भव्य तरीके से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां हजारों हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां कलाकार के द्वारा गीत संगीत प्रस्तुत किया गया। वहीं वृंदावन, काशी व मथुरा से आमंत्रित कलाकारों के द्वारा झांकियां निकाली गई। जो कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र रहा। बताया कि कार्यक्रम में आने वाले सभी लोगों के लिए भोजन आदि की व्यवस्था भी की गई है।

हेमंत सोरेन को देश का सबसे कंफ्यूज मुख्यमंत्री : दीपक प्रकाश

बोकारो। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने हेमंत सोरेन को देश का सबसे कंफ्यूज मुख्यमंत्री बताया है। उन्होंने कहा कि हेमंत अपने ही बातों पर टिक नहीं पाते। श्री प्रकाश ने बोकारो परिसदन में मीडिया कर्मियों से बात करते हुए भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था, नियोजन और स्थानीय नीति के सवाल पर राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। दीपक प्रकाश ने कहा कि 23 साल के झारखंड में साढ़े 10 वर्षों तक यूपीए ने शासन किया। जब जब यूपीए में राज्य में शासन किया तब तब यहां विकास के नाम पर विनाश हुआ और भ्रष्टाचार को शिष्टाचार बना दिया। जब यहां आईएएस और इंजीनियर क्या छापा पड़ता है तो करोड़ों रुपए बरामद होता है यहां अनुबंध से लेकर जिस किसी भी कर्मी के यहां छापा पड़ता है तो इस यूपीए के राज में भ्रष्टाचार की पोल खुल जाती है। दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार को नौजवानों से कोई लेना-देना नहीं इसीलिए देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी झारखंड में है। नियोजन नीति पर सवाल उठाते हुए दीपक प्रकाश ने कहा कि देश के पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं जो अपने बातों पर स्टैंड नहीं कर पाते हैं और उन्हें नियोजन नीति के बारे में पता भी नहीं रहता है।

प्रखण्ड कांग्रेस कमिटि के द्वारा आज एलआईसी और एसबीआई के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन

रांची। रविवार को झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्षराजेश ठाकुर ने कांग्रेस भवन, रांची में संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष श्री ठाकुर ने कहा कि अडानी समूह के शेयरों में निरंतर बिकवाली के कारण 31 दिसंबर 2022 से समूह में एलआईसी के शेयरों के मूल्य में आश्चर्यजनक रूप से 52000 करोड़ रुपये की गिरावट आई है। इनका मूल्य अब मात्र 32000 करोड़ रुपये रह गया है और एलआईसी तथा इसके करोड़ों पॉलिसीधारकों द्वारा कमाया गया सारा लाभ, जो अब हम सभी जानते हैं कि स्टॉक मार्केट में हेरफेर और मनी लॉन्ड्रिंग के कारण हुआ था, उस सारे लाभका सफाया हो गया है और एलआईसी को एक बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। किसने भारतकी वित्तीय प्रणाली के इस स्तंभ को आपके पसंदीदा व्यवसायी के लिए, इतने जोखिम भरे सौदे में शामिल होने के लिए मजबूर किया? भारत के नागरिकों की बचत के साथ खेले गए इस जुए के लिए आपको कब जवाबदेह ठहराया जाएगा? आज जबकि एमएससीआईएस एस-पी डाउ जोन्स और एफटीएसई रसेल जैसी प्रमुख मार्केट इंडेक्स प्रदाता कंपनियां अदानी समूह की फर्मों के भारांक व्हेटेज की समीक्षा कर रही हैं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसईद्वारा निवेशकों की सुरक्षा के लिए कोई गंभीर कार्रवाई करने में विफल रहा है। इसके विपरीत एनएसई ने 17 फरवरी 2023 को घोषणा की कि वर्तमान में शेयर बाजारों में डूब रही अदानी समूह की कंपनियों में से अतिरिक्त 5 को 14 सूचकांकों में शामिल किया जाएगा। इससे कई वित्तीय सलाहकारों ने अपने ग्राहकों को इन फंडों में निवेश न करने की सलाह दी है जो उन सूचकांकों का बेंचमार्क के रूप में उपयोग करते हैं। लेकिन लाखों असहाय निवेशकों पर अभी भी उनकी गाढ़ी कमाई से इन डूब रही अडानी समूह की कंपनियों को उबारने के लिए मजबूर होने का खतरा मंडरा रहा है। क्या आप अपने करीबी दोस्त को इस संकट से उबारने के लिए एनएसई पर दबाव बना रहे हैं कि सेबी को यह सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई करने की अनुमति क्यों नहीं दी जा रही है कि लाखों निवेशकों का एक डूबते हुए व्यावसायिक समूह में निवेश कराकर उनसे धोखाधड़ी न हो यदि प्रधानमंत्री और उनकी सरकार को इस मामले में जवाबदेह ठहराया जाना है। तो जेपीसी के अतिरिक्त कोई भी अन्य समिति इस मामले में सारे दोषियों को वैध ठहराने और दोषियों को दोष. मुक्त कराने की कवायद के अलावा और कुछ नहीं होगी। पिछले 20 दिनों में रोज कांग्रेस पार्टी ने 3 सवाल उठाए हैं। आज भी सवाल उठाया गया है। आज भी तीन सवाल उठाए गए हैं 60 सवाल हमने उठाए हैं। कोई सुप्रीम कोर्ट की जांच समिति इसका जवाब नहीं दे सकती। ये जवाब सिर्फ एक जेपीसी के माध्यम से ही मिल सकता है। तो ये समिति अपना काम करेंगीए हमारी कोई अपेक्षाएं नहीं हैं। यहाँ.वहाँ कुछ नियम का उल्लंघन हुआ है कुछ कानून का उल्लंघन हुआ है पर जो मोटे मुद्दे हैं जो हम रोज उठा रहे हैं जो हमारे नेता राहुल गांधी जी ने उठाया था लोकसभा में ये जो एक्सपोज किया गया जो हमारे नेता मल्लिकार्जुन खरगे जी ने राज्यसभा में उठाया थाए जो एक्सपोज कराया गया उन सवालों का जवाब सिर्फ जेपीसी के माध्यम से ही देश के सामने आ सकता है। क्योंकि ये जो मामला है वहाँ तक सीमित नहीं है। असली मामला ये है कि राजनीतिक और कॉर्पोरेट सांठ.गांठ है। तो ये सुप्रीम कोर्ट की समिति के टर्म ऑफ रेफरेंस में नहीं होगाए है ही नहींए मैंने देखा है। दो महीने के अंदर क्या जांच कर पाएगीए सरकार कितनी जानकारी उनको देगीए सभी लोग सक्षम हैंए बड़े.बड़े नाम हैंए उद्योग जगत के नाम हैं न्यायपालिका के नाम हैंण्ण पर ये मामला ऐसा हैए इतना बड़ा फैलाया गया है कि सिर्फ जेपीसी ही इसकी जांच कर सकती है। 8 महीने लगें 9 महीने लगें 10 महीने लगें। आप तो जानते हैं कि हर्षद मेहता के मामले में केतन पारेख के मामले में करीब एक साल जेपीसी में चर्चा हुई। प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के द्वारा 6 तारीख को प्रखण्ड के एलआईसी और एसबीआई के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन और 13 तारीख को झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा राजभवन के समक्ष अदानी प्रकरण के खिलाफ धरना प्रदर्शन

स्वस्थ नारी, स्वस्थ भारत थीम पर नगर परिषद ने निकाली साइकिल रैली

गुमला। उपायुक्त सुशांत गौरव के निर्देश पर नगर परिषद की शहरी आजीविका मिशन की टीम ने रविवार को साइकिल रैली निकाली। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से 3 दिन पूर्व स्वस्थ नारी, स्वस्थ भारत विषय पर आयोजित इस साइकिल रैली की अगुवाई कार्यपालक मजिस्ट्रेट रश्मि कुमारी मिंज तथा गुमला महिला थाना प्रभारी सुनीता कुमारी ने की। वहीं इस रैली को हरी झंडी दिखाने का काम श्रीमती मंजू देवी ने की। मंजू देवी ने पिछले सप्ताह कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार की अपील पर हड़िया व्यवसाय छोड़कर वैकल्पिक जीविका को अपनाया है, साथ ही वे शहर की अन्य महिलाओं को भी हड़िया व्यवसाय को छोड़ने को प्रेरित कर रही हैं। रैली का संयोजन नगर मिशन प्रबंधक राहिल डुंगडुंग तथा सामुदायिक संगठनकर्ता विमला देवी ने किया। इस मौके पर मजिस्ट्रेट रश्मि मिंज तथा महिला थाना प्रभारी सुनीता कुमारी ने कहा कि साइकिल चलाना न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए हितकारी है बल्कि पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से भी जरूरी है। इसलिए हम सभी को दिनचर्या में साइकिलिंग जरूर करनी चाहिए। विश्व महिला दिवस के उपलक्ष में आयोजित इस रैली में महिला अधिकारियों तथा सभी महिला प्रतिभागियों ने गुमला शहर में महिला सशक्तिकरण की दिशा में अपने अपने स्तर पर योगदान देने का संकल्प लिया। इस दौरान नगर परिषद की वार्ड पार्षद अनीता सिंह, लेखापाल अरशद अली तथा रौनक पांडे आदि भी मौजूद थे। रैली का शुभारंभ टाउन हॉल से किया गया तथा कलेक्ट्रेट परिसर के निकटवर्ती सभी मार्गों का क्रमागत भ्रमण करते हुए स्टेडियम में समापन किया गया। जिला प्रशासन की पहल से जिले में मिर्गी एवं अन्य मस्तिष्क रोगों से प्रसित मरीजों के लिए लगाया गया निः शुल्क जांच एवं दवा वितरण शिविर रांची के रिम्स अस्पताल के मशहूर मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ एवं न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र कुमार एवं उनकी टीम ने किया मिर्गी मरीजों का निः शुल्क जांच मिर्गी जैसे गंभीर बीमारी के संबंध में सभी सीएचओ एवं अन्य मेडिकल टीम को दी डॉ सुरेंद्र कुमार द्वारा दिया गया प्रशिक्षण गुमला। उपायुक्त सुशांत गौरव की पहल से जिले के मिर्गी के मरीजों एवं अन्य मानसिक रोगियों के इलाज के लिए एक पहल करते हुए प्रोजेक्ट आशा के तहत निः शुल्क जांच शिविर का आयोजन आज रविवार को सुबह 9 बजे से शाम के 5 बजे तक सदर अस्पताल परिसर में किया गया। शिविर में लगभग 500 से अधिक मरीज पहुंचे एवं उन्होंने निः शुल्क अपना जांच करवाया। साथ ही मरीजों को मिर्गी एवं मस्तिस्क से जुड़े रोग से होने वाली समस्याओं से जागरूक किया गया। शिविर में रांची रिम्स अस्पताल के मशहूर मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ एवं न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र कुमार एवं उनके टीम के द्वारा सभ सभी मरीजों का निः शुल्क जांच किया गया साथ ही उनके इलाज के लिए मुफ्त में दवा का भी वितरण किया गया। इस दौरान डॉ सुरेंद्र कुमार के द्वारा जिले के सभी सीएचओ एवं मेडिकल टीम को मिर्गी एवं मस्तिस्क रोग से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव एवं एसडीओ सदर शामिल रहें। प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल हुए सभी सीएचओ एवं मेडिकल टीम को संबोधित करते हुए डॉक्टर सुरेंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि दुनियाभर में एक हजार में से 10 लोग मिर्गी की चपेट में हैं। समय पर बीमारी की पहचान होने पर इसका इलाज संभव है।डॉक्टरों के मुताबिक फेमिली हिस्ट्री होने या दुर्घटना के कारण दिमाग में चोट लगने के कारण भी यह बीमारी हो सकती है। हालांकि ज्यादतर केसों में इसका कारण पता नहीं लग पाता। मिर्गी एक न्यूरोलॉजिकल रोग है जिसमें दिमाग का कामकाज प्रभावित हो जाता है। इसमें मरीज कभी-कभी चेतना खो सकता है इसके साथ बेहोशी या फिर आंतों या ब्लैडर पर नियंत्रण खत्म हो सकता है। मिर्गी के दौरों की पुष्टि तब तक नहीं होती, जब तक व्यक्ति को एक या दो से ज्यादा बार दौरा न पड़ जाए। यह बीमारी किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि मिर्गी को लेकर समाज में कई तरह की गलत धारणाएं भी बनी हुई हैं, जिनका निवारण केवल जागरूकता से ही हो सकता है। उन्होंने कहा कि मिर्गी का इलाज अच्छे डॉक्टर के निगरानी एवं सही दवाइयों के सेवन से इनके दुष्प्रभाव को कम किया जा सकता है। कुछ केसों में मिर्गी का इलाज सर्जरी से भी संभव है। इस दौरान जिला के उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा प्रोजेक्ट आशा की शुरुआत की गई है जिसके तहत मिर्गी एवं मस्तिस्क से संबंधित बीमारियों का निः शुल्क शिविर के माध्यम से इलाज करवाया जाएगा जिसकी शुरुआत आज से की गई है। भारत में पहली बार मिर्गी के इलाज हेतु इस प्रकार के शिविर का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जानकारी के अभाव से लोग मिर्गी के दौरे को अंधविश्वास के रूप में लेते हुए झाड़ फूंक करवाते है जिस कारण मरीजों को उचित इलाज नही मिल पाता है। मिर्गी की बीमारी मस्तिस्क से जुड़ी एक बीमारी है जिसका इलाज संभव है। इस प्रकार के शिविर के माध्यम से लोगों को इस बीमारी से बचाने का प्रयास जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। साथ ही इस शिविर के माध्यम से लोगों के इलाज से साथ साथ उन्हे इस बीमारी के प्रति जागरूक करना भी है। शिविर में आए लोगों ने बेहद हर्ष प्रकट करते हुए जिला प्रशासन के टीम को धन्यवाद किया। लोगों के चेहरे पर खुशी के साथ साथ जिला प्रशासन के प्रति विश्वास की एक और कड़ी जुड़ती नजर आई। सुबह 9 से 5 बजे तक लगे इस शिविर में लगभग 500 से अधिक लोगों ने आकर अपना निः शुल्क जांच करवाते हुए मुफ्त में दवा लिया। इस शिविर में डॉक्टर्स के पूरे टीम ने मरीजों की समस्याओं को सुना एवं ऑन द स्पॉट दवा एवं आवश्यक सुझाव दिया। जिला प्रशासन द्वारा इन मरीजों के ठीक होने तक लगातार समय समय पर शिविर लगाया जाएगा।

अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शत्रुघ्न कुमार शत्रु के नेतृत्व में घर-घर पर्चा वितरण कर 14 मार्च को रांची चलने की अपील किया

मेदिनीनगर पलामू/ अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शत्रुघ्न कुमार शत्रु के नेतृत्व में मेदिनीनगर में घर-घर महासभा का पर्चा वितरण कर झारखण्ड में 60 लाख से ज्यादा आबादी वाले अनुसूचित जाति के साथ भीषण उपेक्षा के खिलाफ आगामी 14 मार्च 2023 को रांची के मोरहाबादी मैदान आयोजित विशाल महारैली में तन-मन व धन से सहयोग कर सफल बनाने की अपील की गई। आज गायत्री मंदिर रोड में सघन जन सम्पर्क अभियान अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बुद्धिनारायण पासवान, जिलाध्यक्ष पलामू कृष्णा राम, संगठन सचिव अजय भुईयां, केन्द्रीय सदस्य नागेन्द्र प्रसाद, केन्द्रीय सदस्य नन्दकिशोर रजक, गोपाल रजक, सत्येन्द्र राम, रामस्वरूप राम समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। उक्त अवसर पर लोगों को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने कहा की झारखण्ड में 14 मार्च का दिन अधिकार मार्च का दिन है। जिस तरीके से हमारी बड़ी आबादी को हासिल पर धकेलने की तैयारी केन्द्र व राज्य सरकार कर रही है, उसके खिलाफ 14 मार्च को मोरहाबादी में हल्ला बोलना जरुरी है। आपस में थोड़ा-थोड़ा चंदा इकट्ठा कर छोट-बड़े साधनों का प्रयोग कर रांची रैली को सफल बनावे।

आजसू पार्टी ने रामगढ़ विस जीत पर विजय जुलूस व होली मिलन समारोह का किया आयोजन

आपसी प्रेम भाईचारा को बढ़ावा देती है होली पूर्व विधायक शिवपूजन

हरिहरगंज पलामू/झारखंड प्रदेश के रामगढ़ विधानसभा सीट के लिए हुए उपचुनाव को एनडीए गठबंधन के आजसू पार्टी प्रत्याशी सुनीता चौधरी के हुए जीत के उपलक्ष में हरिहरगंज आजसू पार्टी के नेताओं तथा कार्यकताओं ने रविवार को विजय जुलूस निकाला, साथ ही हरिहरगंज हुसैनाबाद विधानसभा के पूर्व विधायक सह आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया। विजय जुलूस एनएच 98 मेन रोड से शुरू होकर न्यू बस स्टैंड पुरानी बस स्टैंड अररुआ मोड़, मेन बाजार का भ्रमण कर पूर्व विधायक आवास पर पहुंचकर होली मिलन समारोह में तब्दील हो गया। इस मौके पर कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने कहा कि जीत आखिर सच की होती है। रामगढ़ उपचुनाव के परिणाम से प्रदेश से झारखंड महागठबंधन हेमंत सरकार की उल्टी गिनती की शुरूआत हो गई है। होलिका दहन के साथ ही भ्रष्टाचार रूपी अंधेरा मीठे साथ ही समाज में समरसता सौहार्द शांति अमन चैन का माहौल बने यही कामना है। रंगों का त्योहार होली आपसी भाईचारा प्रेम का बढ़ावा देती है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से शांति सौहार्द पूर्ण वातावरण में होली मनाने की अपील की है। विजय जुलूस में बम पटाखे आतिशबाजी के साथ ही लोगों ने एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर रामगढ़ विधानसभा जीत तथा होली पर्व की बधाई दी। विजय जुलूस व होली मिलन समारोह में मुख्य रूप से आजसू के जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी, उपाध्यक्ष विशाल कुमार वर्मा, प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, जिला सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा,रामजी पासवान, नगर अध्यक्ष प्रेम गौरव, प्रखंड उपाध्यक्ष सोनू जयसवाल, रंजीत वर्मा, डॉ वीरेंद्र सिंह, पंकज मौर्या, मुखिया जितेंद्र पासवान, डॉ लक्ष्मण प्रसाद, विनोद यादव, राजेंद्र यादव, सुदामा मेहता, जवाहिर मेहता, अजय मेहता, मुखिया अरुण मेहता, बिंदेश्वरी मेहता, धर्मेंद्र पटेल, अखिलेश्वर सिंह, दिनेश मेहता, डॉ बलदेव कुमार, करण राजवीर, सरवन भुइया, अरविंद बोस, विजय मेहता, मंटू कुशवाहा, फंटूश कुशवाहा, मिंटू मेहता, आकाश मेहता सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

टंडवा एनटीपीसी प्लांट में कोयला स्टॉक होते ही प्रदूषण का प्रकोप बढ़ा

टंडवाः औद्योगिक नगरी नाम से चर्चित टंडवा में संचालित एनटीपीसी महारत्न कंपनी में अब प्रदूषण का प्रकोप विस्थापित गांव में बढ़ने लगा है। एनटीपीसी प्लांट परिसर में कोयले का स्टॉक होते ही कोयले से काला टेस्ट उड़ने लगा है। जिससे आसपास के गांवों में अब कोयले के काली प्रदूषण से लोगो भयभीत नजर आ रहे हैं। बताया गया इस प्रदूषण पर काबू पाने के लिए प्रबंधन की ओर से कोई मानक उपाय नहीं किया गया है। गर्मी आने के पहले ही प्रदूषण के प्रकोप में आसपास के लोग आ गए है। राहम पंचायत के मुखिया विश्वजीत उरांव ओर उप मुखिया मोहन टोप्पो से पूछे जाने से कहा एनटीपीसी ओर उसके सहयोगी कंपनी से जानता जन्म काल से ही परेशान हैं। प्रदूषण पर काबू पाने को लेकर किसी प्रकार कोई पहल नहीं की गई है। लोगों ठगा ठगा महसूस कर रहे हैं। गर्मी आने से पहले ही लोगों को एनटीपीसी प्लांट परिसर में कोयले यार्ड से उड़ते धूल कण कोयले के डस्ट से बीमारी का भय सता रहा है। राहम मुखिया विश्वजीत उरांव और उप मुखिया मोहन टोप्पो ने कहा एनटीपीसी प्रबंधन प्रदूषण पर काबू नहीं पाया गया तो आंदोलन करने की भी चेतावनी दी है। वही विस्थापित गांव गाडिलोंग पंचायत के मुखिया सबिता खातून ने कहा प्लांट खुलने से लोगों को बहुत उम्मीद जगी थी। जिस पर एनटीपीसी को खरा उतरने की आवश्यकता है। वही प्रदूषण पर ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। एनटीपीसी परिषर में कोयले स्टॉक से उड़ रहे धूल कन डस्ट पर एनटीपीसी प्रबंधन को तत्काल पानी छिड़काव सहित मानक उपाय करने की जरूत है। यदि इसी तरह से प्रदूषण बढ़ते जाएगा तो लोगों में अनेक बीमारी से ग्रस्त हो जाएंगे। लोगो की सांसे लेने में भी समस्या उत्पन्न हो जाएगा।

पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर देशी कट्टा और जिन्दा कारतूस के साथ अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

चैनपुर पलामू – चैनपुर थाना क्षेत्र के कंकारी गाँव से गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में घूम रहे एक अपराधी रंजीत कुमार सिंह को किया गिरफ्तार, गिरफ्तार अपराधी के पास एक देशी कट्टा ,दो जिन्दा गोली ,एक मोबाइल फोन और एक बाइक किया बरामद,गिरफ़्तार अपराधी को आर्म्स एक्ट के तहत भेजा गया जेल,आईपीएस ऋषभ गर्ग ने प्रेसवार्ता कर मामले की दी जानकारी।

निः शुल्क जांच शिविर का आयोजन 500 से अधिक मरीज पहुंचे

गुमला। गुमला जिला उपायुक्त सुशांत गौरव द्वारा जिले के मिर्गी के मरीजों एवं अन्य मानसिक रोगियों के इलाज के लिए एक पहल करते हुए प्रोजेक्ट आशा के तहत निः शुल्क जांच शिविर का आयोजन रविवार को सदर अस्पताल परिसर में किया गया। शिविर में लगभग 500 से अधिक मरीज पहुंचे एवं उन्होंने निः शुल्क अपना जांच कराया। साथ ही मरीजों को मिर्गी एवं मस्तिस्क से जुड़े रोग से होने वाली समस्याओं से जागरूक किया गया । शिविर में रांची रिम्स अस्पताल के मशहूर मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ एवं न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र कुमार एवं उनके टीम के द्वारा मरीजों का निः शुल्क जांच किया गया साथ ही उनके इलाज के लिए मुफ्त में दवा का भी वितरण किया गया। इस दौरान डॉ सुरेंद्र कुमार के द्वारा जिले के सभी सीएचओ एवं मेडिकल टीम को मिर्गी एवं मस्तिस्क रोग से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल हुए सीएचओ एवं मेडिकल टीम को संबोधित करते हुए डॉक्टर सुरेंद्र ने कहा कि दुनियाभर में एक हजार में से 10 लोग मिर्गी की चपेट में हैं। समय पर बीमारी की पहचान होने पर इसका इलाज संभव है।डॉक्टरों के मुताबिक फेमिली हिस्ट्री होने या दुर्घटना के कारण दिमाग में चोट लगने के कारण भी यह बीमारी हो सकती है। हालांकि ज्यादतर केसों में इसका कारण पता नहीं लग पाता। मिर्गी एक न्यूरोलॉजिकल रोग है जिसमें दिमाग का कामकाज प्रभावित हो जाता है। इसमें मरीज कभी-कभी चेतना खो सकता है इसके साथ बेहोशी या फिर आंतों या ब्लैडर पर नियंत्रण खत्म हो सकता है। मिर्गी के दौरों की पुष्टि तब तक नहीं होती, जब तक व्यक्ति को एक या दो से ज्यादा बार दौरा न पड़ जाए।यह बीमारी किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है।उन्होंने कहा कि मिर्गी को लेकर समाज में कई तरह की गलत धारणाएं भी बनी हुई हैं, जिनका निवारण केवल जागरूकता से ही हो सकता है। उन्होंने कहा कि मिर्गी का इलाज अच्छे डॉक्टर के निगरानी एवं सही दवाइयों के सेवन से इनके दुष्प्रभाव को कम किया जा सकता है। कुछ केसों में मिर्गी का इलाज सर्जरी से भी संभव है। इस दौरान जिला के उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा प्रोजेक्ट आशा की शुरूआत की गई है जिसके तहत मिर्गी एवं मस्तिस्क से संबंधित बीमारियों का निः शुल्क शिविर के माध्यम से इलाज करवाया जाएगा जिसकी शुरूआत आज से की गई है।भारत में पहली बार मिर्गी के इलाज हेतु इस प्रकार के शिविर का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जानकारी के अभाव से लोग मिर्गी के दौरे को अंधविश्वास के रूप में लेते हुए झाड़ फूंक करवाते है जिस कारण मरीजों को उचित इलाज नही मिल पाता है। मिर्गी की बीमारी मस्तिस्क से जुड़ी एक बीमारी है जिसका इलाज संभव है। इस प्रकार के शिविर के माध्यम से लोगों को इस बीमारी से बचाने का प्रयास जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। साथ ही इस शिविर के माध्यम से लोगों के इलाज से साथ साथ उन्हे इस बीमारी के प्रति जागरूक करना भी है।

350 किलोग्राम जावा महुआ किया गया नष्ट, 100 लीटर अवैध जुलाई शराब जब्त

रामगढ़। रामगढ़ जिले में अवैध शराब पर रोक लगाने के उद्देश्य से एवं आगामी होली पर्व के मद्देनजर उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद, अजय कुमार गोंड द्वारा टीम गठित कर नियमित रूप से जिले के विभिन्न क्षेत्रो में अवैध शराब के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को वेस्ट बोकारो ओपी अंतर्गत चैनपुर एवं बड़गांव क्षेत्र में उत्पाद छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान लगभग 350 किलोग्राम जावा महुआ जब्त कर नष्ट किया गया वही 100 लीटर अवैध चुलाई शराब स्थल से जब्त किया गया जिसके उपरांत इस संबंध में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

होली एकता, भाईचारा का प्रतीक-शौलू

चैनपुर पलामू/चट्टीपर चैनपुर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन शैलेन्द्र कुमार शौलु, प्रभु राम जी, नंद कुमार पासवान जी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर शैलू ने कहा कि होली एकता और भाईचारा का प्रकिक है। होली भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। प्रभु जी ने कहा कि होली का इतिहास बहुत पुराना है। इस पर्व से वैमनस्य मिटता है समाज में एकजुटता बढ़ती है, नंद कुमार पासवान जी ने कहा कि होलिका दहन में समाज में व्याप्त बुराई को जला देना चाहिए। होली मिलन में दुगोला का भी आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सोनू पासवान, रंजीत पासवान, मनोज पासवान,मनोज कुमार संटू पासवान, राम प्रसाद, संतोष गुप्ता, आवधेश पासवान,विनोद पासवान (व्यास) गुड्डे पासवान, जय प्रकाश, विकाश कुमार, छोटू आदि सैकड़ों अभिभावक गन उपस्थित थे।

अवैध लकड़ी लदा ट्रैक्टर जब्त, वन विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

चतरा। झारखंड-बिहार सीमा पर स्थित प्रतापपुर थाना क्षेत्र में सक्रिय लकड़ी माफियाओं के विरुद्ध वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। उतरी वन प्रमंडल अंतर्गत जिले के प्रतापपुर वन क्षेत्र के चरका रहरिया गांव के समीप से वन विभाग और प्रतापपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध लकड़ी लदा ट्रैक्टर जप्त किया है। लकड़ी कारोबारियों के द्वारा उक्त लकड़ी को बिहार के सलैया में खपाने की योजना थी। हालांकि जब्त ट्रैक्टर कहा का है और वाहन मालिक कौन है वन विभाग के अधिकारी इसकी जांच कर रहे हैं। छापेमारी टीम का नेतृत्व कर रहे वनपाल आशीष पांडेय ने बताया कि रेंजर राजबल्लभ पासवान को गुप्त सूचना मिली थी कि लकड़ी माफिया रात के अंधेरे में ट्रैक्टर में अवैध लकड़ी लोड कर अनगड़ा एवं डुमरवार जंगल की ओर से आ रहे है। सूचना के आधार पर वन विभाग और पुलिस की स्पेशल टीम गठित कर तड़के सुबह करीब चार बजे चरका गांव में छापेमारी अभियान चलाकर कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। हालांकि रात के इस करवाई में अंधेरे का लाभ उठाते हुए लकड़ी माफिया और चालक मौके से भागने में सफल रहे। जिसके बाद वन विभाग की टीम अवैध लकड़ी लदे ट्रैक्टर को जब्त कर वन परिसर ले आई। जहां वन अधिनियम के तहत वाहन मालिक और लकड़ी माफियाओं की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है। वन विभाग के इस कार्रवाई से अवैध लकड़ी तस्करी करने वालों में हड़कंप है।

ग्रामीणों ने शिवपुर-कठौतिया रेलवे निर्माण कार्य कराया बन्द

चतरा। चतरा के टंडवा में निमार्णाधीन शिवपुर-कठौतिया रेलवे लाईन के निर्माण कार्य मे लगे कम्पनी के मनमाने रवैए के विरुद्ध ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। कम्पनी और ठेकेदार के मनवाने रवैये और फुलवरिया गांव के ग्रामीणों ने मुआवजे की भुगतान व मिट्टी ढुलाई मे लगे वाहनो से उड़ते धूल-कण और बढ़ते प्रदूषण से नाराज ग्रामीणों ने रेलवे के निर्माण कार्य मे लगे दर्जनो वाहनो को खड़ा कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी और ठेकेदार अपने निजी फायदे के लिए हजारों ग्रामीणों की जिंदगी नर्क में झोंक रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कंपनी के दर्जनों हाईवा के 24 घंटे मिट्टी धुलाई में लगे रहने के कारण पूरे गांव में धूलकण उड़ता रहता है। ऐसे में कंपनी के लोग नियमित रूप से पानी का छिड़काव करने के बदले सिर्फ अपना काम निकालने में लगे हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जब तक गांव मे समुचित पानी का छिड़काव और बकाया मुआवजा का भुगतान नहीं किया जाता है तब तक रेलवे का निर्माण कार्य बन्द रहेगा।

होली मिलन कार्यक्रम रंग धनक का हुआ आयोजन

जमशेदपुर। भूमिहार महिला समाज, झारखंड की ओर से रविवार को कदमा ब्रह्मर्षि भवन में होली मिलन का कार्यक्रम रंग धनक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी सहजानंद सरस्वती जी के माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से की गई। कार्यक्रम में स्वरुचि भोजन और रंग गुलाल खेला गया। इस कार्यक्रम में सुमीता नूपुर और रीना ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में एवं डॉ अनीता शर्मा और उर्मिला सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सुमीता नूपुर ने महिला समाज की प्रगति और उत्थान को लेकर अपने विचार व्यक्त किए और महिला समाज को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने हेतु एकजुट होने का आह्वान किया।वही रीना ठाकुर ने विश्व महिला दिवस और नारी शक्ति के महत्व को बताया।

करनडीह जोहार ढिशूम में बाहा पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया

जमशेदपुर। रविवार को पूर्वी सिंहभूम जिले के करनडीह जोहार ढिशूम में बाहा पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर पोटका के विधायक संजीव सरदार ने कहा कि यह पूजा अर्चना आने वाले साल के सुख समृद्धि के लिए की जाती है। इस बाहा पर्व में कई लोग मन्नत पूरा होने पर पूजा करने आते हैं और वैसे लोगों को पारंपरिक वेशभूषा में धूमधाम से वापस घर तक हम लोग पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति को बचा कर रखें, तभी जल, जंगल ,जमीन बचा रहेगा। सभी लोगों को चाहिए कि अपनी संस्कृति को वह नहीं छोड़े और अपनी संस्कृति परंपरा को निभाएं।

आनंदमर्गियों ने मनाया दधीचि दिवस

मेदिनीनगर पलामू/आनंद मार्ग जागृति केंद्र में 6 घंटे का कीर्तन बाबा नाम केवलम कीर्तन भजन करके अपने 12 घंटे का निर्जला उपवास तोड़ा। वरिष्ठ मार्गी बैजनाथ जी ने बताया कि 5 मार्च 1967 को कम्युनिस्टों ने आनन्दमार्ग प्रचारक संघ के केंद्रीय कार्यालय, आनंद नगर पर हमला किया था। हमला करनेवालों का कुत्सित इरादा था कि आनन्दमार्ग प्रचारक संघ के संस्थापक बाबा श्री श्री आनंदमूर्ति जी की हत्या कर आनन्दमार्ग को खत्म कर दिया जाए। इन अमानवीय, धर्म विरोधी, संत्रासी ,बदमाशों और अनैतिक ताकतों ने निरीह निहत्थे पांच धर्म रक्षक आध्यात्मिक सैनिकों की नृशंस हत्या कर दी थी। उन्हीं दधीचियों ₹भागवत धर्म₹ के लिए जीवन न्योछावर करने वाले आचार्य अभेदानन्द अवधूत,आचार्य सच्चिदानन्द अवधूत, भरत कुमार, प्रभाष कुमार, अवधेश कुमार की याद में यह दधीचि दिवस मनाया जाता है। आज के दिन आनंदमार्गी गण 12 घंटे का निर्जला उपवास रखकर पाप शक्ति के विरुद्ध विरोध प्रकट करते हैं। मौके पर डीएस आचार्य व्रजगोपालानंद अवधूत भुक्ति प्रधान महेश्वर देव, वरिष्ठ आनंद मार्गी जगरनाथ, विश्वनाथ, गोपाल, प्रदीप, सोनू, सरोज, चंदन, मणि, शारदा समेत अन्य लोग भी शामिल हुए।

(शेयर बाजार समीक्षा) शेयर बाजार की दिशा वैश्विक रुझान और विदेशी कोषों के रुख तय करेंगे

- बाजार के निवेशकों की रुपए के उतार-चढ़ाव और ब्रेंट कच्चे तेल पर भी नजर रहेगी

मुंबई ।(एजेंसी)

इस सप्ताह वैश्विक रुझान तथा विदेशी कोषों के रुख से शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। होली का अवकाश होने से सप्ताह की वजह से कारोबारी दिवस कम हो गए हैं। बीएसई तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने होली के अवसर पर सात मार्च मंगलवार को अवकाश घोषित किया है। हालांकि स्टॉक ब्रोकरों के संगठन एएनएमआई ने सरकार, शेयर बाजारों तथा सेबी से होली का अवकाश सात मार्च के बजाए आठ मार्च को देने का अनुरोध किया है। बाजार के विश्लेषकों ने कि मुद्रास्फीति को काबू में करने के लिए अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में लगातार बढ़ोतरी करने की आशंका के बीच भारतीय बाजारों में अस्थिरता बनी रहेगी। विदेशी संस्थागत निवेशक जो छोटे स्तर पर शुद्ध लिवाल बने हुए हैं उन पर भी नजर रहेगी। उन्होंने बताया कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका के व्यापक आर्थिक आंकड़े दस मार्च को जारी होने हैं, बैंक ऑफ जापान भी ब्याज दरों पर निर्णय लेने वाला है। वहीं घरेलू स्तर पर भारत के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों को भी दस मार्च को जारी किया जाएगा। बाजार के निवेशकों की अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए के उतार-चढ़ाव पर और ब्रेंट कच्चे तेल पर भी नजर होगी। बाजार के विश्लेषकों का अनुमान है कि मिलेजुले संकेतों के बीच अस्थिरता अधिक रहेगी। प्रतिभागियों को औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों का इंतजार है जो दस मार्च को जारी होंगे। इसके अलावा वैश्विक सूचकांकों विशेषकर अमेरिकी बाजारों के प्रदर्शन पर भी उनकी नजर होगी। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 345.04 अंक चढ़ा था। भारी अस्थिरता के बावजूद शुक्रवार को बाजार बढ़त के साथ बंद हुए थे। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुक्रवार 899.62 अंक या 1.53 प्रतिशत की तेजी के साथ 59,808.97 पर बंद हुआ।

खाते में जल्द जमा हो सकता है पीएफ के ब्याज का पैसा

नई दिल्ली ।(एजेंसी)

प्रोविडेंट फंड (पीएफ) खाता धारक इसमें जमा राशि पर मिलने वाले ब्याज के इंतजार में हैं। मौजूदा वित्त वर्ष के खत्म होने में अब अधिक समय नहीं बचा है, लेकिन पीएफ का ब्याज लोगों के खाते में अभी तक ट्रांसफर नहीं हुआ है। ईपीएफओ ने ब्याज की राशि ट्रांसफर को करने के संबंध में जबाव दिया है। बता दें कि सरकार ने मौजूदा वित्त वर्ष के लिए पीएफ पर मिलने वाले ब्याज को 8.1 फीसदी तय किया है।ट्विटर पर जवाब देते हुए ईपीएफओ ने कहा कि ब्याज की राशि ट्रांसफर करने की प्रक्रिया चलती रहती है। ये आपके खाते में जल्दी नजर आएगी। ब्याज की रकम का पेमेंट पूरा किया जाएगा। खाताधारक को किसी भी तरह का नुकसान नहीं होगा। माना जा रहा है कि 6.5 करोड़ लोगों का इंतजार जल्द खत्म हो सकता है। इपीएफओ खाताधारकों का इंतजार लगातार लंबा हो रहा है। पीएफ ब्याज का पैसा बीते कुछ सालों से खाताधारकों को समय पर नहीं मिल पा रहा है। पीएफ के नियमों में बदलाव की बात करें तो सरकार ने 1 फरवरी 2023 को देश का आम बजट पेश करते हुए ईपीएफ के पैसों की निकासी को लेकर राहत देने का ऐलान किया था। नए नियम के तहत अब पीएफ में जमा पैसों की निकासी पर टीडीएस कटौती 30 फीसदी से घटाकर 20 फीसदी कर दी गई है। सरकार के इस फैसले से ऐसे पीएफ खाताधारकों को फायदा होगा जिनका पैन कार्ड उनके पीएफ एआउंट में अपडेट नहीं है। अभी तक अगर किसी का पैन कार्ड इपीएफओ के रिकॉर्ड में अपडेटेड नहीं है, तो उसे पैसे निकालने पर 30 फीसदी की दर से टीडीएस का भुगतान करना पड़ता था।

अडानी पॉवर से 2021-22 में 8,160 करोड़ की बिजली खरीदी: गुजरात सरकार

मुंबई ।(एजेंसी)

गुजरात सरकार ने कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान अडाणी समूह की बिजली कंपनी अडाणी पावर से संशोधित दरों पर 8,160 करोड़ रुपए मूल्य की बिजली खरीदी गई। गुजरात की भूपेंद्र पटेल सरकार ने राज्य विधानसभा में एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी। इसके मुताबिक पिछले वित्त वर्ष में राज्य सरकार ने अडाणी पावर से बिजली खरीद 2.83 रुपए प्रति यूनिट की पूर्व-निर्धारित दर के बजाय 8.83 रुपए प्रति यूनिट की संशोधित दर पर की। आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक हेमंत अहीर के एक सवाल का जवाब देते हुए राज्य के ऊर्जा मंत्री कनु देसाई ने विधानसभा में कहा कि सरकार ने कंपनी से वर्ष 2021-22 में 1,159.6 करोड़ यूनिट बिजली 8,160 करोड़ रुपए में खरीदी। बिजली खरीद की दर को मासिक आधार पर संशोधित कर 8.83 रुपए प्रति यूनिट किया गया जो पहले 2.83 रुपए प्रति यूनिट थी। देसाई ने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2007 में अडाणी पावर के साथ बिजली खरीद का 25 साल का समझौता किया था। यह खरीद समझौता 2.89 रुपए और 2.35 रुपए प्रति यूनिट की स्तरीकृत दर पर हुआ था। आयातित कोयले की कीमत बढ़ने के कारण राज्य सरकार ने कंपनी के साथ ऊर्जा खरीद समझौते के अंतर्गत बिजली दरों में बढ़ोतरी की। अडाणी पावर की परियोजना कोयला-आधारित होने से इंडोनेशिया से आयात हो रहे कोयले की कीमतें अचानक बढ़ने से पूरी क्षमता से बिजली उत्पादन नहीं कर पा रही थी। इसे देखते हुए राज्य सरकार ने एक उच्च स्तरीय समिति गठित की। सरकार ने एक दिसंबर, 2018 को संकल्प में समिति की सिफारिशों को स्वीकार करने के बाद बिजली खरीद दरों में वृद्धि को कुछ संशोधन करते हुए मंजूरी दे दी। इसके अनुसार, अडाणी पावर के साथ एक अनुपूरक समझौता पांच दिसंबर, 2018 को किया गया, जिसे केंद्रीय बिजली नियामक आयोग ने 12 अप्रैल, 2019 को एक आदेश जारी करते हुए मंजूरी दे दी।

बेमौसम गर्मी से फलों और सब्जियों के उत्पादन में आएगी कमी

- लीची, नींबू, तरबूज, केले और काजू की फसल की भी प्रभावित होने की आशंका

नई दिल्ली ।(एजेंसी)

देश में आने वाले दिनों में फल और सब्जियों की कीमत में भारी इजाफा देखने को मिल सकता है। इसकी वजह यह है कि समय से पहले गर्मी बढ़ने से फलों और सब्जियों के उत्पादन में 30 फीसदी तक की कमी आ सकती है। फलों के राजा आम पर तो अभी से इसका असर दिखने लगा है। किसानों का कहना है कि इस बार आम की बौर और फलों में काफी कमी आई है। इसी तरह समय से पहले गर्मी बढ़ने से लीची, नींबू, तरबूज, केले और काजू की फसल के भी प्रभावित होने की आशंका है। जानकारों का कहना है कि बेमौसम गर्मी के कारण न केवल बंदगोभी, फूलगोभी, हरी सब्जियों और टमाटर का आकार छोटा होगा बल्कि उनमें पोषक तत्वों की भी कमी रहेगी। बेंगलुरु स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हॉर्टीकल्चरल रिसर्च (आईआईएचआर) के डायरेक्टर एसके सिंह ने कहा कि तापमान में अचानक बढ़ोतरी के कारण देश के अलग-अलग इलाकों में फलों और सब्जियों के उत्पादन में 10 से 30 फीसदी तक गिरावट आ सकती है। समय से पहले गर्मी के कारण आम, लीची, कीनू, संतरे, केले और अवाकाडो की फसल प्रभावित हुई है। किसानों का कहना है कि महाराष्ट्र में अल्फांसो आम का उत्पादन 40 फीसदी तक कम हो सकता है। फसल वैज्ञानिकों ने कहा कि तापमान बढ़ने के साथ-साथ ज्यादा उमस के कारण पेस्ट और फंगस का खतरा बढ़ गया है। अमूमन होली के आसपास तापमान बढ़ना शुरू होता है। लेकिन इस बार सर्दियां खत्म होते ही तापमान में बढ़ोतरी शुरू हो गई। इस बार होली आठ मार्च को है। पिछला महीने देश में औसत तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस रहा जो कि एक रेकॉर्ड है। मौसम विभाग ने मार्च से मई के बीच देश के मध्य और उत्तर पश्चिम इलाकों में लू चलने की आशंका जताई है। गर्मी बढ़ने के कारण सब्जी समय से पहले तैयार हो रही है। इससे कुछ समय के लिए सब्जियों की सप्लाई जरूरत से ज्यादा हो सकती है लेकिन बाद में इसमें शॉर्टेज आ सकती है।

जानकारों का कहना है कि इससे सब्जियों की कीमत बढ़ सकती है। कुछ इलाकों में टमाटर की फसल समय से पहले पक सकती है। इससे किसान समय से पहले की अपनी फसल बाजार में ला सकते हैं।

वस्तु, सेवा निर्यात 750 अरब डॉलर रहने की उम्मीद: गोयल

नई दिल्ली ।(एजेंसी)

आर्थिक स्तर पर दुनियाभर में छाई अनिश्चिताओं के बावजूद देश का गुड्स एंड सर्विस एक्सपोर्ट लगातार बढ़ रहा है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का कहना है कि चालू वित्त वर्ष में एक्सपोर्ट का आंकड़ा 750 अरब डॉलर के पार रह सकता है। इससे पहले वित्त वर्ष 2021-22 में देश ने गुड्स एक्सपोर्ट में ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया था। पीयूष गोयल ने बताया कि वित्त वर्ष 2021-22 में देश का वस्तु निर्यात 422 अरब डॉलर का था जबकि सेवाओं यानी सर्विसेस का एक्सपोर्ट 254 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। इसी के साथ उस साल देश का गुड्स एंड सर्विस एक्सपोर्ट 676 अरब डॉलर रहा था। पीयूष गोयल ने हाल ही में 'रायसीना डायलॉग 2023' सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हमने पिछले वित्त वर्ष में गुड्स एंड सर्विस एक्सपोर्ट में 650 अरब डॉलर का आंकड़ा पार किया था। इस साल हम इससे भी बड़े आंकड़े का लक्ष्य बना रहे हैं। हम पिछले साल के आंकड़े को पार कर चुके हैं। अब 750 अरब डॉलर के आंकड़े को पार करने की उम्मीद कर रहे हैं। हालांकि बीते कुछ वक्त में वैश्विक मांग में मंदी आई है। इसका असर भारत के एक्सपोर्ट पर भी पड़ा है। ये लगातार दूसरे महीने जनवरी में 6.6 प्रतिशत गिरकर 32.91 अरब डॉलर रहा है। इस वित्त वर्ष 2022-23 में अप्रैल से जनवरी के दौरान देश से गुड्स का एक्सपोर्ट 8.5 प्रतिशत वृद्धि के साथ 369.25 अरब डॉलर हो गया जबकि सर्विस एक्सपोर्ट इस दौरान 272 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने उम्मीद जताई कि वर्ष 2030 तक भारत का गुड्स एंड सर्विस एक्सपोर्ट 2,000 अरब डॉलर यानी 2 लाख करोड़ डॉलर के पार तक पहुंच जाएगा।

सरकार ने साबुत तुअर दाल पर से सीमा शुल्क हटाया

नई दिल्ली: केंद्र सरकार ने साबुत अरहर (तुअर) दाल पर लगे 10 प्रतिशत सीमा शुल्क को हटा दिया है। सरकार ने यह कदम अरहर दाल की बढ़ती कीमतों पर रोक लगाने के लिए उठाया है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने तीन मार्च की एक अधिसूचना में कहा है कि तुअर (साबुत) दाल पर अब कोई सीमा शुल्क नहीं लगेगा। यह आदेश चार मार्च से प्रभावी हो गया है। हालांकि साबुत तुअर दाल से इतर अन्य तुअर उत्पादों के आयात पर 10 प्रतिशत की दर से सीमा शुल्क लगता रहेगा। देशभर में तुअर दाल के कम उत्पादन की आशंका के बीच साबुत तुअर दाल पर से सीमा शुल्क हटाने का फैसला किया गया है। तुअर की दाल खरीफ की फसल है। कृषि मंत्रालय के शुरुआती अनुमानों के मुताबिक, तुअर दाल का उत्पादन जुलाई 2022-जून 2023 सत्र में गिरकर 38.9 लाख टन रह सकता है जबकि पिछले सत्र में यह 43.4 लाख टन रहा था।

सोना 56000 प्रति 10 ग्राम और चांदी 64000 रुपए किलो

नई दिल्ली । पिछले कई महीनों से सोने और चांदी के दाम में लगातार तेजी देखी जा रही है। फिलहाल सोना 56000 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी 64000 रुपए प्रति किलो के मनोवैज्ञानिक स्तर आंकड़े के करीब बिक रहा है। हालांकि पिछले पूरे कारोबारी हफ्ते के दौरान सोने और चांदी के दाम मिलाजुला रूख रहा। पिछले कारोबारी हफ्ते में सोना के दाम 46 रुपए प्रति 10 ग्राम की तेजी दर्ज की जबकि चांदी की कीमत में 192 रुपए प्रति किलो की दर से गिरावट दर्ज की गई। गौरतलब है कि इंडियन बुलियन ज्वैलर्स एसोशिएशन की ओर से केंद्रीय सरकार द्वारा घोषित छुट्टियों के अलावा शनिवार और रविवार को भाव जारी नहीं किए जाते हैं। यानी अब सोने-चांदी का नया भाव सोमवार को जारी होगा। इस कारोबारी हफ्ते के पांचवे और आखिरी दिन शुक्रवार को सोना 16 रुपए प्रति 10 ग्राम की दर से महंगा होकर 56103 रुपए प्रति किलो जबकि गुरुवार को 53 रुपए प्रति 10 ग्राम की दर से सस्ता होकर 56087 रुपए प्रति किलो, बुधवार को सोना 590 रुपए प्रति 10 ग्राम की दर से महंगा होकर 56140 रुपए प्रति किलो, मंगलवार को 116 रुपए प्रति 10 ग्राम की दर से सस्ता होकर 55550 रुपए प्रति किलो और सोमवार को सोना 291 रुपए प्रति 10 ग्राम की दर से सस्ता होकर 55666 रुपए प्रति किलो पर बंद हुआ। वहीं शुक्रवार को चांदी 433 रुपए तेज होकर 64139 रुपए, गुरुवार को 540 रुपए गिरकर 63706 रुपए बुधवार को 1239 रुपए तेज होकर 64246 रुपए, मंगलवार को 439 रुपए की नरमी के साथ 63007 रुपए और सोमवार को चांदी 885 रुपए की नरमी के साथ 63446 रुपए प्रति किलो पर बंद हुई थी।

आईफोन 15 प्रो में वॉल्यूम कंट्रोल के लिए नहीं होंगे दो बटन

सैन फ्रांसिस्को । आईफोन बनाने वाली टेक दिग्गज कंपनी एप्पल के आगामी आईफोन 15 प्रो स्मार्टफोन में वॉल्यूम कंट्रोल के लिए दो बटन नहीं होंगे। एप्पल इनसाइडर की रिपोर्ट के अनुसार आगामी स्मार्टफोन के लीक हुए चित्र दिखाते हैं कि नियमित दो वॉल्यूम बटनों को एक लंबे बटन से बदल दिया जाएगा। यह संभवत- आईफोन 15 प्रो को अधिक पानी और धूल प्रतिरोधयुक्त बनाएगा क्योंकि सॉलिड-स्टेट बटन को काम करने के लिए फ्रेम में बहुत छोटे छेद की जरूरत होती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले आईफोन 15 प्रो और आईफोन 15 प्रो मैक्स के इस साल सितंबर में रिलीज होने की उम्मीद है और इसमें घुमावदार टाइटेनियम साइड और ईयू-एनफोर्स्ड यूएसबी-सी चा र्जिंग पोर्ट होगा। यह भी अफवाह थी कि तकनीकी दिग्गज केवल आईफोन 15 प्रो मॉडल के लिए वाई-फाई 6ए नेटवर्क के लिए समर्थन लाएगा। पिछले महीने खबर आई थी कि आईफोन 15 प्रो स्मार्टफोन 8जीबी रैम से लैस होगा।



यूपी में इलेक्ट्रिक गाड़ी खरीदने पर नहीं लगेगा टैक्स

- 14 अक्टूबर 2022 से तीन साल तक ईवी खरीद पर टैक्स व रजिस्ट्रेशन पर छूट मिलेगी

लखनऊ ।(एजेंसी)

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा देने के लिए बड़ा निर्णय किया है। इसके अनुसार अब यहां पर इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की खरीद पर कोई टैक्स नहीं लगेगा और न ही कोई रजिस्ट्रेशन फीस देनी होगी। उत्तर प्रदेश शासन ने पूर्व में जारी अधिसूचना को संशोधित करते हुए यह निर्णय किया है। इसके अंतर्गत 3 साल तक का टैक्स और रजिस्ट्रेशन फीस नहीं देनी होगी। वहीं प्रदेश में ही निर्मित इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की खरीद पर यह छूट 5 साल तक मान्य होगी। प्रमुख सचिव एल वेंकटेश्वर लू की ओर से जारी संशोधित अधिसूचना के अनुसार उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति 2022 के अनुसार 14 अक्टूबर 2022 से 13 अक्टूबर 2025 तक उत्तर प्रदेश में बिक्री एवं रजिस्ट्रीयुक्त इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) पर कर से शत-प्रतिशत छूट दी जाएगी। वहीं, 14 अक्टूबर 2022 को अधिसूचित इलेक्ट्रिक व्हीकल नीति की प्रभावी अवधि के चौथे और पांचवें वर्ष यानी 14 अक्टूबर 2025 से 13 अक्टूबर 2027 तक प्रदेश में बनने वाले, बेचे जाने वाले एवं रजिस्ट्रेशन हाने वाले ईवी पर भी शत- प्रतिशत छूट मिलेगी।

इलेक्ट्रिक व्हीकल से आशय के संबंध में स्पष्टीकरण भी दिया गया है। इसके अनुसार वो ईवी का तात्पर्य इलेक्ट्रिक मोटर का उपयोग करने वाले समस्त ऑटोमोबाइल से है जो बैट्री, अल्ट्रा कैपेसिटर अथवा ईंधन सेल द्वारा चालित होते हैं। इनमें समस्त 2 व्हीलर, 3 व्हीलर एवं 4 व्हीलर स्ट्रांग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक यान (एचईवी), प्लग इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक यान (पीएचईवी), बैटरी इलेक्ट्रिक यान (बीईवी) तथा फ्यूल सेल इलेक्ट्रिक यान (एफसीईवी) सम्मिलित हैं। उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन नीति के अनुसार प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर ग्राहकों को भारी सब्सिडी भी मिलेगी। नीति के अनुसार प्रदेश में खरीदे गए इलेक्ट्रिक वाहनों के फैक्ट्री मूल्य पर 15 प्रतिशत की सब्सिडी भी दी जाएगी। इसमें पहले दो लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों पर 5,000 रुपये प्रति वाहन, पहले 50,000 इलेक्ट्रिक तीन पहिया वाहनों पर अधिकतम 12,000 रुपए और पहले 25,000 इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहनों के लिए प्रति वाहन पर एक लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। वहीं प्रदेश में खरीदी गई पहली 400 बसों पर प्रति ई-बस 20 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। साथ ही अधिकतम 1000 ई गुड्स कैरियर्स को प्रति वाहन 1,00,000 तक ई-गुड्स कैरियर्स की खरीद के लिए फैक्ट्री मूल्य पर 10 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी। सरकारी कर्मचारियों को भी इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिए सरकार प्रोत्साहित करेगी। इसके लिए राज्य सरकार कर्मचारियों को एडवांस लेने की भी अनुमति देगी।

समान सोच वाले देशों को मिलकर काम करना चा हिए: चंद्रशेखर

नई दिल्ली । सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स और नवाचार की दुनिया कोरोना काल के बाद बुनियादी बदलाव के दौर से गुजर रही है और प्रौद्योगिकी के उज्ज्वल भविष्य के लिए समान सोच वाले देशों को सहयोगात्मक ढांचा तैयार करने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है। चंद्रशेखर ने कहा कि नागरिकों को ऑनलाइन उपयोग के नुकसानों से बचाने के लिए भारत ने भारतीय इंटरनेट पर काम करने के लिए खुलेपन, सुरक्षा और भरोसे के साथ-साथ मंचों और कंपनियों के लिए जवाबदेही की सीमा शर्तों को परिभाषित किया है। चंद्रशेखर ने हाल ही में अयहां आयोजित रायसीना डायलॉग 2023 सम्मेलन में 'लोकतंत्र के ग्यारह' हमारे प्रौद्योगिकी भविष्य की रक्षा विषय पर आयोजित एक परिचर्चा में उम्मीद जताई कि वैश्विक सहयोग मिलने पर ये सिद्धांत अन्य देशों के बीच व्यापक भूमिका निभाएंगे।भारत में इंटरनेट प्रतिबंध से जुड़े एक सवाल पर चंद्रशेखर ने कहा कि भारत में ऑनलाइन उपयोगकर्ताओं की कुल संख्या और सामग्री पारिस्थितिकी तंत्र की विविधता या विशालता के प्रतिशत के तौर पर इंटरनेट प्रतिबंध यहां पर दुनिया में सबसे कम है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इंटरनेट पर प्रतिबंध लगाने या किसी सोशल मीडिया पोस्ट को हटाने की प्रक्रिया कानून के हिसाब से अंजाम दी गई है और विशेष परिस्थितियों में सरकार ने कानून का पालन करते हुए ही इसका आदेश दिया है।

वीएफएस कैपिटल 2023-24 में 1,500 करोड़ जुटाएगी

कोलकाता। सूक्ष्म-वित्त संस्थान वीएफएस कैपिटल अपनी वृद्धि एवं विस्तार योजनाओं को गति देने के लिए अगले वित्त वर्ष में करीब 1,500 करोड़ रुपए जुटाने की तैयारी में है। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में कंपनी ने करीब 800 करोड़ रुपए जुटाए हैं। माइती ने एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि अपनी शाखाओं का विस्तार करने और ऋण वितरण बढ़ाने पर है। इसके लिए हम वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 1,500 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की तरह भारत में सूक्ष्म-वित्त संस्थानों को जमा लेने की अनुमति नहीं होने से उनके लिए वित्त का इंतजाम करना महंगा हो जाता है। ऐसी स्थिति में हमें सिर्फ बैंकों एवं गैर-बैंकिंग वित्त संस्थानों से ही वित्त मिल पाता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वीएफएस कैपिटल का लघु वित्त बैंक (एसएफबी) का लाइसेंस पाने के लिए आवेदन करने का फौरन कोई इरादा नहीं है। एसएफबी को लोगों से पैसे लेने की छूट होती है।

आपका आइडिया अच्छा हो तो बिजनेस लोन लेना हो जाता है आसान

- बिजनेस लोन लेने का प्रोसेस होम लोन लेने के प्रोसेस से भी है आसान

नई दिल्ली ।(एजेंसी)

कई लोग अपना खुद का बिजनेस सिर्फ इसलिए शुरू नहीं कर पाते हैं क्योंकि इसके लिए उनके पास जरूरी पूंजी नहीं होती है। ऐसे में आपको बिजनेस लोन के बारे में जानने की जरूरत है। बिजनेस लोन लेने का प्रोसेस होम लोन लेने के प्रोसेस से भी आसान है। बिजनेस लोन के लिए एप्लीकेशन में लगने वाले डाक्यूमेंट्स बाकी लोन की तुलना में काफी कम होते हैं। कुछ बातों को ध्यान में रखकर आप आसानी से अपना खुद का बिजनेस शुरू करने के लिए लोन ले सकते हैं। बिजनेस लोन के लिए अप्लाई करने से पहले आपको जो बिजनेस करना है उसका क्लियर प्लान बना लेना चाहिए। आप जहां भी लोन के लिए अप्लाई करते हैं वहां आपसे इससे जुड़े हुए सवाल किए जाते हैं। कई बार आवेदक उन सवालों का जवाब नहीं दे पाते हैं। इस वजह से लेंडर उन्हें लोन देने के लिए मना भी कर सकता है। इसलिए आपको पहले से ही बिजनेस की पूरी प्लानिंग करके रखनी चाहिए ताकि जरूरत पड़ने पर आप लेंडर को अपने आईडिया के बारे में अच्छे से समझा सकें। अपने बिजनेस आईडिया को आप पहले दिमाग में क्लियर कर लें और साथ ही इसे ऑन पेपर लिखकर पूरी तरह से तैयार रखें। जब भी आप कोई नया बिजनेस शुरू करने के लिए प्लानिंग करते हैं तो उसके साथ आपको यह देखना भी जरूरी है कि आपका रेवेन्यू मॉडल क्या होगा। कई लोगों के पास बिजनेस के लिए आइडियाज तो बहुत होते हैं लेकिन बिना नुकसान उठाए कैसे उनसे रेवेन्यू बनाना है, यह सबको नहीं आता। इसलिए बिजनेस प्लान करने के साथ ही आप यह भी ध्यान में रखें कि इससे आपका रेवेन्यू कैसे जनरेट होगा और यह बिजनेस कितना फायदेमंद साबित होगा। बता दें कि आपके लोन को अप्रूव करने से पहले लेंडर आपसे रेवेन्यू मॉडल से जुड़े सवाल कर सकता है।

केनरा बैंक के क्रेडिट कार्ड से कर सकेंगे यूपीआई पेमेंट

नई दिल्ली । (एजेंसी)

अब एनपीसीआई द्वारा संचालित भीम, पेटीएम, पेजैप, मोबिक्विक, फ्रीचार्ज आदि यूपीआई ऐप्स पर केनरा बैंक का रूपे क्रेडिट कार्ड लाइव हो गया है। यानी कि आप अपने केनरा बैंक के रूपे क्रेडिट कार्ड को इन ऐप्स के यूपीआई से लिंक कर सकते हैं और पड़ोस के किराना स्टोर पर मर्चेंट यूपीआई क्यूआर कोड को स्कैन कर पेमेंट कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में रूपे क्रेडिट कार्ड ऑन यूपीआई सुविधा की शुरुआत हुई है। हालांकि रूपे क्रेडिट कार्ड के जरिए आप केवल मर्चेंट यूपीआई क्यूआर कोड को स्कैन कर ही पेमेंट कर सकते हैं। पी2पी पेमेंट नहीं कर सकते हैं। फिलहाल एचडीएफसी बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक और केनरा बैंक के रूपे क्रेडिट कार्ड होल्डर्स अपने कार्ड को भीम, पेटीएम, पेजैप, मोबिक्विक, फ्रीचार्ज आदि यूपीआई ऐप्स से लिंक कर सकते हैं। भीम, पेटीएम, मोबिक्विक, पेजैप, फ्रीचार्ज जैसे कुछ यूपीआई ऐप्स पर 5 बैंकों के रूपे क्रेडिट लाइव हो चुके हैं। भविष्य में आप दूसरे यूपीआई ऐप से भी अपने रूपे क्रेडिट कार्ड को लिंक कर पाएंगे। फिलहाल केनरा बैंक, एचडीएफसी बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन बैंक के रूपे क्रेडिट कार्ड होल्डर्स अपने कार्ड को यूपीआई ऐप से लिंक कर सकते हैं।

होली खेलते समय रखें ये सावधानियां

रंगों के त्योहार होली को लेकर सभी उत्साहित रहते हैं क्योंकि इस दौरान सभी को एकदूसरे से रंग खेलते का अवसर मिलता है। होली जमकर खेलें पर इस दौरान कुछ सावधानियां भी बरतनी चाहिये नहीं तो रंगों से हानि भी हो सकती है। बाजार में जो रंग आ रहे हैं वह रसायनों से भरे रहते हैं जो आपकी आंखों और अन्य संवेदनशील अंगों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। होली खेलने के दौरान अपने शरीर और त्वचा का भी ख्याल रखें। होली खेलने से पहले पर्याप्त तैयारी करेंगे तो आपको रंग निकालने में भी परेशानी नहीं होगी।

अगर आपकी त्वचा शुष्क है तो रंगों से नहीं खेलना चाहिए। होली खेलने से पहले अगर आप अपने पूरे बदन में अच्छी तरह से नारियल के तेल की मालिश करेंगे तो काफी फायदा होगा। इसके अलावा बालों में सरसों का तेल लगाना भी जरूरी है ताकि बाद में नहाते समय रंगों को आराम से छुड़ाया जा सके।

अगर आप ज्यादा समय तक धूप में होली खेलते हैं तो कभी भी सनस्क्रीन लगाना ना भूलें। इसके अलावा आप अपने नाखून में गाढ़े रंग की नेलपेंट भी लगा सकते हैं। अक्सर देखा गया है कि अगर एक बार रंग नाखून में लग जाए तो उसे छुड़ाना बहुत कठिन हो जाता है।

इसके अलावा आंखों का विशेष ध्यान रखने की खास आवश्यकता है। हमारी आंखें काफी संवेदनशील होती हैं और रंगों के रसायन की वजह से उन्हें नुकसान हो सकता है। इस दौरान हम आंखों में अगर सनग्लासेज लगा के रखें तो हम आंखों को नुकसान पहुंचने से बचा सकते हैं।

अगर होली खेलते समय शरीर में कहीं पर भी चोट लग जाती है तो उसे अनदेखा न करें तुरंत उस जगह पर एंटिबेक्टीरियल लोशन लगाकर उसपर बैंडेज लगा दें।

रंगों में भारी मात्रा में रसायनों की मिलावट की जाती है। इसमें ये पता लगा पाना बहुत मुश्किल होता है कि कौन सा रंग सही है। इस सिलसिले में जरूरी यही होगा कि आप हर्बल रंगों का इस्तेमाल करें, या हो सके तो घर में खुद ही रंग बना लें। इसके अतिरिक्त ये ध्यान देने की भी जरूरत है कि ज्यादा देर तक गीले कपड़ों में ना रहें और समय-समय पर अपना हाथ धोते रहें।

फाल्गुन में भगवान कृष्ण के तीनों स्वरुपों की होती है पूजा

हिन्दू पंचांग का अंतिम महीना फाल्गुन मास का होता है। इस महीने की पूर्णिमा को फाल्गुनी नक्षत्र के रूप में देखा जाता है। इसलिए इस महीने का नाम फाल्गुन मास रखा गया है। फाल्गुन मास में भगवान कृष्ण की विशेष पूजा की जाती है। इस महीने उनकों पीले फूल अर्पण करने से निसंतानों को संतान की प्राप्ति होती है। आप इसी महीने में कृष्ण के तीनों स्वरूपों, %बाल कृष्ण, युवा कृष्ण और गुरु कृष्ण% की पूजा की जा सकती है। ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति के लिए गुरु कृष्ण की पूजा अत्यंत लाभकारी है।

करे यें महाउपाय

फाल्गुन मास में सूर्य उदय होने से पहले उठे और अपने स्नान के जल में एक चम्मच गुलाबजल मिलाकर स्नान करें। आप भोजपत्र को अपने पूजन स्थल में रखकर एक दीया जलायें और गायत्री मंत्र का 3 माला जाप करें। ये महाउपाय आपके जीवन में सदैव खुशियां बरकरार रखेंगे।

अपने कुलगुरु देवी देवता की उपासना जरूर करें।

भगवान श्रीकृष्ण को पूरे महीने नियमित रूप से शुद्ध अबीर गुलाल के साथ साथ पीले फल अर्पण करें। इससे गुस्से या चिड़चिड़ाहट की समस्या से राहत मिलेगी।

अपने स्नान के जल में सुगन्धित केवड़ा मिलाकर स्नान करें और चन्दन की सुगंध का प्रयोग करें। इससे मानसिक अवसाद की शिकायत दूर होगी।

भगवान शिव को पूरे महीने पंचामृत के साथ साथ सफ़ेद चंदन भी अर्पित करें और ? नम: शिवाय का मन ही मन जाप करें। ऐसा करने से आप स्वस्थ रहेंगे।

माँ लक्ष्मी को शुद्ध गुलाब का इत्र या लाल गुलाब के 5 या 11 फूल जरूर अर्पण करें। इससे घर में लक्ष्मी की कभी कमी नहीं होगी।

फाल्गुन महीने को आनंद और उल्लास का महीना भी माना जाता है। फाल्गुन मास के आगमन के साथ गर्मी की शुरुआत होती है और सर्दी कम होने लगती है। बसंत का प्रभाव होने के चलते, इस महीने में रिश्तों में मधुरता आती है और पूरा वातावरण मनमोहक रहता है। ऐसे में बदलती ऋतु के साथ अपना खानपान भी बदलना होगा । घी, खिचड़ी का सेवन कर सकते हैं। इस महीने में सुबह जल्दी स्नान करना भी शुभ माना गया है.

चंद्रमा को करें जल अर्पण

ऐसा कहा जाता है कि फाल्गुन महीने में चंद्रमा का जन्म हुआ था। इस समय चंद्रमा की जल अर्पण करके पूजा करने से विशेष कृपा बरसती है। चंद्र को जल अर्पण करने से आपका चंचल मन भी शांत हो जाता है।

ये सावधानी रखें

फाल्गुन महीने की शुरुआत से ही शीतल या सामान्य जल से स्नान करें। रात्रि के समय भोजन में अनाज का प्रयोग कम से कम करें। फल सब्बजियों का सेवन कर सकते हैं। कपडे ज्यादा रंगीन और सुन्दर धारण करें ,सुगंध का प्रयोग भी कर सकते हैं। नियमित रूप से भगवान कृष्ण की पीले फूलों से उपासना करें और शुद्ध घी का दीया जलांए।

अपने बड़ों का आर्शीवाद लेना ना भूलें। इससे रुके हुए कार्य पूरे होंगे और ज्यादा दुविधा का भी सामना नहीं करना पड़ेगा।

होली पर खुशहाली के लिए इस प्रकार धारण करें वस्त्र

होली के त्योहार को सुख, समृद्धि, सौहार्द और भाईचारे के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। वैदिक ज्योतिष में बताया गया है कि अगर आप राशि रंग के कपड़े पहनकर होली खेलें तो न सिर्फ आपका आनंद बढ़ जाएगा, बल्कि आपके घर में भी खुशहाली आएगी।

मेष राशि: आपका राशि स्वामी मंगल होने के कारण आपको होली पर लाल रंग का प्रयोग करना चाहिए और लाल रंग के कपड़े पहनकर होली खेलनी चाहिए। लाल रंग प्रेम और सच्चाई का प्रतीक माना जाता है। लाल रंग के साथ अपनों के बीच स्नेह भी बढ़ेगा और आपके घर में भी खुशहाली आएगी।

वृषभ राशि: वृषभ राशि का स्वामी शुक्र है। सफेद रंग को शुक्र से संबंधित माना जाता है। इसलिए होली के दिन आप सफेद रंग के कपड़े पहनकर बेंगनी और नारंगी रंग से होली खेलना आपके लिए शुभ होगा।

मिथुन राशि: आपकी राशि का स्वामी बुध होने के कारण आपके लिए हरा रंग शुभ माना जाता है। होली के दिन आप हरे रंग के कपड़े पहनकर होली खेलें। होली का हरा रंग न सिर्फ आपके रिश्तों में मिठास घोल देगा, बल्कि समाज में आपका मान भी बढ़ाएगा।

कर्क राशि: यह राशि जल तत्व का प्रतिनिधित्व करती है और इस राशि के स्वामी चंद्र हैं। अत: इस राशि के लोगों को सफेद रंग के कपड़े पहनकर होली खेलनी चाहिए। ऐसा करने से आपको मानसिक सुकून के साथ ही अपनों का प्यार भी मिलेगा। होली खेलने के लिए आपको नीले रंग का प्रयोग करना चाहिए।

सिंह राशि: सिंह राशि का स्वामी सूर्य को माना जाता है और यह अग्नि तत्व की राशि कहलाती है। इस राशि के लोग स्वभाव से काफी खुले दिल के और ऊर्जावान होते हैं। इनके लिए पीले रंग के कपड़े सही रहेंगे और इन्हें नारंगी रंग से होली खेलनी चाहिए।

कन्या राशि: इस राशि के स्वामी बुध हैं और यह पृथ्वी तत्व का प्रतिनिधित्व करती है। इनके लिए हरा और भूरा रंग होली खेलने के कपड़ों में प्रयोग करना श्रेष्ठ रहेगा। वहीं लाल और पीले रंग से आपको होली खेलनी चाहिए। ऐसा करने से आपको धन और यश की प्राप्ति होगी।

तुला राशि: तुला राशि का स्वामी शुक्र है और यह राशि वायु तत्व को दर्शाती है। इस राशि के लोगों को चटख रंगों की बजाए हल्के रंग के कपड़े पहनकर होली खेलनी चाहिए। इन रंगों में सफेद, गुलाबी और आसमानी सही रहेंगे। तुला राशि के जातकों को नीले और केसरिया रंग से होली खेलना शुभ होगा।

वृश्चिक राशि: वृश्चिक राशि के लोगों के राशि स्वामी मंगल माने जाते हैं। मंगल के स्वामित्व वाले जातकों के लिए लाल, नारंगी, केसरिया और पीले रंग शुभ माने जाते हैं। आप इनमें से कोई रंग चुन सकते हैं अपने कपड़ों के लिए और किसी एक रंग से आप होली भी खेल सकते हैं। ऐसा करने से आपके राशि स्वामी प्रसन्न होंगे और आपकी ग्रह दशा दूर होगी।

धनु राशि: धनु राशि के स्वामी गुरु हैं और इन्हें अग्नि तत्व का देवता कहा जाता है। इस कारण इस राशि के जातकों के लिए लाल और पीला रंग सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। आप इन्हीं 2 रंगों के कपड़े पहनकर होली खेल सकते हैं। पीला रंग देवताओं को प्रिय होने के कारण होली पर उनका भी आशीर्वाद प्राप्त होगा। अपनों के साथ संबंधों को मजबूत बनाने के लिए आप इन्हीं 2 रंगों से होली भी खेल सकते हैं।

मकर राशि: इस राशि के स्वामी शनि हैं और यह पृथ्वी तत्व की राशि है। वैसे तो मकर राशि के जातकों को होली खेलना ज्यादा पसंद नहीं आता लेकिन होली खेलने से इनके कई दोष दूर होते हैं। इन्हें होली पर नीले या फिर काले रंग के कपड़े पहनकर होली खेलनी चाहिए। इन रंगों के प्रभाव से आपको अपने कर्मों में शुभ परिणाम प्राप्त होते हैं। आपकी राशि के लिए लाल, भूरा और बेंगनी रंग भी उत्तम है।

कुंभ राशि: इस राशि के स्वामी भी शनि हैं और यह राशि वायु तत्व को प्रतिनिधित्व करती है। शनि की कृपा बनाए रखने के लिए आपको भी बैंगनी, काले और नीले रंग के कपड़े पहनकर होली खेलनी चाहिए। इन रंगों का शुभ प्रभाव जीवन में आपको सफलता दिलाता है। होली के अवसर पर आपको हल्के रंगों की बजाए गाढ़े रंग से होली खेलनी चाहिए।

मीन राशि: मीन राशि का स्वामी गुरु हैं, अत: आपको पीले रंग का प्रयोग करना चाहिए। होली पर इस बार पीले रंग के कपड़े पहनकर रंग खेलें। होली की शुरुआत आप भगवान शिव पर पीला रंग चढ़ाकर करें तो यह आपके जीवन को खुशियों से भर देगी। आप हरे और गुलाबी रंग का भी प्रयोग कर सकते हैं।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-3-6-8

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शुभांक-4-6-8

मिथुन (का की कू घ ड छ के को हा): अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। मेहमानों का आगमन होगा। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-3-5-7

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-6

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। अपने काम पर नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-1-3-5

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। धन लाभ की संभावना। शुभांक-4-6-8

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन लेन-देन में सतर्क रहें। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान हैं अत: वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें। शुभांक-2-6-9

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग। शुभांक-6-8-9

मकर (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य में गिरावट से चिंता रहेगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। शुभांक-4-7-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं। शुभांक-3-6-9

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंग। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति होगी। शुभांक-2-4-7

काकुरो पहेली - 2756



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 2755 का हल



लॉफिंग ज़ोन

एक महिला ने बैंक जाकर नई चेक बुक मांगी. क्लर्क ने कहा कि आप पहले ही तीन चेकबुक ले चुकी हैं, क्या वे खत्म हो गई?

महिला - नहीं, वे तो कहीं गुम हो गईं.

क्लर्क - आपको चेकबुक हिफाजत से रखनी चाहिए, वरना कोई आपके हस्ताक्षर करके पैसा निकाल सकता है.

महिला - नहीं, मैं इतनी मूर्ख नहीं हूं. मैंने पहले ही सारे चेकों पर अपने हस्ताक्षर कर दिए हैं.

☺ ☺ ☺

गंजा व्यक्ति - 'मेरे सिर पर तो बाल बहुत कम है. मुझसे तो तुम्हें कम पैसे लेने चाहिए.'

नाई - 'जनाब! मै आपसे बाल काटने के पैसे थोड़े ही लेता हूं, बाल ढूंढने के पैसे लेता हूं.'

☺ ☺ ☺

ज्योतिषी- आपके भाग्य का सितारा ऊंचाई पर है. जल्द ही आपके घर में बड़ी दौलत आने वाली है. आपने लॉटरी का टिकट लिया है या सट्टा लगाया है.

ग्राहक (सोचते हुए) - ज्योतिषी जी! वैसे तो मैने न ही लॉटरी का टिकट लिया है और न ही सट्टा लगाया है. हां मैने पांच दिन पूर्व ही अपना पांच लाख का बीमा जरूर करवाया है.

☺ ☺ ☺

फिल्म वर्ग पहेली - 2756



बायें से दायें:-

१. राजेश खन्ना, स्मिता की 'दुनिया में कितना गम है' गीत वाली फिल्म-३
३. बॉबी, काजोल, मीनाषा की 'दुनिया हसीनों का' गात वाली फिल्म-२
६. अनिल, मीनाक्षी की 'सौ सवालों का जवाब' गीत वाली फिल्म-३
७. 'यूं हसरतों के दाग' गात वाली प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-४
८. अनिल, माधुरी की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
९. 'काली नागिन के जैसी' गीत वाली फिल्म-२
१२. राजेश खन्ना को फिल्म जगत में किस नाम से जाना जाता है?-२
१४. फिल्म 'कॉफी हाउस' में नायिका कौन थी?-२
१६. 'आजकल पाँव जमी' गीत वाली विनोद मेहरा, रेखा की फिल्म-२
१७. राजेश, ऋषि, पूनम की 'रंग चला बहार चली' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'मेरा रंगदे बसंती' गीत वाली मनोज कुमार, प्रेम चोपड़ा की फिल्म-३
२१. जैकी, मनीषा की 'लड़की जो आए बाजाक में' गीत वाली फिल्म-३
२२. भारतीय सिनेमा की 'वीनस' मधुबाला की अंतिम फिल्म-२
२३. 'सर से सरक गई' गीत वाली गोविंदा, ऐश्वर्या की फिल्म-४
२७. अमिताभ, अमृता की 'विल यू मैरी मी' गीत वाली फिल्म-२
२८. फिल्म 'आँखें' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
२९. 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-२
३०. सनी, डिम्पल की 'भूरी भूरी आँखों वाला' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिल, माधुरी की फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

१. 'आजा गुफाओं में' गीत वाली फिल्म-२
२. धर्मेन्द्र, नसीर, आदित्य, सोनू वालिया, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
३. आमिरखान, रानी मुखर्जी की 'आँखों से तूने' गीत वाली फिल्म-३
४. 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली अक्षय, करिश्मा की फिल्म-३
५. 'बदन में चाँदनी' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
१०. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की 'तूने बेचैन इतना ज्यादा' गीत वाली फिल्म-३
११. 'जब दिल से दिल' गीत वाली दिलीप, संजीव कुमार, वैजयंती की फिल्म-३
१३. धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की 'तोरा मन दर्पण' गीत वाली फिल्म-३
१५. फिल्म 'हम है राही प्यार के' में नायिका कौन थी-२
१८. 'क्या लिखूं कैसे लिखूं' गीत वाली फिल्म-२,४
१९. फिल्म 'कश्मीर की कली' में नायिका कौन थी-३
२०. जीतेंद्र, राजेश खन्ना, नंदा की 'किस लिए मैंने' गीत वाली फिल्म-१,२
२१. 'कई सदियों से' गीत वाली शत्रुघ्न, रीना राय की फिल्म-३
२४. अनिल, माधुरी की 'खुशियों का दिन आया है' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'कोई हमदम न रहा' गीत वाली फिल्म-३
२६. सलमान, संजय, शिल्पा की 'अरे बाबा अरे बाबा' गीत वाली फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली - 2755

सूडोकु -2756

	8	5						
3								
			6			7	4	
6			2		4			
1								8
			7		5			3
	4	7			1			
								6
						5	2	

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2755 का हल

4	3	9	2	6	8	5	1	7
8	1	6	7	4	5	9	2	3
7	5	2	3	9	1	6	4	8
1	7	5	4	2	6	8	3	9
6	4	3	8	5	9	2	7	1
2	9	8	1	7	3	4	5	6
5	2	1	6	8	7	3	9	4
9	8	7	5	3	4	1	6	2
3	6	4	9	1	2	7	8	5

शब्द पहेली - 2756



बाएँ से दाएँ

1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

ऊपर से नीचे

1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

शब्द पहेली -2755 का हल

डब्ल्यूपीएल : दिल्ली कैपिटल्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

शैफाली-मेग के अर्धशतकों के बाद नॉरिस की शानदार गेंदबाजी, दिल्ली 60 रन से जीता

मुम्बई (एजेंसी)। दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेले जा रहे महिला प्रीमियर लीग के दूसरे मैच में 60 रन से जीत दर्ज की है। दिल्ली की ओपनरों शैफाली वर्मा और मेग लेनिंग की धमाकेदार अर्धशतकीय पारियों के बाद तारा नॉरिस ने गेंदबाजी इकाई की अगुवाई की और पारी में 5 विकेट लेकर टीम की जीत सुनिश्चित की।

दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शैफाली वर्मा के 45 गेंदों पर 10 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 84 रन और मेग लैनिंग के 43 गेंदों पर 14 चौकों की मदद से 72 रन की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत शानदार शुरूआत की और पहले विकेट के लिए 163 रन की साझेदारी हुई। शैफाली और मेग के आउट होने के बाद मरिजैन कप्प (39*) और जेमीमा (22*) ने कमान संभाली और रन बनाने जारी रखे और 2 विकेट गंवाकर आरसीबी को 224 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया है। आरसीबी को दो ही विकेट मिले जो हीथर नाइट के नाम रहे।

लक्ष्य प्राप्ति के लिए मैदान में उतरी बेंगलुरु टीम ने स्मृति मंधाना और सोफी डिवाइन की जोड़ी के साथ धमाकेदार ओपनिंग की और 4 ओवर में 41 रन जोड़े। लेकिन पांचवें ओवर की दूसरी गेंद पर डिवाइन (14) के आउट होने के बाद जोड़ी तो टूटी ही साथ ही टीम भी बिखरती हुई नजर आई। इसके बाद नेट रन रेट गिरता गया और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे जो आशा शोभना (2) के विकेट के साथ कुछ देर के लिए थमे। नाइट और मेगन शट्ट ने फासला कम करने में मदद की लेकिन विकेट्स और बल्लेबाजों के अभाव के कारण वह संभल कर बल्लेबाजी करती नजर आई जिससे टीम 20 ओवर में 8 विकेट गंवाकर 163 रन ही बन पाई और हार के साथ डब्ल्यूपीएल अभियान की शुरूआत की।

अर्धशतकीय पारी खेलकर खुशी हुई : शैफाली

मुम्बई। दिल्ली की सलामी बल्लेबाज ओपनर शैफाली वर्मा ने कहा है कि महिला प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने खिलाफ अपनी पारी की शुरुआत में वह थोड़ी घबरायी हुई थीं। शैफाली ने इस मैच में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 84 रन बनाये। शैफाली ने कहा कि मेग लेनिंग के साथ उनकी साझेदारी अच्छी रही। लेनिंग ने इस मैच में 72 रन बनाये। शैफाली ने आक्रामक अर्धशतकीय पारी के बाद कहा, मुझे बहुत खुशी हुई, यह बल्लेबाजी के लिए एक बेहतरीन विकेट था। मैं शुरुआत में घबरायी हुई थी। लैनिंग के साथ खेलने का अनुभव अच्छा रहा, वह मेरी अच्छी दोस्त हैं और उन्होंने मुझे बल्ले से अपनी जिम्मेदारी निभाने को कहा। हम सिर्फ अच्छे शॉट खेलना चाहते थे और अपनी ताकत के अनुसार खेलना चाहते थे। जब आप एक लक्ष्य प्राप्त करते हैं तो आप खुशी का अनुभव करते हैं। शैफाली ने 45 गेंदों पर 10 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 84 रन जबकि मेग लैनिंग ने 43 गेंदों पर 14 चौकों की मदद से 72 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। इसी के साथ ही दोनों ओपनरों के बीच पहले विकेट के लिए 163 रन की साझेदारी हुई।

'मैं इतिहास बनाने के लिए खेलता हूं', एमबाप्पे पीएसजी के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बने

पेरिस (एजेंसी)। फ्रांस के दिग्गज फुटबॉलर किलियन एम्बाप्पे शनिवार को नैनटेस पर 4-2 की जीत के दौरान पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। एम्बाप्पे ने मैच के इंजरी समय (90+2 मिनट) में मुकाबले का आखिरी गोल किया जो पीएसजी के लिए उनका 201वां गोल था। उन्होंने इसके साथ ही एडिसन कवानी के 200 गोल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इस जीत से पीएसजी की टीम 'लीग वन (फ्रांस की शीर्ष घरेलू लीग)' की तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई।

एम्बाप्पे ने पीएसजी के लिए 247वां मैच खेलने के बाद कहा, ''जब मैं यहां आया था तब काफी कम उम्र का खिलाड़ी था। मैंने यहां बहुत कुछ सीखा है। मैं इतिहास बनाने के लिए खेलता हूं। मैंने हमेशा यह कहा है। मैं इस टीम और फ्रांस के लिए यह करना चाहता हूं। यह एक व्यक्तिगत उपलब्धि है लेकिन मैं यहां सामूहिक उपलब्धियों के लिए भी आया हूं।'

लियोनेल मेसी ने मैच के 12वें मिनट में ही पीएसजी को बढ़त दिला दी थी। जौन हदजाम के आत्मघाती गोल से टीम की बढ़त दोगुनी हो गयी। लुडोविक ब्लास और इग्नाटियस गनागो ने सात मिनट के अंदर दो गोलकर मैच में नैनटेस की वापसी कर दी। दूसरे हाफ में डानिलो परेरा (60वां मिनट) के गोल से पीएससी ने मैच में एक बार फिर बढ़त बनायी और इंजरी समय में एम्बाप्पे ने गोलकर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। अन्य मैच में लिली ने लेंस को 1-1 की बराबरी पर रोका।

भारत में एकदिवसीय विश्वकप में खेलने को तैयार हैं आजम

लाहौर (एजेंसी)। पाकिस्तान के दिग्गज पूर्व क्रिकेटरों के साथ ही जहां पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) प्रमुख रहे रमीज राजा ने भारत में विश्वकप का बहिष्कार करने की धमकी दी थी। वहीं पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने कहा है कि उनकी टीम भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में खेलने के लिए तैयार है। वहीं पाक के पूर्व क्रिकेटरों का मानना है कि अगर भारतीय टीम एशिया कप के लिए पाक नहीं आती है तो उनके देश को भी भारत नहीं जाना चाहिये। इसी बीच पाकिस्तान प्रीमियर लीग (पीएसएल) खेल रहे आजम ने कहा है कि भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप के लिए वह तैयारियों में लगे हैं। आजम का ये बयान पीसीबी के एकदम विपरीत है।

पीसीबी ने गत दिनों यह कहा था कि अगर भारत एशिया कप के लिए पाक नहीं आएगा तो हम भी एकदिवसीय विश्व कप के लिए भारत नहीं जाएंगे। पाक के कई क्रिकेटरों ने पीसीबी की इस बात का भी समर्थन किया था। अब बाबर ने एक साक्षात्कार में कहा कि हम भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप की तैयारी में जुटे हैं.

बाबर ने साथ ही कहा, मैं और मोहम्मद रिजवान विश्व कप में रन बनाने की कोशिश करेंगे पर हर पारी में हमारे लिए स्कोर करना आसान नहीं होगा। इसलिए यह जरूरी होगा कि हमारे अलावा और सभी खिलाड़ी भी टूर्नामेंट में रन बनाए।

जहां से करियर शुरू, वहीं पर टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने किया अंत

इन्दौर (एजेंसी)। हैदराबाद-भारत की महान टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने 'खुशी के आंसुओं' के साथ रविवार को एक खिलाड़ी के तौर पर अपनी शानदार यात्रा का समापन उसी स्थान से किया, जहां से उन्होंने इसकी शुरूआत की थी। सानिया ने लाल बहादुर टेनिस स्टेडियम में प्रदर्शनी मैचों में खेलकर अपने पथ-प्रदर्शक सफर को आखिरकार अलविदा कह दिया जहां उन्होंने करीब दो दशक पहले ऐतिहासिक डब्ल्यूटीए एकल खिताब के साथ बड़े मंच पर अपने आगमन के संकेत दे दिय थे।

इन प्रदर्शनी मैचों में रोहन बोपन्ना, युवराज सिंह और उनकी सबसे अच्छी मित्र बेथानी माटेक सैंड्स शामिल थीं। प्रदर्शनी मैचों को देखने पहुंचने वालों में केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजीजू और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरूद्दीन सहित कई हस्तियां शामिल थीं। छत्तीस वर्षीय सानिया लाल रंग की कार में स्टेडियम पहुंची और कई नामी गिरामी हस्तियों सहित दर्शकों ने तालिया बजाकर उनका अभिनंदन किया। सानिया अपने विदाई भाषण में भावुक हो गयी, उन्होंने कहा कि उनके लिये सबसे बड़ा सम्मान देश के लिये 20 साल तक खेलना रहा है।

छह बार (तीन महिला युगल में और तीन मिश्रित युगल में) की ग्रैंडस्लैम विजेता ने दो मिश्रित युगल प्रदर्शनी मैच खेले और दोनों जीते। सानिया ने यहां इस स्थल पर कई यादगार खिताब जीते हैं जिसे किसी उत्सव की तरह सजाया गया जिस पर 'सेलीब्रेटिंग द लीगेसी ऑफ सानिया मिर्जा' जैसे बैनर लगे थे। कुछ प्रशंसकों ने 'प्लेकार्ड' पकड़े हुए थे जिस पर लिखा था, 'थैंक यू फॉर द मैमोरिज' और 'वी विल मिस यू, सानिया' लिखा था। दर्शकों में ज्यादातर स्कूल के बच्चे थे और जैसे ही सानिया ने कोर्ट में कदम रखा, वे 'चीयर' करने लगे।

मैच से पहले सानिया ने कहा, 'मैं आप सभी के सामने अपना अंतिम मैच खेलने के लिए काफी उत्साहित हूं।' पूर्व खेल मंत्री रीजीजू, तेलंगाना के मंत्री केटी रामा राव, अजहरूद्दीन और युवराज स्टेडियम में मौजूद दर्शकों में शामिल थे। रीजीजू ने कहा, 'मैं सानिया मिर्जा के विदाई मैच के लिये ही हैदराबाद आया हूं। मैं यहां इतने सारे लोगों को देखकर खुश हूं। सानिया मिर्जा सिर्फ भारतीय टेनिस के लिए ही नहीं बल्कि भारतीय खेलों के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं।' उन्होंने कहा, 'जब मैं खेल मंत्री था तो मैं उनके संपर्क में रहता था। मैं उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनायें देता हूं।' सानिया के परिवार के सदस्य और दोस्त भी स्टेडियम में मौजूद थे। मैच के बाद रामा राव और तेलंगाना के खेल मंत्री वी श्रीनिवास गौड़ ने सानिया को सम्मानित किया।

इंदौर पिच की सुनवाई वाली आईसीसी समिति में शामिल नहीं रहेंगे गांगुली

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) इंदौर के होल्कर स्टेडियम की पिच को खराब रेटिंग दिये जाने के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के फैसले के खिलाफ अपील करेगा। आईसीसी की जो समिति इस मामले की सुनवाई के लिए बनी है उसके प्रमुख सौरव गांगुली हैं हालांकि सौरव इस मामले में बीसीसीआई की सहायता नहीं कर सकते क्योंकि यहां हितों के टकराव का सवाल उठ खड़ा होगा। ऐसे में गांगुली उस कमेटी का हिस्सा नहीं रहेंगे, जिसे इंदौर की पिच रेटिंग को लेकर सुनवाई करनी है। इस कमेटी में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पूर्व सीईओ वसीम खान भी शामिल हैं। गांगुली को पुरुष क्रिकेट कमेटी के चेयरमैन के तौर पर इस पैनल की जिम्मेदारी किसी अन्य को सौपनी होगी। वसीम खान और इस कमेटी का कोई और सदस्य इंदौर पिच रेटिंग पर सुनवाई करेगा। गांगुली टीम इंडिया के पूर्व कप्तान हैं और कुछ ही समय पहले तक वे बीसीसीआई के भी चेयरमैन रहे थे। ऐसे में हितों के टकराव का सवाल उठना प्रबल है।

ऋषभ के नहीं होने से आया अंतर : इयान चैपल

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर इयान चैपल ने कहा है कि इंदौर टेस्ट में भारत की हार का कारण उसके पास आक्रामक बल्लेबाज ऋषभ पंत का नहीं होना रहा। ऋषभ कार हादसे के बाद से ही खेल से दूर और और उनकी वापसी में अभी समय लगेगा। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा भारत की करारी हार का आंकलन करते हुए कहा कि ऋषभ पंत की अनुपस्थिति से भारतीय टीम की बल्लेबाजी में अंतर आया है। ऋषभ की जगह खेल रहे केएस भरत विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी दोनो में ही प्रभावित नहीं कर पाये हैं। चैपल ने कहा कि एक बड़ा अंतर मेजबानों के लिए ऋषभ की अनुपस्थिति रहा है और हर कोई धीरे-धीरे यह समझ रहा है कि वह भारतीय टीम के लिए कितना अहम है। चैपल ने कहा, एक बड़ा अंतर यह है कि इस भारतीय पक्ष में कोई ऋषभ नहीं है। इससे पहले पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया ने भी कहा था कि अगर पंत लाइनअप का हिस्सा होते तो स्पिनर मैट कुह्नमैन और नाथन लियोन को नहीं छोड़ते। कनेरिया ने कहा, अगर आप ऋषभ से पूछेंगे कि इन स्पिनरों के खिलाफ कैसे बल्लेबाजी करनी है, तो वह आपको अपने पैरों का उपयोग करने, गेंद की पिच पर पहुंचने और गेंद को दूर तक मारने के लिए कहेंगे। अगर वह वहां होता, तो वह ल्योन और कुह्नमैन को नहीं छोड़ता। उसने उन पर हमला करके उन्हें अपनी लैंथ बदलने के लिए मजबूर कर दिया होता।

शेष भारत ने मध्य प्रदेश को 238 रनों से हराकर ईरानी कप जीता

ग्वालियर (एजेंसी)। शेष भारत की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ईरानी कप घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश को 238 रनों से हरा दिया। इस मैच में जीत के लिए मिले 437 रनों के कठिन लक्ष्य का पीछा करते हुए मध्य प्रदेश की टीम अपनी दूसरी पारी में 198 रनों पर ही आउट हो गयी।

इस मैच में मध्य प्रदेश की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए पांचवे ओर अंतिम दिन अपनी दूसरी पारी शुरुआत दो विकेट पर 81 रन से की थी। उसे पहली बार ईरानी कप जीतने के लिए 356 रन की जरूरत थी पर नाबाद बल्लेबाज रहे हिमांशु मंत्री एक भी रन और बनाये बिना 51 रनों पर ही आउट हो गये। जिसके बाद टीम के विकेट लगातार गिरने लगे। हिमांश के साथ खेल रहे हर्ष गवली भी 48 रन बनाकर आउट हो गये। इसके बाद अमन सोलंकी 31 और अंकित कुशवाहा ही 23 रन बना पाये। अन्य खिलाड़ी दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये जिससे टीम को करारी हार का सामना करना पड़ा। वहीं शेष भारत की ओर से सौरभ कुमार ने तीन जबकि मुकेश कुमार और पुलकित नारंग ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया। इससे शेष भारत की ओर से यशस्वी जायसवाल ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए दूसरी पारी में भी शतक लगाया। पहली पारी में 213 रन बनाने वाले जायसवाल ने दूसरी पारी में 144 रन बनाये, जिससे शेष भारत की टीम अपनी दूसरी पारी में 246 रन बनाने में सफल रही। वहीं शेष भारत ने पहली पारी में 484 रन बनाए थे जबकि मध्य प्रदेश की टीम ने अपनी पहली पारी में 294 रन ही बनाये थे।

संतोष ट्रॉफी : कर्नाटक 54 साल बाद बना चैंपियन, मेघालय को 3-2 से हराया

रियाद। कर्नाटक ने संतोष ट्रॉफी के गलाकाट फाइनल में दमदार प्रदर्शन करते हुए मेघालय को 3-2 से हराकर 54 साल बाद राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीत ली है। किंग फहद स्टेडियम पर शनिवार को खेले गये फाइनल में सुनील कुमार (दूसरा मिनट), बेकली ओरम (19वां मिनट) और रॉबिन यादव (42वां मिनट) ने विजेता टीम के गोल किये। उपविजेता मेघालय के गोल ब्रोलिंगटन वारलार्पीह (आठवां मिनट) और शीन स्टीवेन्सन स्फकटंग (60वां मिनट) ने दागे। कर्नाटक ने पिछली बार राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप 1968-69 में मैसूर के रूप में जीती थी। कर्नाटक ने पांच दशक का सूखा समाप्त करने के लिये मैच की दमदार शुरुआत की। सुनील ने रॉबिन के लंबे थ्रो की बदौलत दूसरे मिनट में गोल करके कर्नाटक को बढ़त दिलाई। कर्नाटक की खुशी हालांकि ज्यादा देर तक नहीं रही और मेघालय ने आठवें मिनट में एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। ब्रोलिंगटन ने स्पॉट किक को सफलतापूर्वक गोल में तब्दील करके स्कोर बराबर कर दिया। मेघालय को कुछ देर बाद बढ़त लेने का मौका भी मिला लेकिन फिगो सिंडाई का निशाना नेट में नहीं पहुंचा। कर्नाटक ने मेघालय की इस चूक का फायदा उठाकर गेंद को अपने कब्जे में ले लिया और 19वें मिनट में बेकली ने सुनील के पास की मदद से गेंद को नेट में पहुंचा दिया। पहला हाफ समाप्त होने से पहले रॉबिन ने गोल करके कर्नाटक की बढ़त 3-1 कर दी। तमाम बाधाओं को पार करते हुए फाइनल में पहुंची मेघालय ने दूसरे हाफ में बेहतर फुटबॉल खेली, लेकिन वह कर्नाटक की बढ़त को समाप्त नहीं कर सकी। सेमीफाइनल में मेघालय का मैच-जिताऊ गोल करने वाले शीन ने यहां भी 60वें मिनट में स्कोर किया, हालांकि यह उनकी टीम का आखिरी गोल था। कर्नाटक ने इसके बाद अपने चुस्त रक्षण से मेघालय को स्कोर बराबर करने का कोई मौका नहीं दिया और राष्ट्रीय चैंपियन का ताज अपने सिर सजाया। इससे पूर्व, सर्विसेज ने कांस्य पदक मैच में पंजाब को 2-0 से हराकर संतोष ट्रॉफी में तीसरा स्थान हासिल किया। शफील पी पी (सातवां मिनट) और क्रिस्टोफर कमेई (60वां मिनट) ने विजेता टीम के लिये गोल किये।

पिछले तीन साल से टेस्ट मैचों में खामोश है विराट का बल्ला

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली का बल्ला पिछले तीन साल से टेस्ट क्रिकेट में खामोश बना हुआ है। यह इससे पता चलता है कि विराट ने साल 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ अंतिम बार टेस्ट शतक लगाया था। उसके बाद से ही वह 24 टेस्ट की 41 पारियों में एक भी शतक नहीं लगा पाये हैं। विराट ने 2019 के बाद से अभी तक 23 टेस्ट मैच खेले हैं जिनमें उनका औसत 25.7 का रहा है। इस दौरान उन्होंने 1028 रन बनाए हैं। साल 2011 में टेस्ट करियर में पदार्पण करने के बाद से ही विराट ने 84 टेस्ट मैचों में 54 से ज्यादा की औसत से रन जुटाए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के शुरुआती तीन टेस्ट मैचों में भी विराट रन नहीं बना पाये हैं। . अभी तक इस सीरीज में वह एक अर्धशतक तक नहीं लगा पाये हैं। विराट ने अंतिम बार टेस्ट अर्धशतक गत वर्ष जनवरी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगाया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्तमान बॉर्डर गावस्कर टेस्ट सीरीज में विराट ने 5 पारियों में 111 रन बनाए है। इस दौरान उनका औसत 22.20 रहा है। पिछले साल जब उन्होंने 1021 दिन बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक लगाया था। तब ऐसा लगा कि कोहली पुरानी लय में लौट आए है। तब उन्होंने एशिया कप टी20 में अफगानिस्तान के खिलाफ शानदार 122 रन बनाए थे। टी20 में कोहली का यह पहला अर्धशतक था। इसके बाद उन्होंने पिछले साल दिसंबर और इस साल जनवरी में तीन एकदिवसीय शतक शतक लगाये थे जिससे उनके शतकों की संख्या 74 तक पहुंची। इससे लगा कि उनका खराब दौर समाप्त पर ऐसा हुआ नहीं। वर्तमान टेस्ट सीरीज में भी वह पहले तीनों मैचों में अधिक रन नहीं बना पाये हैं। पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में वह 12 रन ही बना पाये जबकि दूसरे टेस्ट में 44 और 20 रन वह तीसरे टेस्ट में वह 13 और 22 रन ही बना पाये। इससे अंदाज होता है कि उन्हें रनों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

चौथे टेस्ट में शमी की वापसी तय

अहमदाबाद (ईएमएस)। यहां भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 9 मार्च से शुरु होने वाले चौथे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी की संभावनाएं हैं। शमी को क्रिकेट बोर्ड की कार्यभार प्रबंधन की नीति के तहत ही इंदौर में खेले गए तीसरे टेस्ट से आराम दिया गया था। गौरतलब है कि टीम प्रबंधन ने मेडिकल स्टाफ की सलाह से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के ज्यादातर मैचों को खेलने वाले और एकदिवसीय विश्व कप की योजना में शामिल तेज गेंदबाजों को बारी-बारी से आराम की नीति बनायी है। शमी ने शुरुआती दो टेस्ट खेले थे और वह एकदिवसीय टीम के लिए भी शामिल हैं। इसी कारण इंदौर टेस्ट में टीम में उनकी जगह अनुभवी तेज गेंदबाज उमेश यादव को शामिल किया गया था। वहीं पहले टेस्ट में शामिल रहे युवा तेज गेंदबाज मोम्मद सिराज को भी एकदिवसीय के लिए टीम में रखा गया है। ऐसे में उनके भी अंतिम टेस्ट में खेलने की संभावना नहीं है। शमी ने इस श्रृंखला में अब तक काफी अच्छी गेंदबाजी करते हुए दो मैचों में 30 ओवर गेंदबाजी करते हुए सात विकेट लिए हैं। माना जा रहा है कि मोटेरा की सूखी पिच पर टीम को शमी जैसे रिवर्स स्विंग गेंदबाजों की जरुरत रहेगी। भारतीय टीम चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला में अभी 2-1 से आगे है। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में सीधे क्वालीफाई करने के लिए उसे इस मुकाबले को जीतना होगा।

सेना में भर्ती होने का सपना देखने वाले अक्षदीप सिंह ने पैदलचाल में बनाई राष्ट्रीय पहचान

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब के बरनाला जिले के एक छोटे से कहनेके गांव के रहने वाले अक्षदीप सिंह ने भारतीय सेना में शामिल होने का सपना देखा था लेकिन इसकी तैयारियों ने उन्हें पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने वाला एथलीट बना दिया। पिछले महीने झारखंड के रांची में आयोजित 10वीं राष्ट्रीय ओपन रेस पैदल चाल चैंपियनशिप के 20 किमी स्पर्धा में 23 वर्षीय अक्षदीप ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम करने के साथ 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों का क्वालिफिकेशन हासिल किया।

अक्षदीप ने इस स्पर्धा में एक घंटा 19 मिनट और 55 सेकंड के समय के साथ राष्ट्रीय बनाया था। उन्होंने हरियाणा के संदीप कुमार (एक घंटा 20 मिनट और 16 सेकंड) का रिकॉर्ड तोड़ा था। उन्होंने कहा, 'जब मैं 15 साल का था, तब मैंने सेना में शामिल होने के अपने सपने को पूरा करने की तैयारी शुरू कर दी थी। उस समय मैं तेज दौड़ता था और सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे गांव के अधिक उम्र के युवकों ने भी इसके लिए मेरी तारीफ की थी। उन्होंने ही सुझाव दिया कि मुझे एथलेटिक्स में हाथ आजमाना चाहिए।' अक्षदीप इसके बाद बरनाला में कोच जसप्रीत सिंह से मिले।

उन्होंने कहा, 'लेकिन कोच ने सुझाव दिया कि मैं पैदल चाल का विकल्प चुनूं। मुझे शुरू में यह पसंद नहीं आया क्योंकि मैं दौड़ने वाली स्पर्धाओं में भाग लेना चाहता था।' इसके बाद अक्षदीप दिसंबर 2016 में पटियाला आए जहां कोच गुरदेव सिंह ने उन्हें पैदल चाल के लिए प्रशिक्षित किया। उन्होंने कहा, 'मैंने आखिरकार अप्रैल 2017 में पैदल चाल में आगे बढ़ने का मन बना लिया।'

अक्षदीप ने तरनतारन में आयोजित अंडर-18 उत्तर भारत चैंपियनशिप में अपना पहला कांस्य पदक जीता। इसके बाद उन्होंने अंडर-18 जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लिया और रजत पदक जीता। उन्होंने अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेलों 2017 में फिर से रजत पदक जीता। उन्होंने प्रशिक्षण शुरू करने के एक वर्ष के अंदर अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसके बाद 2019 में घुटने में चोट के कारण वह विश्व विश्वविद्यालय खेलों (इटली) में भाग नहीं ले सके।

फरवरी 2020 में उन्होंने खेल में वापसी की लेकिन राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में 12वें स्थान पर रहे। इस दौरान कोविड-19 महामारी के दौर ने उनके लिए चीजों को जटिल बना दिया। अक्षदीप ने कहा, 'मेरी अंतरात्मा की आवाज मुझे फिर से मेरे खेल में अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया और 2021 में मैं प्रशिक्षण के लिए बेंगलुरु गया। अक्षदीप ने जनवरी 2022 में मैंगलोर में अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय खेलों में नया रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने कहा, 'मुझे टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ एथलीट घोषित किया गया। इसके साथ, मैंने आत्मविश्वास हासिल किया।'

पिछले साल भारतीय नौसेना में नौकरी पाने वाले अक्षदीप अब चीन में होने वाले एशियाई खेलों और हंगरी में विश्व चैंपियनशिप की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं इन खेलों में पदक जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगा और इससे अगले साल पेरिस ओलंपिक खेलों से पहले मेरा आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।' अक्षदीप के परिवार के पास बरनाला में दो एकड़ कृषि भूमि है। उनके पिता एक केमिकल फैक्ट्री में काम करते हैं जबकि उनकी मां आंगनवाड़ी में हैं। पंजाब सरकार ने पिछले महीने अक्षदीप को 2024 ओलंपिक खेलों की तैयारी के लिए पांच लाख रुपये दिए थे।

दो साल बाद प्रदर्शित होगी फर्जी – 2

शाहिद कपूर इन दिनों अपनी डेब्यू सीरीज वेब सीरीज फर्जी की सफलता से खासे उत्साहित नजर आ रहे हैं। गत वर्ष बॉक्स ऑफिस जर्सी सरीखी असफल फिल्म देने वाले शाहिद फिल्मों में भी खासे सक्रिय हैं। फर्जी बीती 10 फरवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की गई थी। उनकी इस वेब सीरीज को समीक्षकों से मिली जुली प्रतिक्रिया मिली थी। हालांकि यह दर्शकों को खासी पसन्द आई। कहने का तात्पर्य है कि फर्जी से शाहिद कपूर का ओटीटी डेब्यू सफल रहा है। सिने गलियारों में बहती हवाओं का कहना है कि इस सीरीज के निर्माता निर्देशक डीके–राज इसके दूसरे भाग की तैयारियों में लग गए हैं। अपनी डेब्यू सीरीज के दूसरे भाग के बारे में स्वयं शाहिद कपूर बड़ा खुलासा किया है। हाल ही में एक प्रोग्राम में पहुँचे शाहिद कपूर ने मीडिया से बातचीत के दौरान फर्जी को लेकर बातचीत की। उन्होंने कहा कि वह अपनी डेब्यू वेब सीरीज को मिले इतने प्यार से काफी खुश हैं। इसे ना सिर्फ भारत में बल्कि ग्लोबली भी काफी पसंद किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने वेब सीरीज की सक्सेस के लिए पूरी टीम को क्रेडिट दिया। इस दौरान फर्जी के दूसरे सीजन के सवाल पर शाहिद कपूर ने कहा कि उन्हें यकीन है वेब सीरीज का दूसरा सीजन बनेगा लेकिन इसमें समय लगता है। उन्होंने कहा कि पोस्ट प्रोडक्शन में डेढ़–दो साल लगते हैं क्योंकि इसे 35–40 भाषाओं में डब किया जाता है और 200 देशों में रिलीज किया जाता है। शाहिद कपूर ने कहा कि फर्जी 2 को रिलीज होने में दो साल और लगेंगे। ज्ञातव्य है कि वेब सीरीज फर्जी में शाहिद कपूर के अलावा विजय सेतुपति, राशि खन्ना, केके मेनन, अमोल पालेकर सहित कई बड़े कलाकार नजर आ रहे हैं। वेब सीरीज फर्जी का निर्देशन राज निदिमोरी और कृष्णा डीके ने किया है। यह जोड़ी वेब सीरीज की दुनिया में द फैमिली मैन के कारण हमेशा चर्चाओं में रहती है। शाहिद कपूर के वर्क फ्रंट की बात करें तो साल 2023 में उनकी दो फिल्में रिलीज होने वाली हैं।

अमिताभ और धर्मेंद्र के घर को मिली बम से उड़ाने की धमकी

महानायक अमिताभ बच्चन और एक्टर धर्मेंद्र पर संकट मंडरा रहा है। हाल ही में दिग्गजों के घरों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है, जिसके बाद से मुंबई में दहशत का माहौल पैदा हो गया है। मामले की सूचना मुंबई पुलिस को दे दी गई है, जिसके बाद पुलिस धमकी देने वाले शख्स का पता लगाने में जुटी है। दरअसल, नागपुर पुलिस कंट्रोल को फोन पर एक अज्ञात शख्स द्वारा धमकी देकर कहा गया है कि बिजनेस टायकून मुकेश अंबानी, बॉलीवुड एक्टर अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र के घर को बम से उड़ा दिया जाएगा। उनके घर के बाहर बम लगाए गए हैं। फोन करने वाले ने यह भी दावा किया कि आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए हथियारों से लैस 25 लोग मुंबई के दादर पहुंचे हैं। इस बाबत नागपुर पुलिस कंट्रोल ने मुंबई पुलिस को सूचना दे दी है। पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है और फोन करने वाले का पता लगाने में जुट गई है।

यामी गौतम जैसी दिखने पर भाबी जी... फेम विदिशा की दो टूक

'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाभी का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस विदिशा श्रीवास्तव दिल से देसी हैं। वह अच्छे काम को तवज्जो देती हैं और पर्दे पर रानी लक्ष्मीबाई बनने की तमन्ना रखती हैं। करीब चार साल बाद एक दिन के लिए अपने होमटाउन बनारस आईं अदाकारा ने घूम–फिरकर पुरानी यादें ताजा कीं। इस दौरान उन्होंने हमसे खास बातचीत में बनारस की रौनक से लेकर मुंबई की चकाचौंध पर ढेर सारी बातें कीं। करीब चार साल बाद मैं अपने घर बनारस वापस आई थी। वह भी सिर्फ एक दिन के लिए। सुबह काशी विश्वनाथ के दर्शन किए। मंदिर प्रांगण अब काफी बदल गया है। उसके बाद घूमना शुरू किया। मशहूर काशी चाट भंडार में हमने चाट–गोलगप्पे का लुत्फ उठाया। समझ लीजिए, इसके बिना तो घूमना अधूरा ही है। मैं सबको अपने पुराने घर लेकर गई, जो कि करीब 100 साल पुराना है। छत पर पापड़ सूख रहे थे और अचार रखा हुआ था। घाट पर बोटिंग की, जिसका अपना एक अलग मज़ा है। हमने काल भैरव के भी दर्शन किए। कहते हैं कि अगर काल भैरव के दर्शन नहीं किए तो काशी विश्वनाथ के दर्शन अधूरे माने जाते हैं। ऐसा नहीं है कि मैंने पहले ये सब कुछ अनुभव नहीं किया है लेकिन इतने समय बाद आई थी तो सब काफी अलग लग रहा था। मैंने शिवरात्रि पर मुंबई वाले घर में भी रुद्राभिषेक करवाया था। बनारस की तो बात ही अलग है। वहीं, मेरा पूरा बचपन बीता है। शहर से बहुत सी यादें जुड़ी हैं। दोस्त भी अपने काम में व्यस्त हो गए हैं जैसे मैं अपने घर से दूर रह रही हूं। बनारस की रौनक, फ्लेवर, चाट, कचौड़ी, गलियां इन सबकी बात ही कुछ और है, जो कि आपको मुंबई में नहीं मिलते। हमारे बनारस वाले घर की छत बहुत बड़ी है, जिस पर हम लोग दौड़–दौड़कर खेला करते थे, जबकि यहां तो हम अपार्टमेंट में रहते हैं। जहां घर शुरू होते ही खत्म हो जाता है। मैं खुद को खुशनसीब मानती हूं कि मुझे अनीता भाभी के किरदार के लिए ज्यादा चुनौतियों का सामना नहीं करना पड़ा। कहीं–ना–कहीं मैं जब इस किरदार को देखती थी तो मुझे ऐसा लगता था कि यह मेरे लिए ही बना है। इस वजह से मैं आत्मविश्वास से भरी हुई थी। ऑडिशन देने के बाद मुझे आसानी से यह किरदार मिल गया, जबकि इतने बड़े किरदार के सिलेक्शन की प्रक्रिया काफी अलग होती है। मुझे दर्शकों का भी खूब प्यार मिल रहा है। सोशल मीडिया पर मुझे नकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली। इस वजह से भी खुद को रोल में ढालने में मुझे कोई दिक्कत नहीं हुई।

–विदिशा को यामी समझ बैठते हैं लोग

हां, ये सही है कि मेरी शक्ल एक्ट्रेस यामी गौतम से मिलती–जुलती है। बहुत बार ऐसा हुआ कि लोगों ने मुझे यामी ही समझ लिया। कहा जाता है कि हर इंसान की शक्ल के पूरी दुनिया में सात लोग होते हैं लेकिन सबकी अपनी एक अलग पहचान होती है। वैसा ही हमारे साथ भी है। यामी बहुत प्यारी अदाकारा हैं। वह भी काफी अच्छा काम कर रही हैं। ये महज हमारे लिए इत्तेफाक की बात है कि हम एक जैसे दिखते हैं।

–दिल से आज भी देसी हूं

मैं पहले भी जमीन से जुड़ी हुई थी और आज भी वैसी ही हूं। मैं पक्की बनारसी हूं और मुझे अपनी जड़ें पता हैं। मुंबई जाकर मैंने बतौर कलाकार काफी कुछ सीखा है। आज भी मुझे बनारस जाकर पहले की तरह ही एक अलग तरह की खुशी मिलती है। मुझे आज भी बाटी–चोखा, गांव का अचार बहुत पसंद है। कहीं–न–कहीं मैं आज भी दिल से देसी हूं। भले ही मैं चाहे कितनी भी मॉडर्न अनीता भाभी या विदिशा क्यों ना बन जाऊं।

–अच्छा काम मिलेगा तो ज़रूर करूंगी

विदिशा श्रीवास्तव बताती है कि तमिल, तेलुगू और मलयालम इंडस्ट्री में काम करने के बाद बॉलीवुड फिल्मों में डेब्यू के बारे में ऐक्ट्रेस ने कहा कि अभी तो मेरा सारा ध्यान 'भाबीजी घर पर हैं' पर है। अगर भविष्य में कुछ अच्छा मिलेगा तो ज़रूर मैं वो काम करना चाहूंगी। पसंदीदा जॉनर की बात की जाए तो मुझे ऐतिहासिक किरदार निभाने का शौक है जैसे पद्मावत, जोधा–अकबर टाइप फिल्में मुझे बहुत पसंद हैं। मैं पर्दे पर रानी लक्ष्मी बाई जैसा किरदार निभाना चाहती हूं।

–17–18 देशों की कर चुकी हूं यात्रा

अभिनय के अलावा मुझे घूमने में बहुत मज़ा आता है। मैं पैसे कमाती हूं और ट्रैवल करके उड़ा देती हूं। जब भी मुझे काम के बीच में समय मिलता है तो मैं कहीं घूमने निकल जाती हूं। अब तक मैं 17–18 देशों की यात्रा कर चुकी हूं। खुद को एक्सप्लोर करने में एक अलग खुशी मिलती है। आगे भी इसी तरह घूमना–फिरना जारी रखूंगी। इसके अलावा, मुझे पेंटिंग करना भी बहुत अच्छा लगता है और मुझे डांसिंग का भी काफी शौक है।

यामी की अगली फिल्म चोर निकल के भाग नेटफ्लिक्स पर होगी प्रदर्शित

यामी गौतम बड़े पर्दे से साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी धमाल मचा रही है। यामी गौतम धर इन दिनों अपनी फिल्म लॉस्ट को लेकर काफी चर्चा में बनी हुई हैं। इस फिल्म में उन्होंने एक खोजी पत्रकार की भूमिका निभाई है जो एक लापता दलित युवक की तलाश में लगी है। इसकी तलाश उसे राजनीतिक गलियारों के काले पक्ष से रूबरू कराती है। उनकी ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर 16 फरवरी को रिलीज हो गई है। इस फिल्म में अपने अभिनय के लिए यामी खासी सुर्खियाँ बटोरने में सफल हुई हैं। लॉस्ट के बाद यामी गौतम अपनी अगली फिल्म चोर निकल के भाग को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं। हाल ही में इस फिल्म की प्रदर्शित तिथि की घोषणा की गई है। चोर निकल के भागा में यामी गौतम के साथ सनी कौशल अपने अभिनय का जलवा बिखरते नजर आएंगे। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर प्रदर्शित की जाएगी। हाल ही में नेटफ्लिक्स ने इसकी प्रदर्शन तिथि 24 मार्च घोषित की है। नेटफ्लिक्स की इस फिल्म की घोषणा गत वर्ष की गई थी। अब फिल्म पूरी हो चुकी है और नेटफ्लिक्स इसे प्रदर्शित करने जा रहा है। इस फिल्म की रिलीज डेट को लेकर नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम पेज से एक पोस्ट शेयर की गई है। जो खूब वायरल हो रही है नेटफ्लिक्स ने जो अभी हाल ही में इस फिल्म को लेकर पोस्ट शेयर की है, उनमें सनी कौशल दिखाई दे रहे है। सनी कौशल का ये लुक आते ही सोशल मीडिया पर छा गया है। खबरों के मुताबिक यामी गौतम और सनी कौशल अभिनीत यह फिल्म थ्रिलर है, जो एक डकैती पर आधारित है।

एक्शन अवतार में नजर आएंगी प्रियंका

हिन्दी फिल्मों के साथ–साथ अब पूरी तरह से हॉलीवुड में रम चुकी प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रूसो ब्रदर्स द्वारा निर्देशित वेब सीरीज सिटाडेल से अपना पहला लुक जारी किया था। मुख्य स्टार कास्ट की पहली झलक के साथ प्रशंसकों का मनोरंजन करने के बाद, सिटाडेल के निर्माताओं ने टीजर जारी किया। आगामी एक्शन से भरपूर स्पाई थ्रिलर में प्रियंका चोपड़ा, रिचर्ड मैडेन और स्टेनली टुकी सहित कलाकारों की टुकड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्रियंका चोपड़ा द्वारा रूसो ब्रदर्स निर्देशित श्रृंखला से पहला लुक साझा करने के बाद, निर्माताओं ने 27 फरवरी को पहला टीजर जारी किया। हालांकि, वीडियो को किसी आधिकारिक खाते के बजाय एक फैन पेज द्वारा साझा किया गया था। क्लिप स्टेनली के साथ शुरू होती है, आप जो कुछ भी जानते हैं वह सब झूठ है। आप जो थे वह एक मिथक था। आप जो थे वह किला था। वीडियो में प्रियंका को मुस्कुराते हुए और रिचर्ड को किसी को घूरते हुए देखा जा सकता है। इसके बाद, तेज–तर्रार वीडियो में प्रियंका की कुछ दौड़ती हुई तस्वीरें भी हैं, जो एक कुलीन जासूस, नादिया सिंह की भूमिका निभाती नजर आएंगी। श्रृंखला, जिसमें लेस्ली मैनविल भी हैं, 28 अप्रैल को इसके पहले दो एपिसोड का प्रीमियर होगा। फैन पेज ने यह भी बताया कि सिटाडेल का आधिकारिक ट्रेलर 1 मार्च को जारी किया जाएगा। वेब सीरीज के टीजर में प्रियंका चोपड़ा और रिचर्ड मैडेन के एक्शन की झलक दिखाई दे रही है। आगामी 28 अप्रैल 2023 को इस वेब सीरीज के पहले दो एपिसोड का प्रीमियर होगा। वहीं इसका ट्रेलर कल यानी 1 मार्च 2023 को रिलीज किया जाएगा। हाल ही में प्रियंका चोपड़ा ने वेब सीरीज सिटाडेल से अपना फर्स्ट लुक शेयर किया था। उन्होंने इस तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा था– फर्स्ट लुक। इस पर साउथ की फेमस एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु, बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव सहित कई सेलेब्स ने उन्हें जमकर बधाई दी थी।

देबीना बनर्जी की तबीयत बिगड़ी

मशहूर टीवी एक्ट्रेस देबीना बनर्जी इन्फ्लुएंजा बी वायरस की चपेट में आ गई हैं। एक्ट्रेस के प्रवक्ता की तरफ से यह जानकारी दी गई है। टीवी जगत की चर्चित अदाकारा देबीना बनर्जी को लेकर एक चिंताजनक खबर सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्ट्रेस की तबीयत खराब है, वह इन्फ्लुएंजा बी वायरस से संक्रमित हो गई हैं। बता दें कि अभिनेत्री की सेहत से जुड़ी यह जानकारी उनके प्रवक्ता की तरफ से दी गई है। फिलहाल अभिनेत्री अपने परिवार से दूर हैं। बता दें कि देबीना हाल ही में अपने परिवार के साथ श्रीलंका गई थीं। वहां से लौटने के कुछ दिनों बाद से उनकी तबीयत खराब है। जांच कराए जाने के बाद मालूम हुआ कि वह इन्फ्लुएंजा बी वायरस से संक्रमित हैं। हालांकि, देबीना के पति एक्टर गुरमीत चौधरी और उनकी दोनों बेटियां लियाना व दिविशा को संक्रमण नहीं हुआ है। सामने आ रही जानकारी के मुताबिक एक्ट्रेस भी अपने रिकवरी स्टेज पर हैं। देबीना के स्पोकपर्सन ने एक बयान जारी कर बताया है, देबीना की तबीयत में सुधार हो रहा है। वह काफी सावधानी बरत रही हैं और खानपान का भी ध्यान रख रही हैं। वह अपने बच्चों से दूर रहकर उनकी देखभाल कर रही हैं और जल्द ही ठीक होकर फिर से लौटेंगी। देबीना ने भी अपनी इंस्टा स्टोरी पर इसकी जानकारी दी है।

मैं सिंगल हूं, प्यार के लिए अभी वक्त नहीं : कार्तिक

कार्तिक आर्यन ने हाल ही बातचीत में न सिर्फ अपनी आने वाली फिल्मों के बारे में बात की, बल्कि करियर के स्ट्रगल पर भी एक अहम चीज बोली। साथ ही कार्तिक ने अपना रिलेशनशिप स्टेटस बताने के साथ ही यह भी रिवील किया कि किसी लड़की में उन्हें क्या चीज अट्रैक्ट करती है। एक्टर कार्तिक आर्यन इस समय अपनी फिल्म शहजादा को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म थिएटर्स में रिलीज हो चुकी है, जिसे ठीक–ठाक रिस्पॉन्स मिल रहा है। कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्मों का लाइनअप काफी दिलचस्प है। एक तरफ उनके पास कबीर खान जैसे डायरेक्टर की फिल्म है, तो वहीं दूसरी ओर अनुराग बसु की भी एक फिल्म शामिल है। कार्तिक आर्यन ने हाल ही बातचीत में न सिर्फ अपकमिंग प्रोजेक्ट्स पर बात की, बल्कि यह भी दावा किया कि वह सिंगल हैं।

पाकिस्तान की कंगाली का वाघा बार्डर पर दिखा असर, लोग नहीं पहुंच रहे

इस्लामाबाद । पाकिस्तान की कंगाली का असर वाघा बार्डर पर भी दिखने लगा है। वाघा-अटारी बार्डर पर भारत के बीएसएफ की देखा देखी पाकिस्तानी रेंजर्स ने भी परेड की शुरुआत की थी। लेकिन, अब लोगों की कम मौजूदगी से पाकिस्तानी रेंजर्स के हौसले टूटने लगे हैं। पाकिस्तानी नागरिक देश में बढ़ती महंगाई और सुरक्षा चिंताओं से डरे हुए हैं। इसके बाद उनकी रुचि पाकिस्तानी सेना के शौर्य प्रदर्शन में कम और पैसे कमाने में ज्यादा है। पाकिस्तानी विश्लेषकों का मानना है, कि इसके पीछे देश में बढ़ती महंगाई मुख्य कारण है। वे यह भी मानते हैं, कि युवा पीढ़ी अब आक्रामक परेड में रुचि नहीं रखती है। वाघा-अटारी बॉर्डर भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित हैं। इस सेरेमनी को देखने के लिए दोनों देशों ने सीमा से सटे हुए इलाके में भव्य पेवेलियन का भी निर्माण किया है। हर दिन दोनों ही देशों के हजारों लोग इस फ्लैग होस्टिंग सेरेमनी को देखते आते हैं। पाकिस्तान के बनाए स्टेडियम में 10000 दर्शकों के बैठने की क्षमता है। हालांकि, हाल के दिनों में सिर्फ 1500 से 2000 लोग ही पहुंच रहे हैं। सिर्फ रविवार को ही इनकी संख्या 3000 के करीब पहुंचती है। कामकाजी दिनों में दर्शकों की कम संख्या का असर पाकिस्तानी रेंजर्स के मनोबल पर पड़ रहा है। भारतीय दर्शकों के प्रचंड शोर के सामने पाकिस्तानी दर्शकों की आवाज दब जाती है। भारत की तरफ बने स्टेडियम में 25000 दर्शकों के बैठने की क्षमता है। भारत की तरफ अटारी में हर दिन हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं और बीएसएफ का हौसला बढ़ाते हैं। पाकिस्तानी दर्शकों का भी मानना है कि खाली स्टेडियम से उनके उत्साह पर असर पड़ता है।

कैलाशा प्रतिनिधि विजयप्रिया ने अपने बयान पर दी सफाई

जिनेवा । कैलाशा प्रतिनिधि विजयप्रिया ने हाल ही में एक बयान दिया था कि भारत में हिंदू विरोधी तत्वों द्वारा नित्यानंद सताए गए थे लेकिन अब उन्होंने अपनी सफाई दी हैं। विजयप्रिया नित्यानंद ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में उनके बयान की गलत व्याख्या की जा रही है, मीडिया के कुछ हिंदू विरोधी वर्गों द्वारा जानबूझकर हेरफेर और विकृत किया जा रहा है। विजयप्रिया ने कहा कि भगौड़े बलात्कार के आरोपी नित्यानंद को हिंदू धर्म की प्राचीन परंपराओं को पुनर्जीवित करने के लिए सताया जा रहा था, इसके कुछ दिनों बाद उन्होंने एक स्पष्टीकरण जारी किया और हिंदू विरोधी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर समिति द्वारा आयोजित चर्चा के दौरान, विजयप्रिया ने 24 फरवरी को संयुक्त राज्य कैलाश के स्थायी राजदूत के रूप में कहा कि नित्यानंद को सताया जा रहा है और यहां तक कि उनके जन्म के देश से प्रतिबंधित कर दिया गया है। अपने स्पष्टीकरण में, विजयप्रिया ने कहा, मैं स्पष्ट करना चाहूंगी कि मैंने कहा था कि एसपीएच भगवान नित्यानंद परमशिवम को उनके जन्मस्थान में कुछ हिंदू-विरोधी तत्वों द्वारा सताया जाता है। संयुक्त राज्य कैलासा भारत को उच्च सम्मान देता है और भारत को अपने गुरुपीडम के रूप में सम्मान देता है। उन्होंने कहा, हमारी चिंता केवल उन हिंदू-विरोधी तत्वों के प्रति है। हम भारत सरकार से इसतरह के तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं, जो हिंदू धर्म और कैलाश के सर्वोच्च पुजारी के खिलाफ हिंसा भड़काना जारी रखते हैं। नित्यानंद का कैलाश कहां है, यह किसी को नहीं पता। ऐसा कहा जाता है कि भगौड़े पादरी ने दक्षिण अमेरिका में इक्वाडोर के पास एक द्वीप खरीदा था। कैलाश देश के ज्यादा दृश्य सामने नहीं आए हैं। लेकिन कैलाश की आभासी उपस्थिति है। नित्यानंद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मौजूद है और कैलाश सरकार की एक वेबसाइट है।

चीन ने भारत से तीन गुना बढ़ाया अपना रक्षा बजट

बीजिंग । चीन ने अपना रक्षा बजट 7.2 प्रतिशत तक बढ़ाकर 1,550 अरब युआन कर दिया हैं। जो पिछले साल से अधिक है। यह ड्रैगन के सैन्य बजट में लगातार आठवीं वृद्धि है। चीन ने पिछले साल 7.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,450 अरब युआन का बजट पेश किया था। इस साल रक्षा खर्च बढ़कर 1,550 अरब युआन हो गया है। हालांकि, युआन के मुकाबले डॉलर की मजबूती को देखकर इस साल चीन का रक्षा खर्च करीब 224 अरब डॉलर हो गया है, जो पिछले साल के 230 अरब डॉलर के मुकाबले कम है। नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) के उद्घाटन सत्र में पेश की कार्य रिपोर्ट में निवर्तमान प्रधानमंत्री ली केकियांग ने सशस्त्र बलों से लड़ाकू तैयारियां बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चीन के सशस्त्र बलों को सैन्य अभियान के लिए काम करना चाहिए, लड़ाकू तैयारियां और सैन्य क्षमताएं बढ़ानी चाहिए ताकि सीपीसी (चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी) द्वारा उन्हें सौंपा काम पूरा हो सके। ली ने कहा कि सशस्त्र बलों को सैन्य प्रशिक्षण तेज करना चाहिए, नया सैन्य सामरिक मार्गदर्शन बनाना चाहिए तथा सभी दिशाओं में सैन्य काम को मजबूत करने के अच्छी तरह से समन्वित प्रयास करने चाहिए। अपने रक्षा बजट पर सबसे अधिक खर्च करने वाले देशों में अमेरिका के बाद चीन का नाम आता है। अमेरिका ने 2023 के लिए 816 अरब डॉलर का रक्षा बजट पेश किया है। भारत के लिहाज से चीन का रक्षा बजट तीन गुना अधिक है। भारत ने 2023-24 के लिए 72.6 अरब डॉलर का बजट पेश किया है। बढ़ते रक्षा बजट और 20 लाख सैनिकों वाली पीपुल्स लिबरेशन आर्मी दुनिया की सबसे बड़ी सेना है और वह अपनी सेना, नौसेना तथा वायु सेना के आधुनिकीकरण पर सबसे अधिक खर्च करने के साथ तेजी से शक्तिशाली बन रही है। चीनी सेना का नेतृत्व राष्ट्रपति शी चिनफिंग करते हैं, जो शक्तिशाली केंद्रीय सैन्य आयोग के अध्यक्ष हैं। उनके नेतृत्व में चीनी सेना ने अगले कुछ वर्षों में अमेरिकी सशस्त्र बलों के बराबर आधुनिक होने का लक्ष्य तय किया है। एनपीसी के सत्र के मद्देनजर उसके प्रवक्ता वांग चाओ ने चीन के रक्षा बजट में वृद्धि का बचाव करते हुए कहा कि सकल घरेलू उत्पाद के हिस्से के तौर पर देश का रक्षा खर्च वैश्विक औसत के मुकाबले कम है। उन्होंने कहा कि चीन के सैन्य आधुनिकीकरण से किसी देश को कोई खतरा नहीं होगा बल्कि यह क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक शांति की रक्षा के लिए सकारात्मक शक्ति होगी।

राष्ट्रीय कर्ज बढ़ने को लेकर हेली ने पूर्व राष्ट्रपति बुश और ट्रंप की आलोचना की

-बाइडेन को भी कर्ज बढ़ने के लिए जिम्मेदार बताया

वाशिंगटन । रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने की दावेदार निक्की हेली ने अत्यधिक खर्च करने और अमेरिका का राष्ट्रीय कर्ज 10 हजार अरब डॉलर और बढ़ाने के लिए अपनी पार्टी के दो पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश और डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना की। साथ ही उन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडन के रिकॉर्ड तोड़ खर्च की भी आलोचना कर दावा किया कि आने वाले 10 वर्ष में राष्ट्रीय कर्ज में 20 हजार अरब डॉलर और वृद्धि होगी। हेली ने कहा कि जब वह 2010 में नॉर्थ कैरोलाइना की गवर्नर बनी थी, तब राष्ट्रीय कर्ज 13 हजार अरब डॉलर था। उन्होंने कहा, ''तेरह साल बाद हमारे देश पर 31 हजार अरब डॉलर से अधिक का कर्ज है, और बाइडन के कारण हम अगले 10 साल में राष्ट्रीय कर्ज में 20 हजार अरब डॉलर और जोड़ने वाले हैं। हेली ने 14 फरवरी को व्हाइट हाउस की दौड़ में शामिल होने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि एक मजबूत अर्थव्यवस्था राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा, ''अगर हम अपनी मुद्रा का अवमूल्यन जारी रखते हैं, तब हम दुनिया में अपना स्थान खो देने वाले हैं। अमेरिकी नागरिकों की रक्षा करने तथा शांति बनाए रखने का इकलौता रास्ता आर्थिक आजादी है।

ढाका में ऑक्सीजन संयंत्र में हुए विस्फोट में करीब छह लोगों की मौत

ढाका ।बांग्लादेश में चटगांव के कदम रसूल (केशबपुर) इलाके में एक ऑक्सीजन संयंत्र में हुए विस्फोट में करीब छह लोगों की मौत हुई और 30 से अधिक घायल हो गए। सीताकुंडा थाने के प्रभारी अधिकारी ने मरने वालों की संख्या और घायलों की संख्या की पुष्टि की। मृतकों में से पांच की पहचान शम्सुल आलम, फरीद, रतन लखरेट, मोहम्मद शाहिद और मोहम्मद कादर के रूप में हुई है। अन्य मृतकों की पहचान की पुष्टि अभी नहीं हुई है। छह मृतकों में घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर कदमरसुल बाजार में धातु की वस्तु गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि शिमा ऑक्सीजन प्लांट की तरफ से कोई कानूनी कागज नहीं दिखाया गया। इससे पहले, चटोग्राम के पुलिस अधीक्षक एस.एम. शफीउल्लाह ने कहा कि पुलिस ने ऑक्सीजन संयंत्र को घेर लिया है। शनिवार दोपहर ढाका-चटोग्राम राजमार्ग के बगल में कदामरूसुल इलाके में शीमा ऑटोमैटिक री-रोलिंग मिल्स लिमिटेड के ऑक्सीजन प्लांट में धमाका हुआ। 4 जून, 2022 को चटोग्राम के सीताकुंडा उपजिला में बीएम कंटेनर डिपो में आग लगी थी और विस्फोट में 51 लोगों की जान चली गई थी, जबकि 200 से अधिक घायल हो गए और भारी मात्रा में आयात और निर्यात कंटेनर क्षतिग्रस्त हो गए।

तेल अवीवी में बेंजामिन नेतनयाहू सरकार के न्यायिक सुधारों का विरोध करने के लिए सड़कों पर उमड़े लोग।

अंतरिक्ष में दिखा शनि व वृहस्पति ग्रह के बीच एक नया धूमकेतु

-80 व 660 वर्षों में एक बार करता है सूर्य की परिक्रमा

वॉशिंगटन । अंतरिक्ष में शनि व वृहस्पति ग्रह के बीच एक नया धूमकेतु दिखाई दिया। यह धूमकेतु आसमान में साल 2024 में किसी तारे की तरह दिखाई दे सकता है। माइनर प्लेनेट सेंटर के मुताबिक इस धूमकेतु का नाम सी/2023 ए3 है। इसे पहली बार 22 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका में एस्टेरॉयड टेरेस्ट्रियल-इम्पैक्ट लास्ट अलर्ट सिस्टम टेलीस्कोप ने देखा था। चीन के पर्पल माउंटेन ऑब्जर्वेटरी के खगोलविदों ने 9 जनवरी को इस धूमकेतु की स्वतंत्र रूप से खोज की थी। जानकारी के मुताबिक अभी ये धूमकेतु शनि और बृहस्पति ग्रह के बीच है। यह धूमकेतु 2 लाख 90 हजार 664 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हमारे सौरमंडल में यात्रा कर रहा है। 13 अक्टूबर 2024 को इसके पृथ्वी के करीब से गुजरने की संभावना है। खगोलविदों का अनुमान है कि धूमकेतु हर 80, 660 वर्षों में सूर्य की एक बार परिक्रमा करता है। मीडिया के अनुसार 28 सितंबर 2024 को यह सूर्य के सबसे करीब पहुंचेगा। हालांकि ये तभी संभव है जब धूमकेतु एक ही पीस में हो। धूमकेतु बर्फ और धूल की बनी चट्टान होती हैं और सूर्य के करीब से गुजरने के दौरान टूटने लगती हैं। अगर धूमकेतु सिंगल पीस में बचा रह जाता है तो पृथ्वी और सूर्य के बीच से गुजरने के दौरान यह जून 2024 में शौकिया दूरबीन से दिखाई दे सकता है। हालांकि पूर्वी क्षितिज पर होने के कारण दुनिया के कई हिस्सों में लोग इसे नहीं देख सकेंगे।

हमारे लोकतांत्रिक ढांचों पर 'बर्बर प्रहार' हो रहा है : राहुल गांधी

लंदन (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भारतीय लोकतांत्रिक ढांचों पर 'बर्बर हमले' हो रहे हैं और देश के लिए एक वैकल्पिक नजरिये के इर्दगिर्द एकजुट होने के लिए विपक्षी दलों में बातचीत चल रही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि बीबीसी के खिलाफ हालिया कर सर्वेक्षण कार्रवाई 'देश भर में आवाज के दमन' का एक उदाहरण था। उन्होंने कहा कि यह वजह है कि देश को खामोश करने के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रयासों के खिलाफ आवाज उठाने की अभिव्यक्ति के तौर पर उन्होंने 'भारत जोड़ो यात्रा' की।

यहां इंडियन जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (आईजेए) द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'इंडिया इनसाइट्स' में गांधी ने संवाददाताओं को बताया, ÷यात्रा इसलिए जरूरी हो गई क्योंकि हमारे लोकतांत्रिक ढांचे पर बर्बर हमले हो रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'मीडिया, संस्थागत ढांचे, न्यायपालिका, संसद सभी पर हमले हो रहे हैं और हमें सामान्य माध्यम से लोगों के मुद्दे रखने में बहुत मुश्किल हो रही थी।÷

उन्होंने कहा, 'बीबीसी को इस बारे में अभी पता चला है, लेकिन भारत में यह सिलसिला पिछले नौ साल से लगातार चल रहा है। सभी जानते हैं कि पत्रकारों को डराया-धमकाया जाता है, उन पर हमले किए जाते हैं और धमकाया जाता है। सरकार की पैरवी करने वाले पत्रकारों को पुरस्कृत किया जाता है। तो, यह एक पैटर्न का हिस्सा है और मैं कुछ अलग होने की उम्मीद नहीं करूंगा। अगर बीबीसी सरकार के खिलाफ लिखना बंद कर दे तो सब कुछ सामान्य हो जाएगा। सारे मामले गायब हो जाएंगे।'

गांधी ने खेद व्यक्त किया कि अमेरिका और यूरोप सहित दुनिया के लोकतांत्रिक हिस्से यह संज्ञान लेने में विफल रहे हैं कि 'लोकतंत्र का एक बड़ा हिस्सा नष्ट कर दिया गया है'। उन्होंने कहा, 'भाजपा चाहती है कि भारत खामोश रहे। वे चाहते हैं कि यह शांत हो... क्योंकि वे चाहते हैं कि जो भारत का है उसे ले सकें और अपने करीबी दोस्तों को दे सकें। यही विचार है, लोगों का ध्यान भटकाना और फिर भारत की संपत्ति को तीन, चार, पांच लोगों को सौंप देना।

यूएस प्रेसिडेंट बना तो शिक्षा विभाग व एफबीआई समेत 10 एजेंसियों को कर देंगे खत्म : उद्यमी विवेक रामास्वामी

वाशिंगटन (एजेंसी) अमेरिका के मशहूर उद्यमी विवेक रामास्वामी ने पिछले सप्ताह ही अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव-2024 में लड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने एक संबोधन में कई बड़ी और साहसिक घोषणाएं कीं। रामास्वामी ने कहा कि अगर वो अमेरिका के प्रेसिडेंट बनते हैं तो उन सभी अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिबंध लगा देंगे, जो चीन के साथ व्यापार कर रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी प्राथमिकताओं में शिक्षा विभाग और एफबीआई समेत 10 एजेंसियां हैं, जिन्हें वे खत्म कर देंगे। रामास्वामी ने ऐसा प्रस्ताव क्यों दिया है, जिसकी अमेरिका में खूब चर्चा हो रही है।

शनिवार को एक संबोधन में भारतीय मूल के अमेरिकी बिजनेसमैन विवेक रामास्वामी ने कहा कि मुझे लगता है कि ईमानदार होना महत्वपूर्ण है। अगर हम चीन से स्वतंत्रता की घोषणा करना चाहते हैं, तो इसका मतलब है कि हमें सीसीपी (चीनी कम्युनिस्ट पार्टी) के गिरने तक या सीसीपी तक चीन में व्यापार करने से अधिकांश अमेरिकी व्यवसायों पर प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार रहना होगा। इसके अलावा रामास्वामी ने एफबीआई के साथ 10 एजेंसियों और शिक्षा विभाग को खत्म करने का भी प्रस्ताव दिया है। रामास्वामी के इस प्रस्ताव पर अमेरिका में खूब चर्चा हो रही है।

रामास्वामी ने अपने संबोधन में कहा कि मैं पहले ही पिछले हफ्ते कह चुका हूं। पहली एजेंसी जिसे हम बंद करेंगे वह अमेरिकी शिक्षा विभाग है। इसके अस्तित्व को बचाने का कोई कारण नहीं है। न ही कभी यह अस्तित्व में नहीं होना चाहिए था। ऐसा इसलिए क्योंकि अमेरिका के लोगों का अपना कोई अस्तित्व नहीं है। आज अमेरिकी अपनी पहचान खो रहा है। हमें ऐसे शिक्षा विभाग की जरूरत नहीं है, जो हमारे लोगों की जिंदगी न सुधार सके।

रामास्वामी ने आगे कहा कि मैं दूसरी सरकारी एजेंसी एफबीआई की घोषणा करने के लिए भी तैयार हूं जिसे मैं इस देश में बंद कर दूंगा। हमें इसे कम से कम 60 साल पहले करना चाहिए था। इसने रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स को समान रूप से आहत किया है। हम इसे अंत में पूरा करने जा रहे हैं। यह अमेरिका में एफबीआई को बंद करने और इसकी जगह लेने के लिए कुछ नया बनाने का समय है, क्योंकि हम जे एडगर हूवर की विरासत के साथ काम कर रहे हैं, ताकि इसे फिर से एक स्वशासी राष्ट्र बनाया जा सके।

प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के खिलाफ रिट याचिका पंजीकृत की जाए: सुप्रीम कोर्ट

– मैं 5 हजार हत्याओं की जिम्मेदारी लेने को तैयार : प्रचंड

काठमांडू (एजेंसी)। नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने दशक भर लंबे विद्रोह के दौरान पांच हजार लोगों की मौत की जिम्मेदारी लेने वाले प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के खिलाफ एक रिट याचिका पंजीकृत करने का आदेश दिया है। उच्चतम न्यायालय प्रशासन द्वारा दो वकीलों की ओर से दायर याचिकाओं को खारिज करने के फैसले के खिलाफ अपील पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति ईश्वर प्रसाद खतिवडा और हरि प्रसाद फुयाल की पीठ ने शुक्रवार को अदालत के प्रशासन को याचिका पंजीकृत करने का आदेश दिया। संघर्ष के पीड़ित वकील ज्ञानेंद्र आराण और कल्याण बुधाठोकी ने अलग-अलग याचिकाएं दायर की थीं लेकिन अदालत के प्रशासन ने पिछले साल 10 नवंबर को उन्हें पंजीकृत करने से मना कर दिया था। विद्रोह 13 फरवरी 1996 में शुरू हुआ था और 21 नवंबर 2006 को सरकार के साथ व्यापक शांति समझौता होने के बाद आधिकारिक तौर पर खत्म हो गया था। पंद्रह जनवरी 2020 को काठमांडू में एक कार्यक्रम में प्रचंड ने कहा था कि मुझ पर 17 हजार लोगों की हत्या का आरोप लगाया जाता है जो सच नहीं है। हालांकि, मैं संघर्ष के दौरान 5 हजार लोगों की हत्या की जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं। प्रचंड ने कहा था कि शेष 12 हजार हत्याओं की जिम्मेदारी सामंती सरकार ले। पीड़ितों ने मांग की है कि अदालत प्रचंड के खिलाफ उन हत्याओं के लिए जरूरी कानूनी कार्रवाई करे, जो उन्होंने खुद स्वीकार की हैं। नेपाल में राजशाही के दौरान माओवादी विद्रोह में हजारों लोगों की जान गई थी। तब माओवादी सशस्त्र संघर्ष के जरिए नेपाल की सत्ता पर काबिज होना चाहते थे। इस धड़े का नेतृत्व प्रचंड के ही हाथ में था। प्रचंड के इशारे पर लोगों की हत्याएं की गईं। कई सरकारी अधिकारियों पर हमले हुए थे और संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचाया गया था। राजशाही के खत्म होने के बाद प्रचंड ने अपने लड़ाकों को नेपाली सेना में शामिल कराने की मांग भी की थी।

मुकदमा चला तो भी प्रचार अभियान से पीछे नहीं हटूंगा : ट्रंप



ऑक्सन हिल (एजेंसी)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि यदि उनके खिलाफ मुकदमा चलता है तो भी राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने के लिए उनका प्रचार अभियान जारी रहेगा। ट्रंप ने वार्षिक 'कंजरवेटिव पॉलिटिकल एक्शन कांफ्रेंस' में अपने संबोधन से पहले पत्रकारों से कहा, 'बिल्कुल, मैं पीछे हटने के बारे में सोच भी नहीं सकता।' ट्रंप के खिलाफ 2020 में हुए राष्ट्रपति चुनाव के परिणाम में हेरफेर के प्रयास को लेकर जांच की जा रही है।

इसके अलावा वह गोपनीय दस्तावेजों को अपने पास रखने व अन्य मामलों को लेकर भी जांच का सामना कर रहे हैं। ट्रंप ने शनिवार रात अपने भाषण में समर्थकों से कहा कि वह दोबारा राष्ट्रपति बनने के लिए 'अंतिम लड़ाई' में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा, 'हमने जो शुरू किया था, उसे खत्म करने जा रहे हैं। हम मिशन पूरा करने जा रहे हैं। हम इस लड़ाई का अंत जीत के साथ देखने जा रहे हैं।

ब्रेन वॉश करके तिब्बतियों की भाषा, संस्कृति व पहचान को नष्ट कर रहा चीन

– तिब्बतियों पर चीन की नई साजिश का खुलासा

ल्हासा (एजेंसी)। तिब्बत में चीन की नई साजिश का खुलासा हुआ है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार की रिपोर्ट है कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) तिब्बतियों पर नया हमला कर रहा है। मिडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जेनेवा में संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में उन दस लाख तिब्बती बच्चों के बारे में बात की गई, जिन्हें चीनी अधिकारियों ने उनके परिवारों से अलग कर दिया। अब वे चीनी सरकार द्वारा संचालित बोर्डिंग स्कूलों में रखे गए हैं, जहां ब्रेन वॉश करके तिब्बतियों की भाषा, संस्कृति और पहचान को नष्ट किया जा रहा है। रिपोर्ट में विशेषज्ञ कहते हैं कि तिब्बती शैक्षिक धार्मिक और भाषाई संस्थानों के खिलाफ दमनकारी कार्रवाइयों की एक श्रृंखला के माध्यम से तिब्बती पहचान को जबरन खत्म करने की कोशिश से हम चिंतित हैं।

तिब्बत में चीनी सरकार आवासीय स्कूली शिक्षा प्रणाली का उपयोग तिब्बती लोगों को सांस्कृतिक, धार्मिक और भाषाई रूप से आत्मसात करने के लिए कर रहा है। विशेषज्ञों ने एक बयान में कहा कि हम इस बात से बहुत परेशान हैं कि हाल के वर्षों में तिब्बती बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय प्रणाली तिब्बतियों को बहुसंख्यक हान संस्कृति में आत्मसात करने के उद्देश्य से एक अनिवार्य बड़े पैमाने के कार्यक्रम के रूप में कार्य करती दिख रही है।

इन आवासीय विद्यालयों में शैक्षिक सामग्री और पर्यावरण बहुसंख्यक हान संस्कृति के इर्द-गिर्द निर्मित हैं। पाठ्यपुस्तकों में लगभग पूरी तरह से उन अनुभवों को दर्शाया गया है, जिनका हान छात्र अपने जीवन के दौरान सामना करते हैं। तिब्बती बच्चों को प्रासंगिक तिब्बती परंपराओं और संस्कृति को सीखने तक पहुंच के बिना मंदारिन चीनी (पुटोंगहुआ, मानक चीनी) में अनिवार्य शिक्षा पाठ्यक्रम पूरा करने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

ये स्कूल तिब्बतियों की भाषा, इतिहास और संस्कृति में कई अध्ययन प्रदान नहीं करते हैं। परिणामस्वरूप तिब्बती बच्चे अपनी भाषा में प्रवाह खो रहे हैं और तिब्बती भाषा में अपने माता-पिता और दादा-दादी के साथ आसानी से संवाद करने की क्षमता खो रहे हैं, जिससे हान चीनी पहचान के साथ उनका समावेश हो रहा है और उनकी अपनी पहचान खत्म हो रही है। विशेषज्ञों की रिपोर्ट बताती है कि तिब्बत में इन आवासीय विद्यालयों का प्रचार तिब्बती पहचान और संस्कृति को नष्ट करने की एक चीनी साजिश का हिस्सा है। ऐसे आवासीय विद्यालय तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के भीतर काफी संख्या में स्थापित किये जा चुके हैं, जिनमें बड़ी संख्या में तिब्बती बच्चे पढ़ते हैं।

तोशखाना मामले के कारण इमरान खान पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के सिर पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। इस्लामाबाद पुलिस इमरान खान के लाहौर स्थित घर तोशाखाना मामले में उन्हें गिरफ्तार करने पहुंची थी। इस्लामाबाद पुलिस के पास इमरान खान की गिरफ्तारी का वारंट है मगर पुलिस के मुताबिक इमरान खान उन्हें घर पर नहीं मिले जिसके बाद पुलिस वापस लौट आई है।

बता दें कि इमरान खान को तोशखाना मामले का कारण काफी परेशानियां झेलनी पड़ी है। इसी मामे के कारण उनकी संसद की सदस्यता गई थी, जबकि इससे पहले उनकी सरकार भी गिरी थी। इस मामले में चुनाव आयोग ने इमरान खान की दलीलों को कमजोर मानते हुए उनकी सदस्यता भी रद्द की थी। दरअसल तोशखाना मामला एक कैबिनेट का विभाग है। इसमें अन्य देशों की सरकार, राष्ट्र प्रमुख, विदेशी मेहमानों द्वारा दिए गए उपहारों को रखा जाता है। पाकिस्तान के नियमों के अनुसार प्रधानमंत्री रहते हुए अन्य देशों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिले तोहफों को तोशखाना में रखने का नियम है।

बता दें कि इमरान खान ने पाकिस्तान की सत्ता वर्ष 2018 में संभाली थी, इसके बाद उन्होंने अरब देशों, यूरोपीय देशों की यात्राएं की थी। इन यात्राओं के दौरान इमरान खान को अरब के शासकों और यूरोपीय देशों के प्रमुखों से कई तरह के महंगे तोहफे मिले। इन तोहफों को इमरान खान ने तोशखाना में जमा करवाया। हालांकि इमरान खान पर आरोप है कि बाद में उन्होंने तोशखाना में इन तोहफों को सस्ते दामों पर खरीदा और बाहर इन तोहफों को महंगी कीमत पर बेच दिया। इन तोहफो को बेचने के लिए इमरान खान को उनकी सरकार ने ही कानूनी अनुमति दी थी।

जानकारी के मुताबिक इमरान खान ने चुनाव आयोग को तोशकाना के संबंध में जानकारी दी थी कि इन तोहफों को उन्होंने 2.15 करोड़ रुपये की राशि देकर खरीदा था और इन तोहफों को बेचने के बाद उन्हें 5.8 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। जानकारी के अनुसार जिन तोहफों को इमरान खान ने बेचा उसमें घड़ी, कफलिंक का जोड़ा, महंगा पेन, अंगूठी आदि शामिल है।

आंकड़ों के मुताबिक इमरान खान के तीन साल तक प्रधानमंत्री रहने के दौरान उन्हें 14 करोड़ रुपये की लागत के 58 गिफ्ट मिले थे। इन तोहफों को तोशखाना में जमा करवाया गया है। हालांकि ये भी कहा गया कि इमरान खान ने इन तोहफों की जानकारी इनकम टैक्स में नहीं दी है।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*), फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)